वर्ष 19 | अंक 104 | पृष्ठ 12
देवघर
बुधवार, 16 अक्टूबर 2024
मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ

www.shwetpatra.co.in | देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित | E-mail : shwetpatra10@gmail.com




पेज 12 : भारत वीमेंस टी 20 से...

# भारत ने अमेरिका के साथ की 31 प्रीडेटर ड्रोन की डील



**32 हजार करोड़ की डील फाइनल, तीनों सेनाओं को मिलेंगे; देश में ही बनेगी मेंटेनेंस फैसिलिटी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के दुश्मनों की नींद उड़ी हुई है। भारत ने अमेरिका के साथ एक ऐसी डील की है, जिससे चीन और पाकिस्तान की भी टेंशन बढ़ गई है। भारत ने अमेरिका के साथ 34 हजार करोड़ रुपये की प्रीडेटर ड्रोन्स की डील की है। अमेरिका भारत को 31- एमक्यू प्रीडेटर ड्रोन्स सप्लाई करेगा। इस डील की कुल कीमत 34,500 करोड़ रुपये है। तीनों सेनाओं को अलग-अलग संख्या में ड्रोन्स मिलेगी। वहीं इस डील की सबसे अहम बात यह है कि भारत में ड्रोन्स के मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरऑल के लिए भी फैसिलिटी बनाई जाएगी।

इसी साल के जून महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरे पर गए थे। इस दौरान ही उन्होंने अमेरिका को 31 हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंडोरेंस ड्रोन्स का प्रस्ताव दिया था। एमक्यू 9 बी हंटर किलर ड्रोन अधिक ऊंचाई पर उड़ सकता है और इसे रीपर भी बुलाते हैं। अमेरिका से जो ड्रोन भारत को मिलेंगे, उन्हें तीनों सेनाओं में बांटा जाएगा।


इन ड्रोन्स को विशेष तौर पर चार जगह पर तैनात किया जाएगा। चेन्नई में आईएनएस राजाली और गुजरात के पोरबंदर में इसका संचालन भारतीय नौसेना करेगी। तो वहीं गोरखपुर और सरसावा एयर फोर्स बेस पर वायु सेना और आर्मी इसका संचालन करेगी। गोरखपुर और सरसावा बेस पर इसलिए ड्रोन को तैनात किया जाएगा, ताकि चीन के लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल की निगरानी रखनी आसान हो जाए। इसके अलावा लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में भी इसके जरिए निगरानी रखा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सलमान की वाय+सुरक्षा में बढ़ाया गया एक और घेरा

**होगी नाकाबंदी**

**मुंबई (एजेंसी)।** अपने करीबी दोस्त और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद जहां सलमान खान गहरे सदमे में हैं, वहीं एक्टर की सुरक्षा में एक और घेरा बढ़ा दिया गया है। इसी साल अप्रैल महीने में सलमान खान के घर पर हुई गोलीबारी के बाद




उन्हें वाय सिक्योरिटी दी गई थी। जबकि अब बाबा सिद्दीकी की हत्या और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से खतरे के कारण एक्टर की वाय-प्लस सुरक्षा में एक और घेरा बढ़ा दिया गया है। मुंबई पुलिस अब अपनी निगरानी और कड़ी कर दी है। सलमान खान को अप्रैल महीने में ही वाई-प्लस सुरक्षा दी गई थी। इसमें एक्टर की गाड़ी के साथ-साथ पुलिस एस्कॉर्ट गाड़ी भी चलती है।

**रेप मर्डर मामला**

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-टास्क फोर्स ने अब तक क्या किया

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने रेप-मर्डर केस और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में सीबीआई को 3 हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने बंगाल सरकार से पूछा कि टास्क फोर्स ने इस मामले में अब तक क्या किया। इस पर सरकार ने जवाब दिया कि टास्क फोर्स को 7800 अस्पतालों ने जानकारी दी है। इसके आधार पर वो सुझाव देना चाहती है। कोर्ट ने राज्य के अस्पतालों में सिविक वॉलंटियर्स की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। दरअसल, आरोपी संजय रॉय कोलकाता पुलिस के साथ वॉलंटियर के तौर पर जुड़ा था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मामले की आगे की सुनवाई दीवाली की छुट्टियों के बाद के लिए टाल दी है। वहीं, घटना के विरोध में 5 अक्टूबर से जारी डॉक्टरों के आमरण अनशन का आज 10वां दिन है।



### फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र और ईसी को नोटिस

**याचिकाकर्ता की मांग-**

**मुफ्त की योजनाओं के वादे को रिश्वत घोषित करें**

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजनीतिक दलों के द्वारा चुनाव से पहले मुफ्त की योजनाओं के वादों पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सीजेआई डीवाई चंद्रचुड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच



ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। कर्नाटक के शशांक जे श्रीधर ने याचिका में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किए गए मुफ्त योजनाओं के वादे को रिश्वत घोषित करने की मांग की है। चुनाव आयोग ऐसी योजनाओं पर फौरन रोक लगाए।

**विधानसभा चुनाव : चुनाव आयोग ने झारखंड-महाराष्ट्र में किया चुनाव तारीखों का ऐलान**

# झारखंड में बज गया चुनावी समर का बिगुल

- झारखंड में दो व महाराष्ट्र में एक चरणों में होगा मतदान, 23 को आयेंगे दोनों राज्यों के नतीजे
- झारखंड में 13 और 20 नवंबर को वोटिंग, महाराष्ट्र में सिर्फ 20 नवंबर को पड़ेंगे वोट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को दो राज्यों महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। महाराष्ट्र की 288 सीटों के लिए एक चरण में 20 नवंबर और झारखंड की 81 सीटों के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। इसके अलावा आयोग ने 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की है। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ आज दिल्ली के विज्ञान भवन में पत्रकार वार्ता की। इसमें उन्होंने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। चुनाव आयोग की ओर से जारी मतदान कार्यक्रम के अनुसार महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में मतदान होगा। 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और 29 अक्टूबर तक नामांकन किया जा सकता है। नामांकन की जांच 30 अक्टूबर और नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 4 नवंबर तय की गई है। बुधवार 20 नवंबर को सभी सीटों पर एक साथ चुनाव होंगे।

सीईसी राजीव कुमार का कहना है कि आयोग ने दोनों राज्यों महाराष्ट्र और झारखंड में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह का शत-प्रतिशत समावेशन सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं और उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने महाराष्ट्र विधानसभा के लिए विशेष रूप से शहरी मतदाताओं की उदासीनता का उल्लेख किया और कहा कि इससे निपटने के लिए एक लक्षित अभियान और प्रयास किया जाएगा ताकि कोशिश हो सके कि सभी मतदान में भागीदारी करें।




### 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा

इसके अलावा चुनाव आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और दो राज्यों की दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए भी मतदान कार्यक्रम की घोषणा की है। इसके मुताबिक 14 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की एक वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, उत्तराखंड की एक विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की नांदेड लोकसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा।

### 18 अक्टूबर को जारी की जाएगी पहले चरण की अधिसूचना

झारखंड की 43 विधानसभा सीटों के लिए पहले चरण में बुधवार 13 नवंबर और 38 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में बुधवार 20 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण के लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नामांकन 25 अक्टूबर, नामांकन की जांच 28 अक्टूबर और नाम वापसी 30 अक्टूबर तक हो सकेगी। वहीं, दूसरे चरण के लिए 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। 29 अक्टूबर तक नामांकन, 30 अक्टूबर को नामांकन की जांच, 1 नवंबर को नाम वापसी होगी।

### पहला चरण- 13 नवंबर

सीट- कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर

### दूसरा चरण- 20 नवंबर

सीट- राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिली खिजरी

### झारखंड में कुल 2.6 करोड़ मतदाता

झारखंड की 81 विधानसभा सीटों में से 44 सामान्य, 28 अनुसूचित जनजाति और 9 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां 2.6 करोड़ मतदाता हैं जिनमें से 66.84 लाख युवा मतदाता है और 11.84 लाख मतदाता पहली बार मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। आयोग ने उनके लिए 20281 स्थानों पर 29,562 मतदान केंद्र बनाए हैं।

## दिल्ली में पटाखे बैन, ऑनलाइन डिलीवरी भी नहीं हो पाएगी

- 1 जनवरी तक लागू रहेगा, भाजपा बोली-पटाखे प्रदूषण फैलाते हैं, एएपी वैज्ञानिक रिपोर्ट दिखाए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दीवाली से पहले दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रण में रखने के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 1 जनवरी 2025 तक पटाखों को बैन कर दिया है। सरकार के आदेश के मुताबिक पटाखे बनाने, उन्हें स्टोर करने, बेचने और इस्तेमाल पर बैन है। इतना ही नहीं पटाखों की ऑनलाइन डिलीवरी भी प्रतिबंधित रहेगी। इसमें ग्रीन पटाखे भी शामिल हैं। इस बैन को सख्ती से लागू कराने की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। दिल्ली पुलिस रोज इसकी रिपोर्ट प्रदूषण समिति को सौंपेगी। हालांकि, दिल्ली भाजपा ने पटाखों पर बैन के पीछे के औचित्य पर सवाल उठाया।

## लॉरेन्स गैंग के साथ मिलकर काम कर रहे भारतीय एजेंट्स

**कनाडा बोला-बिश्नोई गैंग के साथ भारत के एजेंट्स की है मिलीभगत**

**भारत ने कनाडा के आरोपों को किया खारिज, राजनयिकों को बुलाया**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और कनाडा के बिगड़ते रिश्तों के बीच अब लॉरेन्स बिश्नोई की एंट्री हो गई है। भारत की तरफ से कनाडा से अपने राजनयिकों को वापस बुलाने के कुछ ही घंटों बाद कनाडा ने भारत पर एक और गंभीर आरोप लगाया है। ऐसे लग रहा है कि कनाडा के पीएम भारत के साथ बिल्कुल संबंध को बिगाड़ने पर ही तुल गए हैं। ऐसे में विदेश नीति के जानकारों से लेकर आम लोगों



को भी यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिर जस्टिन ट्रूडो को हुआ क्या है। कनाडा की रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस का आरोप है कि भारत उनकी धरती पर 'गंभीर आपराधिक गतिविधि' में सीधे-सीधे शामिल है।

हालांकि कनाडा ने अपने दावों के समर्थन में किसी भी तरह का सबूत पेश नहीं किया है। कनाडा की पुलिस का आरोप है कि ओटावा में भारत सरकार के 'एजेंट' खालिस्तानी तत्वों को निशाना बनाने के लिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के साथ मिलकर काम कर रहे थे। खास बात है कि ये आरोप ऐसे समय में सामने आए हैं जब लॉरेंस बिश्नोई गिरोह मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में कथित संलिप्तता के कारण भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की नजर में है।

## दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा: योगी

**सीएम ने रामगोपाल मिश्रा के परिवारवालों से की मुलाकात**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बहराइच हिंसा के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। यह



मुलाकात लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर हुई। इस मुलाकात के दौरान राम गोपाल के पिता, मां और पत्नी मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी ने इस मुलाकात की जानकारी तस्वीर शेयर करके दी है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'जनपद बहराइच की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में काल-कवलित हुए युवक के शोक संतप्त परिजनों से आज लखनऊ में भेंट की। दुख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। आश्वस्त रहें, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना यूपी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इस घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सीएम योगी से मुलाकात के दौरान राम गोपाल मिश्रा के पिता कैलाश नाथ रो पड़े। उन्होंने हाथ जोड़कर कहा कि सब बर्बाद हो गया है। इससे पहले राम गोपाल मिश्रा के पिता कैलाश मिश्रा ने समाचार न्यूज एजेंसी से कहा कि मेरे बेटे की हत्या कर दी गई है। मैं चाहता हूं कि दोषियों को सजा मिले। उन्होंने मेरे परिवार को बर्बाद कर दिया है। उन्हें इसके लिए सजा मिलनी चाहिए।

## रांची के नए डीसी वरुण रंजन ने पदभार संभाला




**रांची (एप्र)।** चुनाव आयोग की आपत्ति के बाद आखिरकार रांची डीसी को बदल दिया गया है। वरुण रंजन रांची के नए डीसी बनाये गये हैं। रांची के नये डीसी वरुण रंजन ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से पदभार लिया। वरुण रंजन 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उल्लेखनीय है कि वरुण रंजन इससे पहले धनबाद के डीसी थे लेकिन पीएम के कार्यक्रम में ड्यूटी कोताही बरतने पर उन्हें हटा दिया गया था। रांची डीसी के पद पर पदस्थापित होने के कुछ दिन बाद चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को डीसी बनाए जाने पर आपत्ति जताई थी। कार्मिक द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब मंजूनाथ भजंत्री को जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है जबकि जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित मृत्युंजय कुमार वर्णवाल को मनरेगा आयुक्त बनाया गया है।

## बिना कर्मचारी यहां चलेगा देश का पहला टोल प्लाजा

- शुरू होने वाला है नया हाईवे, तीन राज्यों का सफर होगा आसान
- हरियाणा के झिंझौली में शुरू हो रहा पहला बिना बूथ टोल प्लाजा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में जल्द देश का पहला बिना बूथ के टोल प्लाजा शुरू होने जा रहा है। एनएचएआई ने इसके लिए टोल की दरें भी तय कर दी हैं। झिंझौली में बनने वाले इस टोल प्लाजा में टोल कलेक्शन करने की पूरा प्रोसेस ऑटोमेटिक होगा। यहां सोनीपत से लेकर बवाना तक के 29 किमी के सफर को पूरा करने के लिए 65 रुपये चुकाने होंगे। इस टोल पर ऐसे सेंसर लगाए जा रहे हैं जो फास्टैग से खुद ही टोल काट लेंगे। इसका ट्रायल रन भी हो चुका है। इस टोल के शुरू होने से दिल्ली, हरियाणा और पंजाब का सफर आसान हो जाएगा। नया हाईवे



बनने से सोनीपत से बवाना तक का सफर एक एक घंटा से घटकर सिर्फ 20 मिनट का रह जाएगा। वहीं आईजीआई का सफर घटकर एक घंटे से भी कम हो जाएगा। इतना ही नहीं इस हाईवे के शुरू होने के बाद दिल्ली-अमृतसर एन-44 पर ट्रैफिक का दबाव भी कम हो जाएगा। इस रास्ते से जाने वाले हाईवे पर कार, जीप और वैन के लिए 65 रुपये चुकाने होंगे। वहीं मिनी बस, हल्के व्यावसायिक वाहनों के लिए 105 रुपये चुकाने होंगे।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, बुधवार, 16 अक्टूबर, 2024



## एक नजर

### केंदुआडीह थाना में सम्मान समारोह का आयोजन

**लोयाबाद (एप्र)।** केंदुआडीह थाना में शांति समिति व पुलिस जन सहयोग समिति के द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा के दौरान कमेटी के



द्वारा आकर्षक साज सज्जा ,लाईटिंग, व भव्य पूजा पंडाल, विधि व्यवस्था आदि कार्यक्रम को सुचारू एवं सुसज्जित ढंग से संपन्न करने वाले कमेटी को पुलिस जनसहयोग समिति के द्वारा पुरस्कृत किए जाने को लेकर मंगलबार के देर शाम को केंदुआडीह थाना परिसर में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमे केंदुआडीह थाना शांति समिति के सदस्य गण ,पूजा कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण,चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी सदस्यगण,बुद्धिजीवी वर्ग के सम्मानित व्यक्ति एवं केंदुआडीह थाना क्षेत्र के सम्मानित पत्रकार गण उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंदुआडीह थाना प्रभारी सह निरीक्षक बक्कार हुसैन एवं संचालन राम गोपाल भुवानियां ने की मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी पुटकी विकाश आनन्द मुख्य रूप से उपस्थित थे।सम्मान समारोह में सर्व प्रथम दीनानाथ गुप्ता ने अंचल अधिकारी को बुके एवं हरि प्रसाद पप्पू ने उन्हें मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। वहीं मख्य अतिथि पुटकी अंचल अधिकारी ने श्री श्री दुर्गा पूजा समिति महोत्सव के 1 अभिमन्यु कुमार सिंह केंदुआडीह हिंदी भवन,2दुर्गेश सिंह कुसतौर,मनोज सिंह गनसाडीह,कुल तीन दुर्गा पूजा समितियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किए। वही केंदुआडीह थाना प्रभारी सह निरीक्षक बक्कार हुसैन ने श्री श्री दुर्गा पूजा समिति केंदुआ बाजार के 1 राहुल गुप्ता,2विनोद वर्मा,3 न्यू मेरिन गोपालीचक गणेश मिश्रा,4 गोधर लहरा मन्दिर पूजा समिति के हरि नारायण चौहान रामचन्द्र चौहान,5 गोधर रवानी बस्ती प्रताप रवानी, 6अलकुसा बकरहट्टा धर्मेन्द्र कुमार,7एटवाल के जयप्रकाश चौहान को पुरुष्कार स्वरूप मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मौके पर। एस आई गोपाल टोप्पो,धीरज कुमार मिश्रा,हसरत जमाल,कुंदन कुमार सिंह,संजय राज मुंडा ए एस आई संजय शर्मा मुंशी रूपेश सिंह, एवं गणमान्य लोगों में संजय जायसवाल,गणेश मिश्रा, ,मनौवर हुसैन,सरफूदीन अंसारी,दीनानाथ गुप्ता,,दुर्गेश सिंह,महादेव हसदा, चन्द्रदेव यादव,राजेश गुप्ता,राजीव झा,रामचन्द्र चौहान,डॉ विनोद वर्मा,कृष्णा राउत,अनवरी खातून,जयप्रकाश चौहान,हरि प्रसाद पप्पू,मनोज सिंह,गीता सिंह इत्यादि के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### नेशनल सीनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** भारतीय ताइक्वांडो महासंघ के नेतृत्व में राजीव गांधी इंदौर स्टेडियम पुडुचेरी में आगामी 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर




2024 तक आयोजित 40वां नेशनल सीनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में देवघर से राजनंदनी, अंजलि केसरी, दीपक कुमार का चयन झारखंड टीम के लिए किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों को संत माइकल एंग्लो विद्यालय के चेयरमैन सह ताइक्वांडो एसोसिएशन देवघर के पैट्रॉन डॉ. जे.सी.राज ने पुडुचेरी रवाना किया। डॉ. जे.सी.राज ने कहा कि आत्मविश्वास, सफलता की कुंजी है। आत्मविश्वास व ऊंचे मनोबल के साथ मुकाबले मे जाए, सफलता निश्चित है। मौके पर झारखंड ताइक्वांडो महासचिव नीरज यादव, देवघर सचिव राबिउल हुसैन सहित राजेश रंजन जिला हैंडबॉल संघ देवघर के सचिव ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञात हो कि दोनों ही खिलाड़ी अपने कोच दीपक कुमार के पास प्रशिक्षण ले रहे हैं। इससे पहले राज्य स्तरीय सीनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी जगह झारखंड टीम में बनाई है।

### सड़क निर्माण में संवेदक के द्वारा सड़क किनारे के मिट्टी उठाकर पेड़ों को कर रहे क्षतिग्रस्त



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** देवीपुर प्रखंड के जीतपुर पथ के निर्माण में सड़क किनारे की मिट्टी को काट कर रोड का निर्माण करवाया जा रहा है। सड़क किनारे मिट्टी खोदने से सड़क किनारे में लगाए गए सामाजिक वानिकी प्रमंडल की ओर से लगाए गए हजारों पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पेड़ को जड़ को उखाड़ दिया गया है। जिससे पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में सड़क निर्माण कर रहे संवेदक के कर्मियों ने बताया कि बाहर से मिट्टी लाने का एस्टीमेट में नहीं दिया गया है। जबकि वन विभाग के कर्मियों ने बताया कि जांच कर अभिलंब कार्रवाई की जाएगी।

### स्टेशन पर बीड़ी-सिगरेट पीने वालों से वसूला जुर्माना

**मधुपुर (निसं)।** स्टेशन परिसर में जहां-तहां थूकना, गंदगी फैलाना, सिगरेट पीना अब मंहगा साबित होने वाला है। मधुपुर स्टेशन में मंगलवार को सिगरेट पीकर धुंआ उड़ा रहे एवं जहां-तहां थूकने वालों के विरुद्ध कार्रवाई आरपीएफ ने कार्रवाई की। जहां-तहां थुकने वालों से 100 और स्मोकिंग करने वाले से 200 रुपए फाइन वसूला गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर इंचार्ज हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्टेशन परिसर, सकुर्लेटिंग एरिया में गंदगी फैलाने, थूकने, एवं सिगरेट पीने के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल को विशेष अधिकार दिया गया है। इसलिए यात्रियों से रेलवे सुरक्षा बल अपील करता है कि जहां तहां गंदगी ना फैलाएं और ना ही सिगरेट इत्यादि का स्टेशन परिसर में इस्तमाल करें।

### बीडीओ ने थाना प्रभारी और बूथ पर्यवेक्षक के साथ बैठक की

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए देवीपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बारला ने देवीपुर थाना प्रभारी संदीप कृष्णा, थाना के सभी एएसआई, मतदान बूथ पर्यवेक्षक के साथ बैठक की। इस दौरान सभी बूथों का भौतिक सत्यापन का पूरा किए जाने का की जानकारी ली। इसके अलावे चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

# मधुपुर में प्रतिमा विसर्जन विवाद में एसडीपीओ ने खंगाले फुटेज

**दोनों पक्षों के विवाद को सुलझाया गया**



**मधुपुर (निसं)।** शहर के चांदमारी स्थित मस्जिद के सामने रविवार को मूर्ति विसर्जन को लेकर फैले तनाव के बाद मंगलवार को दोनों समुदाय के विवाद को लगभग सुलझा लिया गया। मधुपुर थाने परिसर में चली मीटिंग के बाद दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इलाके में शांति बनाए रखने का भरोसा दिया गया। मीटिंग में दोनों पक्षों के अलावा कार्यपालक दंडाधिकारी विनय कुमार पांडे सीओ यामुन रविदास, एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, अंचल पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार नागरिक समिति के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, मधुपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव हेमंत नारायण सिंह उर्फ मोती सिंह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फैयाज कैसर,संजय यादव, अधीरचंद्र भैया मोहम्मद श्याम पूजा समिति के संयोजक कन्हैयालाल कन्नू, मदरसा सिराजुल इस्लाम चांदमारी मोहल्ला कमेटी के सचिव अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद चांद, समाजसेवी मोहम्मद राजा आदिल रशीद समेत दोनों पक्षों के समुदायों के अध्यक्ष एवं सचिव और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे ।इस पूरे विवाद को सुलझाने और क्षेत्र में शांति सौहार्द फिर से कायम कराने में पिछले दो दिन से समाजसेवी, चैंबर ऑफ कॉमर्स, नागरिक समिति एवं प्रशासन के पदाधिकारी लगातार जुटे रहे। इसी को लेकर सोमवार की रात्रि को मधुपुर थाना परिसर में आपातकालीन बैठक रखी गई थी। जिसमें गठित 10 सदस्यों की टीम द्वारा जहां घटना घटी प्रदीप मोदी के मकान के सीसीटीवी को लगभग दो घंटा तक खंगाला गया। लेकिन घटना से संबंधित किसी प्रकार की गाली गलौज और ना ही पटाखा फेंके जाने की सीसीटीवी फुटेज में कोई बात नजर आयी। पुलिस अफसरों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किसी प्रकार की कोई पहचान नहीं हो पायी है। वहीं बैठक में दोनों समुदायों के लोगों ने आश्वासन दिया। मधुपुर शहर में गंगा-जमुना तहजीब को बरकरार रखेंगे और अमन शांति के साथ रहेंगे। वहीं एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने कहा इलाके में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए मदद का भरोसा दिया। मौके पर दोनों समुदाय के लगभग दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### संगठन के प्रति नित्य सकारात्मक सोच के साथ कार्यकर्त्ता करें प्रतिदिन कार्य : अंबरीश

**रांची (एप्र)।** विश्व हिंदू परिषद, पटना क्षेत्र झारखंड- बिहार की एक दिवसीय बैठक राजधानी रांची के स्टेशन रोड स्थित होटल ग्रीन होराईजन में



विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री व विशेष संपर्क केंद्रीय प्रमुख अंबरीश सिंह के विशेष उपस्थिति संपन्न हुई। बैठक में पटना क्षेत्र का तीनों प्रांतों के कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्यक्रम तय किया गया। जिसमें 17 से 22 अक्टूबर बाल्मीकि जयंती सप्ताह, 11 से 17 नवंबर तक हुतात्मा दिवस, 23 से 30 नवंबर तक संस्कार सप्ताह व रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम, 12 से 18 दिसंबर तक शौर्य यात्रा, 7 से 15 जनवरी 2025 तक समरसता यात्रा कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि संगठन का विस्तार कार्यकताओं के परस्पर विश्वास व भरोसा पर होता है। कार्यकताओं को संगठन के प्रति नित्य सकारात्मक सोच के साथ प्रतिदिन कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा झारखंड एवं बिहार में रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या निरंतर बढ़ती जा रही है। क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार, क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, क्षेत्र बजरंग दल संयोजक जन्मेजय कुमार, क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा, क्षेत्र विधि प्रमुख अशोक श्रीवास्तव, झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार, बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, झारखंड प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन उपस्थित थे।

## जूनियर डॉक्टर्स की भूख हड़ताल खत्म, काम पर लौटे



**रांची।** कोलकाता की घटना को लेकर जहां एक तरफ कोलकाता में डॉक्टरों का आंदोलन 2 महीने से जारी है। वहीं करीब 200 घंटे से सभी डॉक्टर भूख हड़ताल पर हैं। वहीं अब इस आंदोलन ने जोर पकड़ लिया है. मंगलवार से आईएमए, जेडीएन और एफएआईएमए के आह्वान पर डॉक्टरों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरूआत की है। इस आंदोलन का समर्थन रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने भी किया था। इसे लेकर मंगलवार सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक के लिए भूख हड़ताल की थी। लेकिन जेडीए रिम्स ने झारखंड में घोषित होने वाले आदर्श आचार संहिता को लेकर डब्ल्यूबीजेडीएफ आरजी कार मामले के लिए के साथ एकजुटता में आईएमए ,जेडीएन और एमएसएन, और एफएआईएमए द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय भूख हड़ताल वापस ले लिया है। इससे पहले भूख हड़ताल की वजह से रिम्स की तमाम ओपीडी और ओटी सेवाएं बंद थी। जिसे अब बहाल कर दिया गया है। हालांकि जूनियर डॉक्टरों ने आपातकालीन सेवाएं पहले भी बहाल रखने का निर्णय लिया था। हड़ताल के कारण मरीज भी बेहद परेशान रहे थे, जो अब राहत की सांस ले रहे हैं. दूर-दराज से आए इलाज के लिए आए लोग पहले लौट रहे थे, लेकिन अब इलाज शुरू होने से उन्हें राहत मिली है।

# झामुमो ने मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाने को लेकर निकाला विजय जुलूस



**रांची (एप्र)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो) रांची जिला समिति ने मंगलवार को मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ाने को लेकर विजय जुलूस निकाला। झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजना मंईयां सम्मान योजना को 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया गया है। रांची जिला स्कूल से अलबर्ट एक्का चौक तक विजय जुलूस निकाल कर हेमंत सरकार को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने यहां की बेटियां, बहनों और महिलाओं के लिए बहुत ही संवेदनशील होकर सोचा और उन्हें मुख्य धारा से जुड़ने के लिए 2500 रुपए की सम्मान राशि की योजना देने का काम किया। मंईयां सम्मान योजना की तीन किस्त राज्य की 52 लाख से भी अधिक महिलाओं के खाते मे जा चुकी है और इसी दिशा मे उन्हें सशक्त करने के लिए 2500 की सम्मान राशि महिलाओं को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो कहते हैं वो करते हैं, भाजपा की तरफ फर्जी घोषणा और योजना नहीं लाते। विजय जुलूस में केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, बीरू साहू, कलाम आजाद, रामानन्द बेदिया,सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नयन तारा उरांव, उपाध्यक्ष राखी देवी, अंशु लकड़ा, कोषाध्यक्ष उषा उरांव सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# इलाज के दौरान अस्पताल में महिला की मौत परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

**मुआवजे को लेकर परिजनों ने हरिणा गोमो रोड पर शव रखकर सड़क जाम किया जाम**

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर सड़क को कराया जाम से मुक्त**





**बाघमारा (एप्र)।** बाघमारा थाना क्षेत्र के हरिणा गोमो रोड पर स्थित मंडल क्लिनिक में एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। यह घटना मंगलवार को हुई। मृतिका महुदा राधा नगर की भक्तुडीह निवासी मनोज दास की पत्नी रेखा देवी (36 वर्ष), बाबासीर का इलाज कराने आई थी। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने मंडल क्लिनिक के डॉक्टर निखिल कुमार मंडल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों ने मुआवजे की मांग करते हुए हरिणा गोमो रोड पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस को सूचना मिलने पर बाघमारा थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद और बरोरा पुलिस दल के साथ क्लिनिक पहुंचे और मामले को शांत कराया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सड़क जाम खत्म कराया।वही डॉक्टर निखिल कुमार मंडल घटनास्थल से फरार हो गया है।

#### क्या है मामला

मामले के बारे में मृतिका के परिजनों ने बताया कि रेखा देवी सोमवार की सुबह बाबासीर का इलाज कराने के लिए डॉक्टर के पास गई थीं। डॉक्टर ने बताया कि इलाज के लिए पचीस हजार रुपए खर्च होंगे, लेकिन जब परिवार ने खर्च की असमर्थता जताई, तो 16 हजार में मामला तय हुआ। उन्होंने सोमवार को 14 हजार जमा कर दिए थे और बाकी पैसे आज देने थे। मृतिका के बेटे ने बताया कि आज उनकी माँ का ऑपरेशन होना था, लेकिन अचानक 11 बजे उन्हें दर्द होने लगा। डॉक्टर ने तुरंत किसी बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिवार ने कतरास के दो अस्पतालों में ले जाने का प्रयास किया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। लगभग दो घंटे तक सड़क जाम रहने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर स्थिति को सामान्य किया। मृतिका के दो बेटे और एक बेटी है।

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एसजेएएस हॉस्पिटल का किया उद्घाटन



**धनबाद (एप्र)।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंगलवार को एसजेएएस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया, जिसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। इसे पूर्वी भारत का सबसे उन्नत अस्पताल माना जा रहा है। इस मौके पर पूर्व सांसद पी.एन. सिंह, विधायक राज सिन्हा, रागिनी सिंह और अस्पताल के मालिक अमरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।अस्पताल प्रबंधन ने मीडिया को बताया कि इस अत्याधुनिक स्वास्थ्य संस्थान में 19 किस्म की बीमारियों का इलाज उपलब्ध है, जिससे झारखंड के लोगों को उपचार के लिए अन्य राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि यहां मरीजों को उचित कीमत पर उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं दी जाएंगी, जो क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को बेहतर बनाएंगी।

### घर के ऊपर बैठे अजगर सांप को देखकर सन्न हुए ग्रामीण, स्नैक कैचर ने किया रेस्क्यू



**लोयाबाद (एप्र)।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के मदनाडीह मोड़ से बांसजोड़ा स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे मंगलवार को लगभग 10 बजे इन्द्रदेव महतो के खपरैला घर के ऊपर एक लंबा अजगर सांप देखकर परिवार और मोहल्ले के लोगों में हड़कंप मच गया। महिलाएं शोर मचाने लगीं। मोहल्ले के लोगों ने तुरंत धनबाद वन विभाग को इस बारे में सूचना दी। वन विभाग ने सांप को पकड़ने के लिए स्नैक कैचर डिस्को महतो को भेजा। जब डिस्को महतो वहां पहुंचा, तो उसने काफी मेहनत के बाद अजगर को पकड़ा। महतो ने बताया कि यह अजगर लगभग 7 से 8 फीट लंबा और 20 किलो वजन का था, जो इन्द्रदेव महतो के खपरैला घर की छत पर बैठा था। सांप काफी शक्तिशाली था और बार-बार महतो के हाथ को लपेट रहा था। अंततः मेहनत करके महतो ने सांप को पकड़कर उसे एक बोरे में बंद किया और उसे धनबाद के भूईफोड़ के पास वन विभाग के जंगलों में छोड़ने का निर्णय लिया। चूंकि यह क्षेत्र जंगली है, इसलिए ऐसे सांप अक्सर गांव या सड़क के आसपास दिखाई देते हैं। सांप को पकड़ने के बाद घर के लोगों और आस-पास के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### सरकार के फैसले का झामुमो महिला मोर्चा ने किया स्वागत

**धनबाद (एप्र)।** झारखंड सरकार के मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि को एक हजार रुपये से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये करने के कैबिनेट के निर्णय पर झामुमो महिला मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद करते हुए मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी व्यक्त की। झामुमो की मीडिया पेनलिस्ट डॉ. नीलम मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार महिलाओं के सम्मान में नए कदम उठा रहे हैं और हेमंत सरकार की इस योजना की प्रशंसा की। लाखों महिलाएं इससे लाभान्वित हो रही हैं, और दिसंबर से लाभुकों के खातों में एक हजार के बजाय ढाई हजार रुपये का वितरण किया जाएगा, जिससे महिलाओं में बहुत खुशी है और वे मुख्यमंत्री को दिल से आभार व्यक्त कर रही हैं।

# नशाखुरानी का शिकार युवक को भाजपा नेता ने की मदद



**धनबाद (एप्र)।** हैदराबाद से सिल्लीगुड़ी घर वापस जा रहे 33 वर्षीय युवक भवंत तामा ट्रेन में नशाखुरानी गिरोह के बदमाश द्वारा नशे का शिकार हो गया। भवंत तामा ने बताया कि मैं हैदराबाद से अपने घर सिलीगुड़ी गौरव थान नीम बस्ती जा रहा था। इसी बीच भागा स्टेशन में एक व्यक्ति ने मुझसे बातचीत शुरू की और दोस्ती कर सॉफ्ट ड्रिंक पिलाया,जिसमें कुछ नशीला पदार्थ मिलाया हुआ था। जिससे मैं मदहोश हो गया। इधर भाजपा नेता रिंकू शर्मा ने बताया युवक नशे की हालत में इधर-उधर घूम रहा था। पूछताछ करने पर पता चला वह सिलीगुड़ी का रहने वाला है इसके बाद झरिया थाना की मदद से बस्ता कोला में स्थित जीवन संस्थान स्कूल में उन्हें आश्रय दिलाया। जीवन संस्थान स्कूल जो मंद बुद्धि और विकलांग बच्चों के लिए स्कूल है। नशाखुरानी का शिकार भुक्तभोगी घर वालों को सूचना दी गई। करीब 3 दिन भी जाने के बाद सिलीगुड़ी से घर वाले बस्ता कोला जीवन संस्थान पहुंचे और भवंत तामा को अपने साथ घर सिलीगुड़ी ले गए। भवंत तामा के घर वाले इस कार्य के लिए जीवन संस्थान स्कूल के संस्थापक अशोक सिंह और भाजपा नेता रिंकू शर्मा का इस उपकार के लिए आभार व्यक्त कर हार्दिक धन्यवाद।

# देवघर, सारठ व मधुपुर में 20 नवंबर को वोट

- जिले भर में आदर्श आचार संहिता लागू, पांच सीमाओं पर बनेंगे चेक पोस्ट
- 1245 बूथों पर 11 लाख 20 हजार 63 मतदाता करेंगे मतदान
- इनकम टैक्स, जीएसटी, नारकोटिक्स और पुलिस की टीमें करेगी जांच




श्वेत पत्र/ देवघर (का.प्र.)।

जिले के तीनों विधानसभा देवघर, मधुपुर और सारठ में 20 नवंबर को चुनाव होंगे। 1245 बूथों पर जिले के 11 लाख 20 हजार 63 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 23 नवंबर को मतों की गिनती होगी और इसी दिन चुनाव परिणाम भी जारी हो जाएंगे। डीसी विशाल सागर ने समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

## यहां बनेगा चेक पोस्ट

जिले की पांच सीमाओं अंधरीगादर, दर्दमारा, जयपुर मोड़, जमुआ, दुम्मा पर चेक पोस्ट बनेगा, जहां इनकम टैक्स, जीएसटी, नारकोटिक्स और पुलिस की टीमें वाहनों की जांच करेगी। निर्धारित कैश से ज्यादा पाए जाने पर उसे जब्त कर लिया जाएगा। कैश को रिलीज करवाने के लिए उचित प्रमाण देना होगा। इसके लिए अलग से टीम बनाई गई है। डीसी ने कहा कि जिले भर में निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान प्रशासन की प्राथमिकता है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में अभियान चलाया जाएगा।

### जिले में कब कितना प्रतिशत मतदान

| साल | विस चुनाव | लोस चुनाव |
|---|---|---|
| 2009 | 56.97 | 56.12 |
| 2014 | 70.20 | 68.49 |
| 2019 | 71.21 | 72.60 |
| 2024 | 0000 | 70.80 |

## थीम आधारित बूथ बनेंगे

थीम आधारित पोलिंग बूथ बनेंगे। बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय समेत अन्य बुनियादी जरूरतें उपलब्ध रहेगी। डीसी ने बताया कि देवघर विधानसभा के लिए एसडीओ रवि कुमार, मधुपुर विधानसभा के लिए एसडीओ राजीव कुमार और सारठ विधानसभा चुनाव के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक को आरओ नियुक्त किया गया है। इनके सहयोग के लिए एआरओ भी बनाए गए हैं।

### चुनाव में कब क्या होगा

- 22 अक्टूबर : गजट का प्रकाशन
- 29 अक्टूबर : नामांकन की अंतिम तिथि
- 30 अक्टूबर : नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी
- 01 नवंबर : नाम वापसी की अंतिम तिथि
- 20 नवंबर : मतदान
- 23 नवंबर : मतगणना

### कहां कितने मतदाता

- मधुपुर : 367871
- सारठ : 316133
- देवघर : 436609

### महिला-पुरूष मतदाता

- मधुपुर विधानसभा
  पुरूष : 189980 महिला : 177891
- सारठ विधानसभा
  पुरूष : 161930 महिला : 154202
- देवघर विधानसभा
  पुरूष : 226159 महिला : 210438

## एक बूथ पर 1500 से अधिक मतदाता नहीं होंगे

एक मतदान केंद्र में 1500 से अधिक मतदाता नहीं होंगे। बूथों पर मतदाता सहायता केंद्र बनेगा, जहां बीएलओ मतदाताओं को सूची में उनका नाम खोजने में मदद करेंगे। हर बूथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था होगी। इस बार का चुनाव इको फ्रेंडली होगा। स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि वातावरण को कम से कम नुकसान हो।

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : एसपी

प्रेसवार्ता में एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने बताया चुनाव के दौरान जिले भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे। पारामिलिट्री फोर्स के अलावा जिला बल की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील औरल अति संवेदनशील बूथों पर विशेष नजर रहेगी। चुनाव से पहले फरारियों की गिरफ्तारी, लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन होगा।

---

## एक नजर

### कुष्ठ निवारण को लेकर सहिया को दी गई ट्रेनिंग

बैद्यनाथधाम (निसं)। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता की देखरेख में अनुमंडलीय अस्पताल, मधुपुर में सहियाओं को कुष्ठ



रोग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उपाधीक्षक डॉ. शाहिद मौजूद थे। प्रशिक्षण में उपस्थिति सभी सहियाओं को डीएनटी टीम के सदस्य डॉ. राजेश वर्मा, जिला कुष्ठ परामर्शी एवं विश्वेश्वर राम, अचिकित्सा सहायक के द्वारा कुष्ठ रोग के संदेहास्पद व्यक्तियों के पहचान, लक्षण, उपचार, विकलांगता की रोकथाम की जानकारी के साथ समाज में फैले भ्रांतियों को दूर करने के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. शाहिद ने कहा कि कुष्ठ रोग की बीमारी समय से उपचार प्रारम्भ होने पर पूर्ण रूप से ठीक हो जाती है, इसलिए लोगों को प्रेरित करें कि वह कुष्ठ रोग से संबंधित लक्षण दिखने पर अपनी जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अवश्य कराएं। उक्त प्रशिक्षण में डीएनटी टीम के सदस्यों के साथ डॉ इकबाल खान, पीएमडब्लू जियाउल अंसारी, विजय सिंह, डिंपल कुमारी, निर्मला देवी, आरती देवी एव अन्य उपस्थित थे।

### अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई



मधुपुर (निसं)। शहर के बी०एन० रोड भैरवा स्थित इंस्पायर क्लासेस मे ए०पी०जे० अब्दुल कलाम की जयंती समरोह पूर्वक मनाया गई तथा इस अवसर बच्चों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षकों तथा बच्चों ने कलाम जी की तस्वीर पर मल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पण किया। मौके पर संस्थान के निदेशक भूमन्यु सौरव ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा की वे एक शानदार वैज्ञानिक और पथप्रदर्शक इंजीनियर थे जिनका पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित रहा। भारत को महाशक्ति बनाने की उनकी महत्वाकांक्षा थी ।इसके लिए वे देश के विद्यार्थियों की भूमिका को प्रमुखता से स्वीकार करते थे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने देश को तकनीक तथा सामरिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जो योगदान दिया उसे देश कभी भुला नहीं पाएगा। अग्नि और पृथ्वी मिसाइलों का विकास करना, उनसे मिली सबसे बड़ी भेंटों में से एक हैं। मिसाइल कार्यक्रम में उनकी सक्रिय भूमिका के कारण, एपीजे अब्दुल कलाम को भारत का मिसाइल मैन कहा जाता है। एपीजे अब्दुल कलाम रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ( डी आर डी ओ ), और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दोनों में शीर्ष शोधकर्ता के रूप में में सेवा दे चुके हैं। अपने जीवनकाल में कलाम को कई विश्वस्तरीय पब्लिकेशन कार्यों का श्रेय जाता है, लेकिन इंडिया 2020 को उनके सबसे प्रसिद्ध योगदानों में से एक माना जाता है। कार्यक्रम में शिक्षक आसिफ शेख, शुभम कुमार, तथा दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।

### विजय जुलूस निकाला गया

बैद्यनाथधाम (निसं)। झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की ओर से पुराना सदर अस्पताल से लेकर बाबा बैद्यनाथ मंदिर तक विजय जुलूस निकाला गया। यह जुलूस उच्च न्यायालय के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग में लैब तकनीशियन के पद पर नियमितीकरण के बाद सदर अस्पताल देवघर में नियुक्त हुए मनोज कुमार मिश्र की जीत के उपलक्ष्य पर निकाला गया। नियमितीकरण के बाद सभी कर्मचारी गाजे बाजे,अबीर गुलाल लगाते हुए, मिठाई बांटते हुए नाचते गाते हुए बाबा मंदिर गए और बाबा वैद्यनाथ का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल सहित सभी सरकारी अस्पतालों के नियमित तथा अनुबंध के सैकड़ों कमार्चारियों ने हिस्सा लिया।

---

## एनएसयूआई कांग्रेस की रीढ़ है : डॉ. मुन्नम संजय

**कांग्रेस कार्यालय में छात्र संवाद का आयोजन**



देवघर (का.प्र.)। एनएसयूआई की ओर से कांग्रेस कार्यालय एक दिवसीय छात्र संवाद का आयोजन किया गया। इसमें छात्र संगठन एवं छात्रों के बीच वर्तमान राजनीति में छात्रों के हालात पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रो. उदय प्रकाश ने की। मौके पर मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ. मुन्नम संजय मौजूद थे। डॉ मुन्नम संजय ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन कांग्रेस का एक रीढ़ है। कांग्रेस की सरकार हमेशा छात्र हितों में काम करते आ रही है। आज भी झारखंड की सरकार छात्रों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, धरातल पर कई योजनाऐं लागू किया। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, छात्रवृत्ति, मेधावी और गरीब बच्चों को विदेशों में पढ़ने के लिए आर्थिक सहयोग,मुख्यमंत्री ऐक्स्लेंस विद्यालय की स्थापना, प्राथमिक शिक्षा में मध्याह्व भोजन योजना तथा पौशाक की राशि में वृद्धि जैसे अनगिनत कार्य छात्र एवं युवा हित में किए हैं। आज छात्रों और युवाओं को यह संदेश घर-घर तक पहूंचाने की जरूरत है। झारखंड में पुनः कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने छात्र संगठन की शक्ति का एहसास दिलाते हुए कहा कि छात्र देश का भविष्य होता है। उन्हें सक्रिय राजनीति में आगे आने की जरूरत है। छात्र नेता आदित्य दूबे ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज देश के भाजपा नित शासन में छात्रों और युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। नौकरियां समाप्त करने के लिए निजिकरण नहीं मोदानी करण हो रहा है। एनएसयूआई नेता रवि वर्मा ने कहा कि एन यह संगठन हमेशा छात्र हितों में काम करती है। छात्रों की समस्यायों का निदान करती है। संवाद कार्यक्रम का संचालन श्वेत उपाध्याय ने किया तथा जिला प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल,अभिषेक दूबे,छोटू दास आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में अंकित यादव, सुनिल यादव, पिंटू यादव, समीर केशरी, मनीष कुमार, महिला अध्यक्ष प्रमिला देवी,कुमार विनायक, डॉ अनुप,कुमार राज, हेमंत चौधरी, राकेश कुमार, संतोष कुमार, गोतम कुमार यादव, चुन्ना मंडल, चंदन यादव, कुंदन कुमार, सियाराम यादव, गोपाल यादव,प्रथम कुमार, संजय,राजू,बबलू दास, लालू यादव,चांद,अंकित यादव, आनंद कुमार आदि दर्जनों मौजूद थे।

### एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव कार्यक्रम की व्यवस्तता के कारण विलंब से कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रेस को प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने बताया कि छात्र संवाद कार्यक्रम पूरे राज्य में चलाया जा रहा है। गिरिडीह में कार्यक्रम में विलंब होने के कारण यहां भाग नहीं ले पाया,खेद है। परन्तु यहां के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया। पूरे प्रदेश में एनएसयूआई को मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य है और नये स्वरूप में एक लय के साथ संगठन काम करेगी।

## पीसी-पीएनडीटी एक्ट को लेकर कार्यशाला का आयोजन




देवघर (का.प्र.)। डीडीसी नवीन कुमार की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत पीसी-पीएनडीटी एक्ट को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समापन भी आयोजित किया गया। कार्यशाला डीडीसी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा ने जानकारी दी कि भूण्र हत्या, जन्म पूर्व लिंग परीक्षण और अन्य किसी भी माध्यम से बेटियों की हत्या को अपराध के तहत दोषी पाये जाने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को कानूनी सजा तथा लाइसेंस रद्द करने और जेल भेजने का प्रावधान है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बेटियां की सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा स्वास्थ्य और बेहतरी के लिए हमें सामाजिक रुप से हम सभी लोगों को आगे आना होगा। लिंगानुपात की सुधार और बेटियों को उसका पूरा अधिकार देना हम सबों की सामूहिक जिम्मेवारी है। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान मैट्रीक व इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बच्चियों को 5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सविल सर्जन डॉ0 रंजन सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, सीडीपीओ के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का धरना जारी

बैद्यनाथधाम (निसं)। मांगों के समर्थन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रही आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका का जिला मुख्यालय पर धरना 11 वें दिन भी जारी रहा। धरना को रूबी कुमारी, सोमा मुखर्जी, गीता कुमारी प्रमिला यादव, गागी देव्या, संगीता देवी, अनिता राय, सरस्वती देवी, उषा देवी, राखी देवी, रीता चौधरी, सोनी देवी, रीता मुखर्जी ने संबोधित किया।



## एंबुलेंस चालकों की हड़ताल से मरीजों की बढ़ी परेशानी

बैद्यनाथधाम(निसं)। 108 एम्बुलेंस सेवा के कर्मचारियों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। इससे मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। 108 नंबर पर कॉल करने के बाद भी मरीजों को एंबुलेंस नहीं मिल रहा है। बकाया वेतन की मांग को लेकर सारे कर्मी सीएस ऑफिस के समक्ष धरना पर बैठे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि 108 एंबुलेंस के तहत इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (एमटी) और चालक के रूप में कार्यरत कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। 24 घंटे सेवा देने के बावजूद आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी द्वारा कर्मचारियों को न तो जॉइनिंग लेटर दिया गया है, न ही पीएफ और ईएसआईसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। न्यूनतम वेतन से कम स्टाइपेंड दिया जा रहा है। कर्मचारियों की मांग की है कि वेतन सीधे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनआरएचएम से दिया जाए।



## दो खिलाड़ियों ने जीता पदक



बैद्यनाथधाम(निसं)। रजरप्पा स्टेडियम रामगढ़ में अयोजित दो दिवसीय 18 वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देवघर के खिलाड़ियों ने 2 कांस्य पदक जीता है। खेलो इंडिया सेंटर कुमैठा के खिलाड़ी सुमंत राज ने लड़कों के अंडर-14 ट्रायथलॉन ग्रुप-उ में कांस्य पदक जीता। विष्णु मुर्मू ने लड़कों के अंडर-14 ट्रायथलॉन ग्रुप-इ में कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों को खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े, ओलंपिक संघ के सचिव चंदना झा, एथलेटिक्स संघ के सचिव मनोज मिश्रा, आशीष झा, सुरेश साह, रवि केशरी, अमित सोनी, अमित झा, पंकज भालोटिया, रंजन, चंदन, गौरव, सरफराज अंसारी, प्रशिक्षक दीपक कुमार ने बधाई दी है।

## इस्लाम धर्म सभी को इंसानियत की पहचान देता है : उलेमा

मधुपुर (निसं)। शहर के अब्दुल अजीज रोड स्थित पत्थरचपट्टी मोहल्ला एमएलजी हाई स्कूल मैदान में पैगाम-ए- इस्लाम नौजवान कमेटी की ओर से शहंशाह-ए-बगदाद कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मौके पर अल्लामा अरशद उल कादरी फाउंडेशन के सचिव हजरत मौलाना अजहर कादरी सकाफी मौजूद थे। कार्यक्रम में झारखंड, बिहार ,बंगाल के उलमा- ए-कराम व शोरा- ए-अजाम के साथ काफी संख्या में मुकामी उल्मा और शायरों ने शिरकत की। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता हजरत मौलाना अजमल नूरी मदरसा सिराजुल इस्लाम ने की। जबकि कोलकाता से आए अदिबे नकीबे हिंद शायर हजरत मौलाना हलीम हाजीक ने बड़े ही खूबसूरत अंदाज में मंच का संचालन किया। कॉन्फ्रेंस की शुरूआत कुराने पाक की तिलावत से की गई। इसके बाद बारी-बारी शायर हजरात अपनी सुनहरी आवाज और अंदाज से लोगों को नाते पाक और मन्कबत से झूमाते रहे। उलेमाओं ने कहा कि दुनिया के सारे धर्मों ने अपनी बुनियाद एकलाख पर रखी है। इस्लाम ने इबादत से अल्लाह ताला के नजदीक माफी के काबिल करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म हम सभी को इस दुनिया में इंसानियत और इंसानियत की पहचान देने का काम करता है। इसके अलावा हजरत मौलाना यासीन फैजी, मौलाना मुफ्ती परवेज आलम मिस्बाही, मौलाना अजमल नूरी, मौलाना खुर्शीद आलम मिस्बाही, मौलाना मुबाशीरुल इस्लाम नूरी ने कॉन्फ्रेंस से संबंधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य अतिथि के तौर पर मंत्री प्रतिनिधि शब्बीर हसन अंसारी बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी पूर्व नपा उपाध्यक्ष जिया उल हक टार्जन, नसरुल शेख, काशिफ अयूबी, उपस्थित रहें। वहीं इस कांफ्रेंस को कामयाब बनाने में पैगमे इस्लाम कमेटी के सभी सदस्य मौलाना अब्दुल अजीज, जियाउर रहमान सोनू, मोहम्मद वसीम, शमशेर आलम, मंटू अंसारी, मोहम्मद एजाज, अफरोज खान, फैसल उर्फ गोलू, मोहम्मद लडल, वकार अंसारी, मुमताज खान, प्रिंस उर्फ फराज, मोहम्मद सज्जाद खान, मोहम्मद असलम, अरशद मधुपुरी मोहम्मद शाहिद मोहम्मद इमरान अमानत असलम परवेज आलम, गुड्डू सभी सदस्य का अहम किरदार रहा।



## मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ोतरी पर जेएमएम ने मनाया जश्न

**टावर चौक पर आतिशबाजी मिठाइयां बांटी गई**

बैद्यनाथधाम (निसं)। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी के द्वारा जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में हेमंत सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना की राशि में इजाफा होने पर जश्न मनाया गया। टावर चौक पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सह जिला प्रवक्ता सुरेश शाह, अजय नारायण मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलम देवी, युवा अध्यक्ष राहुल चन्द्रवंशी, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के श्यामाकांत झा, उपाध्यक्ष सरोज सिंह, इस्तियाक मिर्जा, संयुक्त सचिव सूरज झा, नंद किशोर दास, नुनु सिंह, प्रदीप चौधरी सहित दर्जनों नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि हेमंत सरकार लगातार जनहित के लिए कार्य कर रही है। महिलाओं और बहनों को और सबल बनानें के उद्देश्य से मंईयां सम्मान योजना लाया गया है। मौके पर उपस्थित नेता और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी भी की।



## एक नजर

### राजस्व संग्रह में कोताही बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त



**पाकुड(एप्र)।** उपायुक्त मनीष कुमार ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक की। बैठक में खनन, मत्स्य, उत्पाद, निबंधन, बाजार समिति, सहायक निबंधन अंकेक्षण, वाणिज्यकर, माप तौल, परिवहन,वन, विद्युत,नगर परिषद, भूमि सुधार, समेत सभी अंचलों को राजस्व संग्रहण के लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्त संग्रहण की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण बढ़ाने के निर्देश दिया। वहीं खनन विभाग के द्वारा अब तक की गई राजस्व संग्रहण की जानकारी ली। इसे और बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में उत्पाद विभाग, नगर परिषद एवं सभी विभागों को राजस्व में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ऑनलाइन लगान, सैरात, नीलाम पत्र समेत राजस्व से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। मौके पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलखो, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### स्वीप कोषांग का मुख्य लक्ष्य मतदान के प्रतिशत में वृद्धि करना: नोडल पदाधिकारी



**पाकुड(एप्र)।** आगामी विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर परियोजना निदेशक आईटीडीए कार्यालय में परियोजना निदेशक, आईटीडीए सह स्वीप नोडल पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में बैठक की गई।नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग अरुण कुमार एक्का ने स्वीप कर्मियों से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्रों में वोट प्रतिशत कैसे बढ़ाए इस पर चर्चा की गई एवं इसका विस्तार से प्रारूप बनाया गया। साथ ही कार्य योजना भी तैयार की गई। बैठक में शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गठित स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने कहा कि स्वीप योजना के तहत जिले में कारगर कार्य होना चाहिए। स्वीप कोषांग का मुख्य लक्ष्य मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान के प्रतिशत में वृद्धि करना। स्वीप योजना के तहत कैलेंडर तैयार किया गया है उसके अनुसार कार्यक्रमों को आयोजित करना सुनिश्चित करें।मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, सोशल मीडिया प्रचार पदाधिकारी पवन कुमार, एडीपीओ पीयूष कुमार, डीपीएम,पंचायती राज आनंद प्रकाश, डीपीएम पीरामल फाउंडेशन मोना प्रेरणा, कम्प्यूटर आपरेटर भूषण कुमार, मदन कुमार एवं अनुसेवक प्रीतम कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### अनुकंपा पर बहाल 11 लिपिक व 01 अनुसेवक को सौंपा नियुक्ति पत्र



**पाकुड़(एप्र)।** गत 14 अक्टूबर को किए गए अनुशंसा के आधार पर 11 निम्न वर्गीय लिपिक एवं 01 अनुसेवक को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मृत सरकारी सेवक के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपा।?? जिसमें से समाहरणालय संवर्ग के 05 निम्नवर्गीय लिपिक, 01 अनुसेवक एवं शिक्षा विभाग के 05 निम्नवर्गीय लिपिक, स्वास्थ्य विभाग के 01 निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्त किया गया। नियुक्ति पत्र देने के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ होकर हमेशा सजग रहने का निर्देश दिया। मौके पर स्थापना उप समाहर्ता मनीष कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### यूथ चैरिटी के सदस्य असमाउल ने महिला को किया रक्तदान

**पाकुड़(एप्र)।** यूथ चैरिटी के सदस्य असमाउल शेख ने मानवता का परिचय देते हुए मंगलवार को एक महिला को रक्तदान कर इलाज में मदद किया। महिला का नाम मरियम बीवी है और वह मनिरामपुर गांव की रहने वाली है। महिला सदर अस्पताल में भर्ती थी और उनका ऑपरेशन होना था। लेकिन महिला के शरीर में खून की कमी की वजह से ऑपरेशन नहीं हो पा रहा था। जिससे महिला की जान खतरे में आ गया। इसकी खबर मिलते ही यूथ चैरिटी के सदस्य असमाउल शेख ब्लड बैंक पहुंचे और महिला के लिए रक्तदान किया। असमाउल शेख ने बताया कि महिला को रक्तदान कर काफी अच्छा लग रहा है। किसी की जान बचाने में रक्तदान कर खुशी महसूस हो रहा है। मैं आगे भी रक्तदान करता रहुंगा। असमाउल शेख ने बताया कि यूथ चैरिटी मनिरामपुर ही नहीं आसपास के गांवों में भी जरुरतमंदों की मदद के लिए काम कर रही है। आर्थिक रूप से मदद के साथ ही रक्तदान के जरिए भी सेवा उपलब्ध करा रही है।

### हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन

**महेशपुर(एप्र)।** विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर मंगलवार को शहरग्राम मध्य विद्यालय में जल सहिया रुकमणी देवी द्वारा हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जल सहिया ने बच्चों को हाथ धुलाई को लेकर जागरुक करते हुए हाथ धोने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। साथ ही सभी को बताया कि साबुन से हाथ धोते समय यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि अपने हाथों, उंगलियों, नाखूनों और कलाइयों की सभी सत्ता को साफ करना जरूरी है। सही तरीके से हाथ धोने से बीमारियों से बचाव होते हैं। इससे डायरिया, दस्त, पेट दर्द, कुपोषण और चमड़े इत्यादि की बीमारी से बचाव होती है। मौके पर सभी को साबुन से हाथ को रगड़- रगड़ कर कई चरणों में बारी-बारी से हाथ धुलाई सिखाई गई। इस मौके पर मध्य विद्यालय शहरग्राम के शिक्षक लोकेश चंद्र साह, लक्ष्मी गुप्ता के अलावे अन्य उपस्थित थे।

## आचार संहिता लागू

# निष्पक्ष मतदान हमारी प्राथमिकता: डीसी

■ **पाकुड़, महेशपुर व लिट्टीपाड़ा विधानसभा में दूसरे फेज में 20 नवंबर को होगा मतदान**



**पाकुड़(एप्र)।** पाकुड़, महेशपुर और लिट्टीपाड़ा विधानसभा में दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। आगामी 22 अक्टूबर से नॉमिनेशन यानी नामांकन शुरू हो जाएगा और 29 अक्टूबर तक नामांकन कर सकेंगे। जबकि 30 अक्टूबर को स्क्रुटनी की जाएगी। वहीं 1 नवंबर तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मंगलवार की शाम समाहरणालय के सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित कर चुनाव को लेकर अहम जानकारियां मीडिया कर्मियों के साथ साझा किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि तीनों विधानसभा में दूसरे और अंतिम चरण में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। प्रशासन चुनाव को लेकर गंभीर हैं। शांतिपूर्ण माहौल में निष्पक्ष और कदाचार मुक्त चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। प्रशासन मतदान प्रतिशत वृद्धि को लेकर भी गंभीर है। पिछले लोकसभा चुनाव में पाकुड़ जिले में 74.09 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का कार्यक्रम किए जा रहे हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र में चुनावी पाठशाला का गठन किया गया है। कॉलेजों में ईएलसी का गठन किया गया है। विभिन्न स्थानों या प्रतिष्ठानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है। प्रत्येक मतदान केंद्रों में आम लोगों में जागरूकता के लिए बूथ स्तरीय जागरूकता समूह का भी गठन कर दिया गया है।

#### मतदान केंद्रों की संख्या

जिले भर में कुल 813 मतदान केंद्र हैं। इसके अलावा लिट्टीपाड़ा विधानसभा में दुमका जिला का गोपीकांदर प्रखंड का 40 मतदान केंद्र और पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में साहिबगंज जिला का बरहरवा प्रखंड का 161 मतदान केंद्र के लिए भी पाकुड़ जिला से ही ईवीएम मशीन, मतदान दल, मतदान सामग्री आदि उपलब्ध कराया जाएगा। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि लिट्टीपाड़ा विधानसभा में 272 मतदान केंद्र है। पाकुड़ विधानसभा में 434 और महेशपुर विधानसभा में 308 मतदान केंद्र है। इस तरह कुल 1014 मतदान केंद्रों में मतदाता वोट डालेंगे। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या जिले भर में कुल 8 लाख 45,099 मतदाता है। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 04 लाख 14,129 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 04 लाख 30,966 है। इसके अलावा चार तृतीय लिंग के मतदाता भी शामिल हैं। वहीं विधानसभा वार मतदाताओं की बात करें तो लिट्टीपाड़ा विधानसभा में मतदाताओं की कुल संख्या 02 लाख 17,388 है। इनमें पुरुष मतदाता 01 लाख 6056 तथा महिला मतदाता 01 लाख 11,331 मतदाता व तृतीय लिंग के एक मतदाता शामिल हैं। पाकुड़ विधानसभा में पुरुष मतदाता 01 लाख 90,145 तथा महिला मतदाता 01 लाख 98,099 व तृतीय लिंग के एक मतदाता को मिलाकर कुल 03 लाख 88,245 मतदाता शामिल है। महेशपुर विधानसभा में पुरुष मतदाता 01 लाख 17,928 तथा महिला मतदाता 01 लाख 21,536 व दो तृतीय लिंग के मतदाता को मिलाकर कुल 02 लाख 39,466 मतदाता है।

#### दिव्यांग मतदाताओं की संख्या

जिले में कुल 13,876 दिव्यांग मतदाता है। लिट्टीपाड़ा विधानसभा में 2933, पाकुड़ विधानसभा में 7706 तथा महेशपुर विधानसभा में 3237 दिव्यांग मतदाता है।

#### आदर्श आचार संहिता लागू

अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। आयोग के निर्देश अनुसार मतदान केंद्र पर पुलिस बल की व्यवस्था होगी और वेब कास्टिंग भी किया जाएगा। आज से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। यह सरकार, सरकारी कर्मी और राजनीतिक दल तथा सभी प्रत्याशी पर समान रूप से लागू है। जिला प्रशासन इसका अनुपालन कराना सुनिश्चित करेगी। अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में आदर्श आचार संहिता कोषांग बनाया गया है।

#### सीआरपीएफ की चार कंपनियां सुरक्षा में होंगे तैनात

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन गंभीर है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से पिछले चुनाव में करीब 5500 सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए थे। इस बार इससे भी अधिक सीआरपीएफ की चार कंपनियां सुरक्षा में तैनात होंगी। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में कुछ जगहों पर सांप्रदायिक घटनाएं सामने आई थी। इन इलाकों में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्कता बरत रही है?। इन इलाकों में जरूरत के मुताबिक अधिक से अधिक पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। अमड़ापाड़ा और लिट्टीपाड़ा क्षेत्र में भी सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन काफी ज्यादा गंभीर है।

#### अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि चुनाव के दरमियान अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखी जाएगी और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने जिले वासियों से अफवाहों से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होगी।

## डीएवी के छात्रों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**पाकुड(एप्र)।** डीएवी पब्लिक स्कूल के सभा भवन में मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा नवम से बारहवीं तक के छात्रों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस सभा में स्वीप कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सह जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती, एपीआरओ पवन कुमार, डीपीएम आनंद कुमार, डीपीएम पीरामल फाउंडेशन, मोना प्रेरणा एवं छात्रों तथा शिक्षकों के उपस्थिति में मतदान जागरूकता हेतू संबोधित करते हुए कहा कि बच्चें अपने माता-पिता एवं पड़ोसियों को मतदान करने हेतू अवश्य प्रेरित एवं जागरूक करें। ताकि सही नेतृत्व करने वाले का चुनाव हो। उन्होंने बच्चों को चुनाव प्रक्रिया से भी अवगत कराया। कंट्रोल यूनिट, वैलेट यूनिट एवं वीवीपेट की जानकारी दी तथा चुनाव में कार्यरत पदाधिकारियों के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय के कैंपस एंबेसडर के रूप में वर्ग दशम ए की छात्रा तृषा कुमारी ने सभी छात्रों एवं शिक्षकों को मतदान जागरूकता हेतू शपथ दिलाया। प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने बच्चों को बताया कि वे अपने परिवार, माता पिता एवं पड़ोसियों को बताएं कि वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए उन्हें मतदान अवश्य करनी चाहिए। कार्यक्रम में पीपीटी के माध्यम से बच्चों को मतदान संबंधित जरूरी जानकारी प्रदर्शित की गई।

## अवैध खनन व परिवहन पर लगाएं अंकुश पकड़े गए तो करें सख्त कार्रवाई: डीसी

**पाकुड़(एप्र)।** उपायुक्त मनीष कुमार ने मंगलवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक की। अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन, अवैध भंडारण के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय की समीक्षा की। उससे संबंधित अनुपालन की बिंदु वार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा लिया। वहीं जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को सख्त निर्देश दिया जाए कि कोई भी अवैध माइनिंग, परिवहन हुआ तो प्रतिनियुक्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स के पदाधिकारी व सदस्यों को क्षेत्रों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण करने को कहा। अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने को कहा। जांच के दौरान कोई भी वाहन ओवरलोडिंग पाए जाते हैं तो, वैसे वाहन मालिक एवं जिस क्रशर से लोडिंग हुआ है, उस क्रशर को भी सील करते हुए समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उपायुक्त ने पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन विभिन्न क्रशरों में औचक निरीक्षण के साथ छापेमारी अभियान चलाएं। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन सभी अपने अपने चेकनाका का औचक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच करेंगे की कितने वाहन का चलान की जांच की गई। जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को रोकने हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व थानेदारों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित कर औचक छापेमारी की जाए ताकि अवैध खनन करने वाले लोगों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार, मुख्यालय डीएसपी जितेंद्र कुमार, महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार एवं अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## अवैध देशी शराब किया नष्ट



**महेशपुर(एप्र)।** त्यौहार को देखते हुए महेशपुर पुलिस ने सोमवार रात को अवैध देशी शराब के कारोबारियों पर शिकंजा कसा है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रघुनाथपुर गांव में कार्रवाई करते हुए एक घर से लगभग 60 किलो जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया है। थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल सीमा से सटा हुआ रघुनाथपुर गांव में भारी मात्रा में तैयार अवैध देसी शराब का कारोबार किया जाता है। थाना प्रभारी के अलावे एसआइ रवि शर्मा एवं पुलिस बल के साथ गांव पहुंचकर एक घर में छापेमारी की गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में महुआ जावा बरामद किया गया। जिसे वहीं पर नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल बॉर्डर से सटे होने के कारण यहां पर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बनाकर बंगाल के अलावे झारखंड के अन्य गांव में सप्लाई किया जाता था। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान घर पर कोई भी मौजूद नहीं था। बताया कि मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डीसी-एसपी ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा का लिया जायजा



**पाकुड़(एप्र)।** उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मंगलवार को व्यवहार न्यायालय परिसर एवं ज्यूडिशियल कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पूरे न्यायालय परिसर में घूम-घूम कर एक-एक जगहों की बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रूम की जांच की गई। कोर्ट हाजत की सुरक्षा व्यवस्था का भी जांच किया गया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार का भी निरीक्षण किया। आम लोगों तथा अधिवक्ताओं का मुख्य द्वार पर डीएफएमडी व एचएचएमडी के माध्यम से की जा रही चेकिंग व्यवस्था का भी जायजा लिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जांच के दौरान न्यायालय परिसर में वॉच टावर, महिला जांच रूम तथा पार्किंग निर्माण को लेकर भी जायजा लिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। वहीं न्यायालय परिसर की सुरक्षा में लगे जवानों को सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अलर्ट मोड में ड्यूटी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने ज्यूडिशियल कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और समीक्षा भी की। इस मौके पर प्रभारी न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय पाकुड़, अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड़, पुलिस उपाधीक्षक (मु) पाकुड़, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पाकुड़ एवं परिचारी प्रवर मौजूद थे।

## जापान ऑन कैनवस पेंटिंग प्रतियोगिता में डीपीएस की छात्रा ने लहराया परचम



**पाकुड़(एप्र)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की पांचवीं कक्षा की छात्रा लावण्य श्री ने जापान ऑन कैनवस पेंटिंग प्रतियोगिता में विश्व स्तर पर सफलता हासिल कर माता-पिता, स्कूल व जिला का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि का महत्व स्कूल प्रबंधन स्कूल या राज्य के लिए ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर राष्ट्र के लिए भी मान रही है। इस संबंध में प्रधानाचार्य जेके शर्मा ने बताया कि डीपीएस पाकुड़ की छात्रा लावण्य श्री को जापान ऑन कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता में असाधारण पुरस्कार हासिल हुआ है। दिल्ली पब्लिक स्कूल पाकुड़ ने सांस्कृतिक उत्कृष्टता के साथ एक और मील का पत्थर हासिल किया है। स्कूल की युवा प्रतिभाएं अपनी सर्वांगीण क्षमता के साथ नए आयाम छू रही हैं। पांचवीं कक्षा की लावण्य श्री ने जापान ऑन कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता 2024 में असाधारण पुरस्कार हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 29 अगस्त 2024 को आयोजित की गई थी। जिसमें विश्व स्तर पर 200 से अधिक प्रमुख स्कूलों ने भाग लिया था। इस जीत का महत्व न केवल स्कूल या राज्य के लिए है, बल्कि विश्व स्तर पर राष्ट्र के लिए भी है। दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य जेके शर्मा ने कहा कि यह जीत हमारे स्कूल और छात्रों की प्रतिभा का परिचय देती है। हमें अपने छात्रों पर गर्व है और हम उनकी भविष्य की उपलब्धियों के लिए आश्वस्त हैं।

# यूथ चैरिटी के जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवी लुत्फल हक

## नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने का दिया भरोसा





**पाकुड़(एप्र)।** सदर प्रखंड के मनीरामपुर उत्तर टोला में सोमवार को यूथ चैरिटी संस्था की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पाकुड़ के मशहूर समाजसेवी लुत्फल हक शामिल हुए। लोगों में समाज सेवा के कार्यों के प्रति जागरूक करना और गरीबों तथा असहाय जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। बता दें कि यूथ चैरिटी संस्था पिछले करीब दो महीने से सक्रिय हैं और गरीबों जरूरतमंदों को आर्थिक रूप से मदद पहुंचाने का काम रही है। मरीजों को रक्तदान कर इलाज में भी मदद पहुंचा रही है। यूथ चैरिटी ने लोगों को सेवा देकर कम समय में ही अपनी पहचान बनाने में कामयाबी हासिल की है। आयोजित कार्यक्रम में यूथ चैरिटी के संस्थापक अकीमुद्दीन शेख ने मुख्य अतिथि समाजसेवी लुत्फल हक का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। वहीं लुत्फुल हक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मनीरामपुर पंचायत के मुखिया मजिबूर रहमान, मो. रिजाउल शेख, साफिकुल शेख, जौहर शेख सहित यूथ चैरिटी के सदस्यों ने भी समाजसेवी लुत्फल हक को फुल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं मंच का संचालन यूथ चैरिटी के वाकर आजम ने किया। आयोजित कार्यक्रम में लुत्फल हक के समाजसेवा के कार्यों की सराहना की गई। उनके द्वारा गरीब जरूरतमंदों को किए जा रहे मदद का जिक्र करते हुए प्रशंसा की गई। उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए देश विदेशों में लुत्फल हक को मिलें सम्मान का भी जिक्र किया। आयोजित कार्यक्रम में यूथ चैरिटी के उद्देश्यों को रखा गया। मंच संचालन कर रहे वाकर आजम ने बताया कि जरूरतमंदों को मदद करने के उद्देश्य से ही यूथ चैरिटी का गठन किया गया है। पिछले करीब दो महीने से समाजसेवा में उतरी यह संस्था गरीब जरूरतमंदों को आर्थिक रूप से मदद कर रही है। यूथ चैरिटी मरीजों को रक्तदान के रूप में भी मदद करती है। इन्हीं उद्देश्यों को साथ लेकर चलने की मंशा से बनी यूथ चैरिटी से युवाओं का जुड़ना लगातार जारी है। अगर इसी तरह युवाओं का जुड़ना जारी रहा तो यह संस्था अधिक से अधिक लोगों को मदद पहुंचा सकती है। यूथ चैरिटी के संस्थापक अकीमुद्दीन शेख ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि इस नेक काम में हमारा साथ दें। आपका साथ हमें ज्यादा ताकत देगी और हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को मदद कर सकेंगे। अकीमुद्दीन शेख ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ और सिर्फ गरीबों को मदद करना है। मरीजों को रक्तदान के जरिए उनका सेवा करना है। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लुत्फल हक ने कहा कि आपको हमसे जो भी उम्मीदें हैं, हम उसे पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। लुत्फल हक ने मंच से मरीजों की सुविधा के लिए निःशुल्क एंबुलेंस सेवा मुहैया कराने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आप सबों के बीच एंबुलेंस उपलब्ध होगा। पाकुड़ प्रखंड के सभी पंचायतों और गांवों में यह एंबुलेंस सेवा मुहैया कराया जाएगा। किसी एक जगह पर मिडल प्वाइंट में एंबुलेंस दिया जाएगा। एंबुलेंस सेवा के लिए मोबाइल नंबर जारी किया जाएगा। पाकुड़ प्रखंड के किसी भी पंचायत या गांव से जरूरत पड़ने पर मोबाइल नंबर पर संपर्क करेंगे। लुत्फल हक के इस घोषणा से ग्रामीणों ने खुशी जताई। मौके पर सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### सीसीएल में रहने वाले निवासियों को नहीं मिली सरकारी सुविधा

**गिरिडीह(निस)।** गिरिडीह विधानसभा भाजपा नगर मंडल के वार्ड संख्या 18 अनुसूचित जाति के हाड़ी समाज झिझरी मोहल्ला में सेवानिवृत्ति



इंजीनियर विनय कुमार सिंह द्वारा आज जनसंपर्क करते हुए पूरे मोहल्ले वासियों से घर-घर घूम कर जन समस्याओं से अवगत हुए, इंजीनियर विनय कुमार सिंह द्वारा बताया गया की हाड़ी समाज में गरीब परिवार के लोग वर्षों से डेली वेजेज में कार्य कर रहे हैं अनेकों बार जन समस्याओं को अवगत कराने के बाद इन्हें नियमित नहीं किया गया साथ ही जो कर्मचारी सेवा में रहते हुए देहांत हो गए उनके आश्रितों को नौकरी भी नहीं मिली कई परिवारों को राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी नहीं बना है तथा सीसीएल की जमीन रहने के कारण किसी को प्रधानमंत्री आवास की सुविधा नहीं मिली है जिन्हें राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बना है उन्हें यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के कुशल नेतृत्व में अनाज की सुविधा एवं आयुष्मान कार्ड के तहत पांच लाख मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त हो रही है जिसे लेकर वहां की जनता मोदी जी से काफी प्रभावित हैं, जनता के द्वारा बताया गया की सरकार का कोई जनप्रतिनिधि या सरकारी सेवक कभी भी इसकी सूझबूझ लेने के लिए यहां नहीं आए हैं सरकार द्वारा किए गए झूठे वादे को जनता पूरी तरह समझ रही है बातचीत के क्रम में उन लोगों के द्वारा बताया गया की गिरिडीह विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी को कमल फूल छाप पर मोहर लगाकर विजयी बनाएंगे ताकि झारखंड में भाजपा की सरकार बने एवं मोदी जी का हाथ मजबूत हो उनके द्वारा यह भी बताया गया कि नरेंद्र मोदी ही झारखंड प्रदेश का विकास कर सकते हैं, मौके पर ग्राम उपाध्यक्ष राजेश हाड़ी, श्री पिंकू हांडी, आकाश हांडी,सचिन हाड़ी , कृष्ण हाड़ी ,मोहन हाड़ी ,रवि हाडी सहित सैकड़ो पुरुष एवं महिलाएं थी उपरोक्त समस्याओं से संबंधित आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग से संपर्क किया जाएगा।

### 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मी बैठे भूख हड़ताल पर, शहर में निकाली गयी रैली

**गिरिडीह (निस)।** मंगलवार को हेमंत सरकार द्वारा शुरू की गयी एम्बुलेंस सेवा 108 के 37 एम्बुलेंस के चालक और इनके टेक्नीशियन




भूख हड़ताल पर बैठ गये। इससे पूर्व सभी एम्बुलेंस सायरण बजाते हुए एम्बुलेंस रैली की शक्ल में कतारबद्ध होकर शहर के मुख्य मार्ग होते हुए स्टेडियम पहुंचे। भूख हड़ताल के दौरान ही बताया गया कि बुधवार से सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। मंगलवार को गिरिडीह स्टेडियम के समीप एम्बुलेंस ड्राइवरों के साथ कई टेक्निशियन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते नजर आये। सौ से अधिक चालक और टेक्निशियन इस दौरान प्रदर्शन में शामिल हुए। आरोप लगाते हुए 108 एम्बुलेंस संघ के सदस्यों में बबलू तांती और तारणि दास ने कहा कि पिछले तीन महीने से आउट सोर्सिंग एजेंसी द्वारा उन्हें वेतन भुगतान नहीं किया गया। कई पर्व बीतने के बाद भी उनकी मांगों को नहीं सुना गया। अब संघ राज्य सरकार से मांग करती है कि उनकी सेवा स्थाई की जाये और तुरंत उनके बकाया वेतन का भुगतान किया जाये। क्योंकि पूरे राज्य में 108 एम्बुलेंस से जुड़े कर्मियों की हालात खराब है। इधर प्रदर्शन में मनोज वर्मा, सुजीत वर्मा, विकाश वर्मा, नीलेश कुमार, दीपक रजक समेत कई मौजूद थे। इधर सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा से पूछे जाने पर कि हड़ताल पर अस्पताल से रेफर कैसे किया जाना है तो सिविल सर्जन ने हाथ खड़ा करते हुए कहा कि हड़ताल शुरू हुई, तो एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। लेकिन मरीजों को राहत मिलने से जुड़े सवाल पर सिविल सर्जन ने गोल मटोल जवाब दिया।

### चुनाव के पूर्व सड़क निर्माण की पहल नहीं हुई तो करेंगे मतदान वहिष्कार

**दुमका ( काप्र)।** शिकारीपाड़ा प्रखंड के बाकीजोर पंचायत अंतर्गत ग्राम बाकीजोर नीम टोला से कोल पाड़ा तक पथ निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों का आक्रोश देखने को मिला। मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा चुनाव तिथि की घोषणा करने से पूर्व ग्रामीण महिला राय मनी सोरेन एवं समाजसेवी हाबिल मुर्मू के नेतृत्व में तकरीबन 60 महिला पुरुषों ने भारत निर्वाचन आयोग एवं आयुक्त दुमका के नाम एक सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम को समर्पित करते हुए चेतावनी दी कि विधानसभा चुनाव 2024 के पूर्व सड़क निर्माण की पहल नहीं हुई तो सामूहिक मतदान वहिष्कार किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि हम आदिवासियों का एकमात्र आवागमन का यही मार्ग है जो बारिश के दिनों में कीचड़युक्त एवं दलदल नुमा बन जाता है। अगर कोई बीमार पड़ता है तो उसे लाने के लिए गांव तक एंबुलेंस भी नहीं जा पाती है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाती है। कहा कि इसको लेकर 2021 से अब तक प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने केवल आश्वासन दिया है, आज तक गांव की सड़क का निर्माण कार्य नहीं शुरू किया गया। इस संदर्भ में हम लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक, सांसद और स्थानीय प्रशासन को मौखिक तथा लिखित आवेदन देकर सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ करने की मांग की थी, लेकिन उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसा प्रतीत होता है कि हमें सड़क सुविधा और हक अधिकार से वंचित करने का यह एक अप्रत्यक्ष रूप से साजिश है। हमें विकास से वंचित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि हम बहुत आहत नाराज और आक्रोशित हैं तथा स्थानीय प्रशासन और राज्य एवं केंद्र सरकार से हमारा विश्वास और भरोसा उठ गया है। मजबूरन सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के पूर्व हमारे मांग पत्र पर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो हम सामूहिक मतदान बहिष्कार करेंगे। इसकी प्रतिलिपि भारत निर्वाचन आयोग, आयुक्त संथाल परगना एवं उपायुक्त दुमका को समर्पित किया गया है। आवेदन समर्पित करने वालों में रायमनी सोरेन मनोज मरांडी प्रेम टुडू संजू हेंब्रम मंत्री हेंब्रम साबनी सोरेन सुशीला टुडू लखीराम हेंब्रम सहित 60 व्यक्तियों का हस्ताक्षर है।

# चुनाव की तैयारी शुरू, आचार संहिता लागू

**दुमका ( का प्र)।** विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मंगलवार को को निर्वाचन की घोषणा के उपरांत पूरे जिले में आचार संहिता लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे दुमका जिला अंतर्गत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत 20 नवंबर को मतदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि गजट प्रकाशन की तिथि 22 अक्टूबर, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर,नाम निर्देशन पत्रों के जांच की तिथि 30 अक्टूबर, नाम वापसी की अंतिम तिथि - 1 नवंबर, मतदान की तिथि 20 नवंबर व मतगणना की तिथि 23 नवंबर को निर्धारित की गई है।




### 9.84 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दुमका जिला अंतर्गत 4 विधान सभा क्षेत्र में कुल 9,84,646 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 7-शिकारीपाड़ा के 2,29,971 मतदाता, 10 दुमका के 2,59,079 मतदाता, 11-जामा के 2,24,553 मतदाता, 12-जरमुंडी के 2,71,043 मतदाता शामिल हैं। जिसमें पुरुष मतदाता 4,85,951 एवं महिला वोटरों की संख्या 4,98,688 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 7 है। जिले में कुल 1157 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। साथ हीं दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के पश्चात आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। आचार संहिता का उलंघन करनेवालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई होगी।

### आदर्श आचार संहिता सख्ती से हो लागू

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो। इनमें मीडिया प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। उन्होंने विधानसभा आम चुनाव को लेकर मतदाताओं से भयमुक्त होकर शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होने बताया कि विधानसभा आम चुनाव सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से पूर्व में हीं सभी कोषांगों का गठन कर दिया गया है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बार शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कई स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप, सी विजिल ऐप आदि की जानकारी भी आमजनों को दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसी अधिसूचना के साथ पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। सभी संबंधित अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का उचित अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने के अलावे सीमावर्ती ईलाकों में विशेष गश्ती व विशेष अभियान चलाया जायेगा, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जायेगी। भ्रामक और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि फ्लाइंग स्क्वॉड और स्टैटिक निगरानी दल का गठन किया गया है। ताकि शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव संपन्न कराया जा सकें।

### चुनाव की तैयारी को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की बैठक



**दुमका ( काप्र)।** आगामी झारखण्ड विधानसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिले में बनाए गए सभी मतदान केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा हेतु प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल की अध्यक्षता में प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय सभागार में बैठक आहूत की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कतिपय मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं यथा- पेयजल, विद्युत, शैचालय, रैंप, पहुंच पथ आदि की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। आयुक्त ने बैठक में उपस्थित पदधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था एक सप्ताह के अंदर निश्चित रूप से सुनिश्चित की जाय तथा इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। आयुक्त ने निर्देश दिया कि ऐसे मतदान केंद्र जहां दिव्यांग मतदाता मतदान करेंगे, उन पर व्हीलचेयर एवं नियमानुसार वॉलिंटियर्स की व्यवस्था की जाय। वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्हें बीएलओ के माध्यम से मतदान की तिथि और मतदान केंद्रों के बारे में ससमय अवगत कराया जाय। जिले में महिला संचालित मतदान केन्द्रों का चयन कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिले में जिन मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाएगा, उन्हें रंगोली एवं स्थानीय सामग्री से सुसज्जित करें। महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों में महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। बैठक में आयुक्त के सचिव-सह-उप निदेशक, कल्याण अमित कुमार, उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव, संथाल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार शेलेन्द्र रजक, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमंडल, उप निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, जिला कल्याण पदाधिकारी, पाकुड़, साहेबगंज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी दुमका, सहेबगंज, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, जिला शिक्षा अधीक्षक दुमका, गोड्डा, साहेबगंज, आयुक्त कार्यालय के प्रशाखा पदाधिकारी मोहम्मद अमजद हुसैन, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी सौरभ कुमार तिवारी, सहायक तकनीकी पदाधिकारी विधान चक्रवर्ती, आशुलिपिक भादू देहरी आदि उपस्थित थे।

# महर्षि मेंहीं ट्रस्ट परिसर में आयोजित पाक्षिक ध्यानाभ्यास शिविर संपन्न





**गोड्डा (एप्र)।** शारदीय नवरात्रा पर स्थानीय महर्षि मेंहीं ट्रस्ट परिसर में आयोजित पाक्षिक ध्यानाभ्यास शिविर सोमवार का विधिवत समापन किया गया। शिविर में पिछले 15 दिनों से पांच घंटे ध्यानाभ्यास व तीन बेला सत्संग का आयोजन किया गया। ध्यानाभ्यास शिविर का मार्गदर्शन कुप्पाघाट के संत सत्यप्रकाश बाबा कर रहे थे। प्रवचन के दौरान बाबा सत्यप्रकाश ने कहा कि ईश्वर का ध्यान करना, कीर्तन करना, सत्संग करना ही भक्ति हैं। ईश्वर की भक्ति करने से ही जीवन मात्र का कल्याण संभव है। ध्यानाभ्यास के नित अभ्यास से ईष्ट की सूरत दृष्टिगोचर होने लगती है। इष्ट की छवि पर ध्यान केन्द्रीय करने पर ही दिव्य प्रकाश का आभास होता है। ध्यान को टिकाने का अभ्यास से ही जीवात्मा का साक्षात्कार संभव है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अमूल्य है। इसे मुक्ति का धाम कहा जाता है। इस जन्म में भक्ति करने से ही परमात्मा की प्राप्ति होगी और जीव का उद्धार हो सकेगा। सभी धार्मिक ग्रंथ सत्संग करने की सलाह देते हैं। इसके अलावा अन्य महात्मा ने भी बारी- बारी से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन व अध्यक्षीय भाषण ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश मंडल ने दिया। कार्यक्रम के अंत में सौ से अधिक लोगों के बीच धोती- साड़ी व गमछी का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के मंत्री रामजीवन मंडल, कोषाध्यक्ष जगदीश पंजियारा, व्यवस्थापक श्रवण मांझी, स्वामी बासुदेव बाबा, अशोक बाबा आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### खेलो झारखंड राज्यस्तरीय एथलेटिक्स मीट में शामिल होने गोड्डा की टीम रांची रवाना



**गोड्डा (सवंददाता)।** खेलो झारखंड राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के एथलेटिक्स स्पर्धा में भाग लेने के लिए 90 सदस्यीय दल रांची के लिए रवाना हुआ। खेलगांव रांची में प्रतियोगिता 16 से 19 नवंबर के बीच आयोजित होनी है। एथलेटिक्स स्पर्धा में कुल छह वर्गों में खिलाड़ियों का दल गया है। जिसमें अंडर 14 बालक बालिका, अंडर 16 में बालक बालिका तथा अंडर-19 में बालक बालिका के खिलाड़ी शामिल है। मैनेजर के रूप में खिलाड़ियों के साथ एथलेटिक्स कोच सह शारीरिक शिक्षा शिक्षक नीरज कुमार, किशोर कुमार, संजय सोरेन, मंगल सरदार, पिंकी गुप्ता ,प्रियंका खंडेलवाल भी साथ रवाना हुए है। खिलाड़ियों को शुभकामना संदेश देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू ने कहा कि एथलेटिक्स की टीम पूर्व की टीमों से प्रेरणा लेते हुए अच्छा प्रदर्शन करेगी। शारीरिक शिक्षा शिक्षकों में नीरज कुमार सिंह, अनंत कुमार यादव, सनी भारती, जहीर अब्बास, महानंद यादव, लल्लन कुमार, जहीर आलम, गौतम कुमार, सुशील कुमार सिंह, सोनी कुमारी, अनुपम मिश्रा, अजय राय ने शुभकामना देकर खिलाड़ियों को विदा किया।

# चुनाव की तारीख का ऐलान होते ही, आदर्श आचार संहिता लागू

**गिरिडीह (निस)।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मंगलवार को निर्वाचन की घोषणा के उपरांत पूरे जिले में आचार संहिता लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे गिरिडीह जिला अंतर्गत सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण के तहत 20 नवंबर को मतदान किया जाना है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा जानकारी दिया गया गयी कि 22 अक्टूबर को गैजेटी नोटिफिकेशन की तारीख तय की गयी, नामांकण की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर को निर्धारित किया गया है, स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 30 अक्टूबर, नाम वापसी की अंतिम तिथि 1 नवंबर तय किया गया है। वहीं मतदान की तिथि 20 नवंबर को निर्धारित किया गया है। वहीं मतगणना की तिथि 23 नवंबर तथा चुनाव प्रक्रिया समाप्ति की तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई है। उपायुक्त ने बताया कि गिरिडीह जिला अन्तर्गत 06 विधान सभा क्षेत्र में कुल 20,54,303 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 28 धनवार के 3,70,226 मतदाता, 29 बगोदर के 3,86,603 मतदाता, 30 जमुआ के 3,58,488 मतदाता, 31 गांडेय के 3,19,358 मतदाता, 32 गिरिडीह के 3,04,170 मतदाता तथा 33 डुमरी के 3,15,458 मतदाता शामिल हैं। जिसमें पुरुष मतदाता 10,52,340 एवं महिला वोटरों की संख्या 10,01,953 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 10 तथा सर्विस वोटर की संख्या 1845 है। जिले में कुल 2393 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ हीं दिव्यांग व बुजूर्ग मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना जारी होने के पश्चात आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उक्त परिप्रेक्ष्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। आचार संहिता का उलंघन करनेवालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई होगी।




### आदर्श आचार संहिता सख्ती से हो लागू

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो इनमें मीडिया प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अलावे उपायुक्त ने विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर मतदाताओं से भयमुक्त होकर शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की। साथ ही उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा आम चुनाव सम्पन्न कराने के दृष्टिकोण से पूर्व में हीं सभी कोषांगों का गठन कर दिया गया है। प्रत्येक कोषांग के लिए प्रभारी पदाधिकारी के साथ-साथ वरीय पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न प्रखंडों कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बार शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कई स्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप, सी विजिल ऐप, 1950, सक्षम ऐप आदि की जानकारी भी आमजनों को दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि एफएसटी दल की संख्या 17 है, जो तीन शिफ्ट में कार्य करेंगे। इसी प्रकार एसएसटी दलों की संख्या भी 17 है, जो तीन शिफ्ट में कार्य करेगें। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से 17 चेकनाका बनाया गया है, जिसके माध्यम से आवागमन की नियमित निगरानी की जाएगी। तथा एईओ की संख्या 6, वीएसटी की संख्या 39, वीवीटी की संख्या 6 है। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के इस पर्व में 10, 528 मतदान कर्मियो की प्रतिनियुक्ति की गई है। 28 धनवार विधानसभा क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, खोरी महुआ, 29 बगोदर विधानसभा क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, बगोदर सरिया, 30 जमुआ विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी के रूप में अपर समाहर्ता, 31 गांडेय विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, 32 गिरिडीह विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह तथा 33 डुमरी विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए निवार्ची पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसी अधिसूचना के साथ पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। सभी संबंधित अधिकारियों/पुलिस अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का उचित अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने के अलावे सीमावर्ती ईलाकों में विशेष गश्ती व विशेष अभियान चलाया जायेगा, ताकि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जायेगी। भ्रामक और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि फ्लाइंग स्क्वॉड और स्टैटिक निगरानी दल का गठन किया गया है। ताकि शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव संपन्न कराया जा सकें। इस दौरान गिरिडीह जिला अंतर्गत सभी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**दूसरे चरण के तहत 20 नवंबर को होगा मतदान**

### भू-विस्थापित खेल दिवस पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**ललमटिया (संवाददाता)।** भू विस्थापित खेल दिवस के अवसर पर बासाबगान क्लब द्वारा ग्राम बड़ा भोड़ाय स्थित चांद भैरो स्टेडियम के खेल मैदान में मंगलवार को दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम प्रधान जीतवरण किस्कू ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच रामगढ़ की टीम तथा एफसी बोकारो टीम के बीच खेला गया। रामगढ़ की टीम ने एफसी बोकारो टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाया। प्रतियोगिता में एमएसएफसी दिनाजपुर, एफसी पटना बिहार, बीरबगान इमली चौक गोड्डा, माही एलेवन बर्दवान, सिद्धू कान्हू मुर्मू क्लब भोगनाडीह, कृष्णा क्लब रामगढ़ दुमका, एफसी हजारीबाग, तमाशाचक ठाकुरगंगटी, सरहद शिकारी गोड्डा, पीएचएस9 दिनाजपुर, एएससी हाट डुमरिया, एमपीसी बरहरवा, प्रेम नगर सोनासंथाल गिरिडीह, सीटीसी सवैया मानिकपुर कुल सोलह टीमों में भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजन में कॉमेंटेटर के रूप में मंचन हांसदा, मुन्ना पंडित, राजेंद्र भूमिका निभा रहे हैं। प्रतियोगिता में विजयी होने वाली टीम को एक लाख, उपविजेता टीम को 70 हजार, तृतीय स्थान आने वाले को 15 हजार तथा चौथे स्थान को भी 15 हजार पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल



**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर साहेबगंज हाईवे में पांडेयडीह मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना मंगलवार शाम 6:30 बजे की है। तीनों युवक बाइक से दुमका मसानजोर डेम से वापस नारायणपुर थाना क्षेत्र के कुमरगड़िया आ रहे थे। वहीं पांडेयडीह मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बोलोरो ने ठोकर मार दिया। दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद नारायणपुर थाना को सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर लाया गया। जहां युवकों की पहचान दुर्गु रजवार, पप्पू रजवार एवं संजय सिंह के रूप में किया गया। तीनों कुमरगड़िया के रहने वाले हैं। घटना के बाद बोलोरो चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकले जिसके बाद पुलिस ने दोनों वाहन को जब्त कर थाना ले आई है।

### प्रखंड कांग्रेस कमिटी कार्यालय का उद्घाटन



**नाला (एप्र)।** चालेपाड़ा मोड़ के समीप नाला प्रखंड कांग्रेस कमिटी कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ नेता मृत्युंजय बनर्जी ने किया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष समर माजी के नेतृत्व में एक गोष्ठी का आयोजन कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। मौके पर जिला कांग्रेस कमिटी उपाध्यक्ष पंकज झा, महिला नेत्री पूर्णिमा धर, फतेहपुर प्रखंड अध्यक्ष मो. जलालुद्दीन अंसारी, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष सनत कुमार माजी, पंचायत समिति सदस्य गुलशन अली, जितेंद्रनाथ मंडल, मिमरान मिस्त्री, मो. इरसाद अली, रसिलाल टुडू, दीपक कुमार मंडल, तपन कुमार तिवारी, काजी अनवर इस्लाम, मोहन माजी, मसीहुर रहमान, आनंद राय, गोविंद वर्मन, दिलीप बाउरी, रंजीत कुमार लायेक आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नाला इंटर कॉलेज का सर्जेंट मेजर ने किया निरीक्षण



**नाला (एप्र)।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक जामताड़ा के निर्देश के आलोक में नाला इंटर कॉलेज में फोर्स ठहराव को लेकर सर्जेंट मेजर जामताड़ा अजीत कुमार चौबे तथा सार्जेंट किशोर कुमार ने मंगलवार को नाला इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया। उन्होंने बिजली,पानी, शौचालय, इंटरनेट कनेक्शन आदि मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर सर्जेंट मेजर जामताड़ा अजीत कुमार चौबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर नाला इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि एरिया डोमिनेशन के लिए जो फोर्स आएंगे उनके आवासन को लेकर पानी, लाइट, शौचालय ठीक है या नहीं इन सभी का जांच किया गया। मौके पर नाला थाना के एएसआई संजय गहलोत आदि मौजूद थे।

### सरकारी सोलर पंप से किसानों को नहीं मिल रहा पानी

**करमाटांड़ (एप्र)।** करमाटांड़ थाना क्षेत्र के जियालजोरी गांव में सरकारी सोलर पंप से असामाजिक तत्वों द्वारा किसानों को पानी नहीं देने के कारण किसानों ने इसको लेकर अंचलाअधिकारी से शिकायत किया। जिसमें लिखित आवेदन में उन्होंने बताया कि गांव के विकास मंडल जो पेशेवर एक शिक्षक हैं। जिसके द्वारा सरकारी सोलर पंप से पानी नहीं दिया जा रहा है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की चुनाव की तैयारी को लेकर प्रेसवार्ता



* दूसरे चरण में संपन्न होगा चुनाव, प्रशासनिक तैयारी पूरी
* निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन तत्पर

**जामताड़ा (एप्र)।** मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के उपरांत विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रेस वार्ता कर सभी जानकारियां दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि जिले के 8 नाला, 9 जामताड़ा एवं 14 सारठ में दूसरे चरण में मतदान संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि गजट प्रकाशन की तिथि 22 अक्टूबर, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर, नाम निर्देशन पत्रों के जांच की तिथि 30 अक्टूबर, नाम वापसी की अंतिम तिथि - 1 नवंबर, मतदान की तिथि 20 नवंबर व मतगणना की तिथि 23 नवंबर को निर्धारित की गई है।

**5.62 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग...**

उपायुक्त ने बताया कि बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 में जिले के कुल 766 मतदान केंद्रों में मतदान होगा, जिसमें 8 नाला के 336 मतदान केंद्र, 9 जामताड़ा के 366 मतदान केंद्र एवं 14 सारठ अंश के 64 मतदान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिले के 8 नाला विधानसभा क्षेत्र के 1 लाख 22 हजार 873 पुरुष एवं 1 लाख 19 हजार 297 महिला सहित कुल 2 लाख 42 हजार 170 मतदाता तथा 9 जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के 1 लाख 61 हजार 57 पुरुष, 1 लाख 59 हजार 51 महिला एवं 03 ट्रांसजेंडर मतदाता सहित कुल 3 लाख 20 हजार 111 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता प्रभावी...**

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने दिल्ली के द्वारा विधानसभा आम चुनाव को लेकर तिथियों के घोषणा के साथ ही आज से जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इस संबंध में सभी थाना प्रभारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया है कि आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित कोई भी मामला आता है तो नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। इसके अलावा जिले के सभी आर्म्स का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। चुनाव के दौरान मतदाताओं के बीच शराब बांटने एवं नगद राशि बांटने पर भी जिला प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। सी विजिल के माध्यम से अवैध कारोबार पर निगरानी रखी जायेगी। वहीं सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि बड़ी मात्रा में लेनदेन करने वाले खाताधारियों का सूचना देंगे। वहीं उत्पाद विभाग को अवैध शराब के कारोबारी पर लगातार छापेमारी की कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता की घोषणा के 24 घंटे के अंदर सरकारी संपत्ति पर सभी दीवार लेखन, पोस्टर/कागज या किसी अन्य रूप में विरूपण, कटआउट, होर्डिंग्स, बैनर, झंडे को हटा दिया जाएगा। इसके अलावा राजनीतिक दल, उम्मीदवार या चुनाव से जुड़े किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा सरकारी वाहन का दुरुपयोग निषिद्ध है। वाणिज्यिक वाहनों पर झंडा, स्टीकर लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि वह वाहन वैध रूप से चुनाव प्रचार के लिए उपयोग में न लाया गया हो। मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अधीन निजी वाहनों में यदि झंडे और स्टीकर का उद्देश्य किसी विशेष पार्टी को आकर्षित करना हो तो आईपीसी की धारा 17एच, भारतीय न्याय संहिता की धारा 176 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक संपत्ति, सार्वजनिक स्थान यथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हवाई अड्डे, रेलवे पुल, सड़क मार्ग, सरकारी बसें, बिजली टेलीफोन के खंभे, निकाय की इमारतों आदि पर दीवार लेखन या अन्य सामग्री, सभी अनधिकृत राजनैतिक विज्ञापन हटा ली जाएगी। इसके अलावा 72 घंटे के अंदर लागू की जाने वाली गतिविधियों यथा मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति, वलनेरेबल और क्रिटिकल मतदान केंद्र का पहचान आदि के बारे में बताया गया।

**कोषांगों के गठन सहित अन्य बिंदुओं पर दी गई अहम जानकारी**

इसके अलावा जिले में सुरक्षा बल की आवश्यकता, एमसीएमसी, डिस्ट्रिक्ट स्टैंडिंग कमेटी, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग के अलावा विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु गठित विभिन्न कोषांगो यथा कार्मिक, सामग्री, ईवीएम, वाहन कोषांग, प्रशिक्षण, निर्वाचन, प्रेक्षक, मीडिया, स्वीप, कंप्यूटर, हेल्पलाइन एवं जनशिकायत का गठन कर सभी को क्रियाशील किया गया है। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जिला प्रशासन के द्वारा निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजन के साथ साथ शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब ,उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अनुमंडल पदाधिकारी, जामताड़ा अनंत कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जामताड़ा विकास आनंद लांगुरी, मुख्यालय डीएसपी, प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी नाला आकांक्षा कुमारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ऑटो- टोटो चालकों का प्रशासन के खिलाफ फूटा आक्रोश, मंत्री आवास को घेरा



**जामताड़ा (एप्र)।** दुर्गा पूजा में शहर में ट्रैफिक व्यवस्था नियंत्रित करने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से ट्रैफिक रूट का निर्धारण किया गया था। जिसमें कुछ जगहों पर ऑटो टोटो या चार पहिया एवं बड़े वाहनों के प्रचलन को लेकर रोक लगा दी गई थी और रूट डायवर्ट कर दिया गया था लेकिन विसर्जन के बाद भी रूट क्लियर नहीं होने पर मामला बिगड़ गया। पूजा के बाद रूट नहीं खोला गया और ऑटो टोटो चलको के साथ ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने पर ऑटो टोटो चालकों का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित चालकों ने कोर्ट रोड स्थित ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी के आवास को घेर दिया और सड़क जाम करने पर उतर गए, हालांकि कुछ लोगों के प्रयास से सड़क जाम कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया, लेकिन घंटों मंत्री आवास पर नारेबाजी चलती रही । मामले की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार को मिली। उन्होंने तत्काल मैसेज देकर अपने यहां ऑटो टोटो चालकों की एक बैठक बुलाई, जिसमें ट्रैफिक इंस्पेक्टर रविंद्र नाथ यादव भी शामिल हुए। लगभग आधे घंटे तक चली वार्ता के बाद जो भी कंफ्यूजन था उसे दूर कर लिया गया। साथ ही ऑटो टोटो चालकों को ट्रैफिक कंट्रोल के बाबत कुछ निर्देश भी दिए गए और कुछ स्थल चिन्हित कर वहां ऑटो टोटो पार्किंग करने से मना की गई। जिस पर सहमति बनने के साथ ही बंद किए गए रूट को चालू कर दिया गया। बता दें कि अनुमंडल कोर्ट परिसर स्थित हनुमान मंदिर से बाजार के तरफ जाने की एंट्री नहीं दी जा रही थी। संघ का कहना है पूजा अवधि के लिए बाजार में प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। पूजा समाप्ति के बाद भी प्रशासन मनमानी कर रही है । संघ के लोगों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी ऑटो-टोटो चालकों के साथ गाली गलौज कर रहे हैं।

### उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का विस अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

## हेमंत सरकार के 5 साल का विकास का कार्य विपक्षियों पर पड़ा भारी : रविंद्र



**नाला (एप्र)।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तर्गत सुन्दरबाड़ी और भंडारकोल के बीच हिंगला नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान आयोजक समिति तथा स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने विधिवत पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। मौके पर श्री महतो ने कहा कि पुल निर्माण हो जाने से यहां के लोग आवागमन सुगमता पूर्वक कर सकेंगे। यहां के लोगों की मांग थी कि पुल निर्माण हो जाने से दुमका, कुंडहित जाने के लिए समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि अगले 3-4 महीने के अंदर पुल बनकर तैयार हो जायेगा। मालूम हो कि यह पुल लगभग 4 करोड़ की लागत से बनेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का 5 साल का विकास का कार्य विपक्षियों पर काफी भारी पड़ा। आज हेमंत सरकार खासकर महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए महिला सम्मान योजना के तहत उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया, आज पूरे राज्य में इस योजना की सराहना चल रही है। मंच पर उन्होंने यह भी कहा कि पांचवे किस्त के रूप में 2500 कैबिनेट में पास कर दी गई है। मालूम हो कि इस दौरान स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के विकास कार्य से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने अन्य पार्टी को छोड़ झामुमो का दामन थामा। वहीं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक रविंद्र नाथ महतो ने सभी नए कार्यकर्त्ताओं का माला तथा पार्टी का पट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य, प्रखंड सचिव सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष जयधन हांसदा, फतेहपुर प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार महतो आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर 20 सूत्री सदस्य भवसिंधु लायेक, खकन मंडल, तपन राउत, संदीप गोराई, उत्तम मिर्धा वासुदेव मिर्धा, कार्तिक मिर्धा, कमल राउत, आस्तिक राउत, मुकेश खैयरा, कृष्णा टुडू, विजय खैयरा, प्रदीप बनर्जी, संवेदक शशी चंद, अजय कुमार आदि गणमान्य लोग तथा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 30 गांवों में लगाया नियमित टिकाकरण शिविर

**नारायणपुर (एप्र)।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नारायणपुर प्रखंड के कालीपहाड़ी समेत कुल 30 गांवों में मंगलवार को नियमित टीकाकरण शिविर लगाया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर की एएनएम ने नारायणपुर प्रखंड के कालीपहाड़ी, मधुबन, ब्रजपुर, लक्ष्मीपुर, पीठवाडीह, दिघारी, दुलाडीह, चितामी, शहरपुर, कठडाबर, पोखरिया, कुमारपहाड़ी, जबरदहा आदि गांव में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण किया। एएनएम ने उक्त टीकाकरण शिविर में ओपीभी, रोटा, पेन्टा, एमआर, डीपीडी बूस्टर आदि का टीका दिया। इसके पश्चात एएनएम ने गांव की महिलाओं को परिवार नियोजन की विधि अपनाने को लेकर उन्हें जागरुक कर परिवार नियोजन के अस्थाई उपाय अपनाने वाले लाभुकों के बीच परिवार नियोजन कीट का वितरण किया। शिविर में एएनएम ने स्वास्थ्य सहिया के साथ मिलकर लाभुकों को परिवार नियोजन के स्थाई विधि अपनाने के बारे में जानकरी दी। मौके पर ममता कुमारी, बसंती मुर्मू, सरोदी हेंब्रम, फतीमा खातुन, मुस्कान प्रवीण, नीलम कुमारी, सुषमा टुडू, कुमारी अनुपम, नंदनी कुमारी, सफीदा खातुन, प्रमीला टुडू, शकुंतला शर्मा, मनीषा मरांडी आदि एएनएम मौजूद थी।

## नहर में डूबने से एक अधेड़ की मौत



**कुंडहित (एप्र)।** मंगलवार दोपहर को अजय बराज नहर में नहाने के दौरान एक अधेड़ की मृत्यु हो गई। घटना के बाद ग्रामीण एवं परिजनों द्वारा 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया, लेकिन एंबुलेंस कर्मी हड़ताल पर चले जाने की वजह से नहीं पहुंचे। ग्रामीण निजी वाहन लेकर कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कुंडहित पंचायत अंतर्गत पहाड़गोड़ा निवासी 55 वर्षीय सनातन हेंब्रम दोपहर को घर के सामने अजय बराज नहर में नहाने गया था। इसी बीच मूर्छित होकर वहां पानी में डूब गया। कुछ देर बाद स्थानीय लोगों द्वारा उसे तैरता हुआ देखा और पानी से निकाला। तत्पश्चात 108 एम्बुलेंस को फोन किया गया, लेकिन 108 एंबुलेंस के कर्मी हड़ताल पर रहने के कारण नहीं पहुंचा। ग्रामीणों की मदद से पीड़ित सनातन हेंब्रम को निजी वाहन की मदद से कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता माधव चंद्र महतो पीड़ित के घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही कहा कि झारखंड राज्य में आदिवासी हित के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।

# डीडीसी ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई का निर्देश



**जामताड़ा (एप्र)।** मंगलवार को उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति के साथ बैठक। बैठक में समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने विगत बैठक में दिए गए निर्देश पर हुई कार्रवाई की समीक्षा के अलावा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने, ओवर स्पीडिंग रोकने, रोड साइनेज लगाने, नो हेलमेट नो पेट्रोल का अनुपालन, गुड सेमेरिटन का प्रचार प्रसार, हिट एंड रन के लंबित मामले का निष्पादन, अनफिट वाहनों का चालान करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किया। बैठक में समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान, वाहन जांच अभियान, पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देश दिया साथ ही एमवी एक्ट के तहत सख्ती से कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जिले में नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वाहन जांच के दौरान लोगों को बताएं कि हेलमेट, ट्रिपल राइड, सीट बेल्ट बहुत जरूरी है। ओवर स्पीडिंग गलत साइड में वाहन चलाना सुरक्षात्मक एवं कानूनी दोनो दृष्टिकोण से गलत है एवं यह अपराध है। लोगों की जान कीमती है, ऐसे में उन्हें जागरूक करने की दिशा में कार्रवाई करें साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों आदि को भी अवेयर करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने को निर्देश दिया एवं कहा कि शिक्षकों को, अभिभावकों को भी अवेयर करें, उन्हें सड़क सुरक्षा की जानकारी दें। बैठक के दौरान उन्होंने ग्रामीण मुख्य सड़कों पर अनावश्यक रूप से बनाए गए गति अवरोधक बंफरों को, जो दुर्घटना का कारण बनते हैं और जानमाल की क्षति होने का खतरा रहता है, उसे हटाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला अंतर्गत गोविंदपुर साहेबगंज एडीबी रोड, मिहिजाम जामताड़ा दुमका पथ, नाला दुमका पथ पर संचालित होटलों, ढाबों में शराब बिक्री पर रोक हेतु नियमित छापेमारी करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक के दौरान ईसीएल चितरा प्रबंधन अंतर्गत परिवहन में लगे सभी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टैप, हेड एंड रियर लाइट, फिटनेस, विजिबिलिटी के साथ प्रदर्शित होने वाले नंबर प्लेट, व्हीकल ट्रैकिंग डिवाइस आदि के जांच की समीक्षा की। वहीं कोयला ढुलाई में लगे जर्जर, अनफिट डंफरों को सीज करने के लिए मोटर यान निरीक्षक को निर्देश दिया गया। इसके अलावा उप विकास आयुक्त ने गुड सेमेरिटन के प्रोत्साहन एवं जागरूकता लाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने हिट एंड रन के मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार, सड़क सुरक्षा टीम के कर्मी तौसीफ जलीली एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## मिट्टी का दीवार तोड़ने के क्रम में मलवा गिरने से एक युवक घायल



**कुंडहित (एप्र)।** मंगलवार को मिट्टी का दीवार तोड़ने के क्रम में मलवा गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंडहित थाना अंतर्गत नगरी पंचायत स्थित गायशावड़ा निवासी 35 वर्षीय युवक संजय गोराई अपने पुराने घर को तोड़ रहा था। इसी क्रम में अचानक दीवार का मलवा गिर जाने से उनके दोनों पैर बीचों बीच टूट गया है। घटना के उपरांत परिजनों द्वारा घायल युवक को निजी एम्बुलेंस की मदद से कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया गया है। इधर सरकारी एंबुलेंस नहीं मिलने पर निजी एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को बेहतर चिकित्सा हेतु ले जाया गया उल्लेखनीय है कि विगत तीन दिनों से सरकारी एंबुलेंस सेवा 108 के चालक टेक्नीशियन व कर्मी में वेतन नहीं मिलने पर बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे प्रखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गयी। प्रखंड में एक भी मरीज को एंबुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं हो सकी, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई गंभीर मरीजों को खुद अपने साधनों से अस्पताल पहुंचना पड़ा, जबकि कुछ ने निजी एंबुलेंस का सहारा लिया। विशेष रूप से उन मरीजों को कठिनाई हुई जिन्हें उच्चतर संस्थान के लिए रेफर किया गया था, क्योंकि उन्हें तुरंत एंबुलेंस की आवश्यकता थी।

## एक नजर

### राधानगर पुलिस ने 6 अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**उधवा (एप्र)।** साहिबगंज जिला अंतर्गत राधानगर पुलिस ने राधा नगर थाना कांड संख्या 184/24 के कुल छः अभियुक्त को गिरफ्तार कर सोमवार जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार पब्लिक गेमिंग एक्ट के अभियुक्त अजमत शेख (32) पिता मोतल्लिक शेख साकीम उत्तर पलाशगाछी कुतती मोड़,काबिल शेख (40) पिता जोनजाली शेख साकीम नूर मोहम्मद हाजी टोला, हक साहेब शेख (40) पिता स्वर्गीय अमीन शेख साकीम हाजी नूर मोहम्मद टोला, हारू शेख (31) पिता मीनू शेख साकीम उसमान टोला,अनिकूल शेख (27) पिता सादिक अली साकीम उत्तर पलाशगाछी कुट्टी मोड़ नईमुद्दीन टोला सभी थाना राधानगर एवं यूनुस शेख (45) पिता स्वर्गीय खुश मोहम्मद शेख साकीम खेलु टोला थाना राजमहल निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने का कार्य किया।

### लाभुकों के बीच बांटा लेयर कुक्कुट चूजा



**नारायणपुर (एप्र)।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय नारायणपुर में मंगलवार को मुर्गी पालन करने हेतु लाभुकों के बीच लेयर कुक्कुट चूजा का वितरण किया गया। मुर्गी पालन को लेकर लेयर कुक्कुट चूजा का वितरण नारायणपुर प्रमुख अंजना हेंब्रम एवं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुनील प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 10 लाभुकों के बीच मुर्गी पालन करने हेतु लेयर कुक्कुट चूजा का वितरण किया गया। जिसमें सभी लाभुकों को 90 एवं 75 प्रतिशत के अनुदानित राशि में प्रति लाभुकों के बीच 400 लेयर कुक्कुट चूजा का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुनील प्रसाद सिंह ने लाभुकों को मुर्गी पालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं उनमें होने वाले बीमारियों एवं उसके रोकथाम के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका लाभ लेकर इस क्षेत्र के लाभुक मुर्गी पालन कर अपना रोजगार बढ़ाकर अत्मनिर्भर बन पाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना का लाभ लाभुकों को अनुदान पर दे रही है। जिसका लाभ लेकर लाभुक लाभांवित होंगे। मौके पर पूर्व उपप्रमुख दलगोबिन्द रजक, मो. सलाउदीन अंसारी, असरफ अंसारी, किशोर साह आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी लोगों की समस्याएं

**साहिबगंज (एप्र)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता की समस्याओं से अवगत हुए। जिसमें जिलें के दूरदराज के गांव से लोगों ने आकर अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन के माध्यम से उपायुक्त के समक्ष अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की। इस दौरान उपायुक्त श्री सती द्वारा विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों के शिकायतों को बारी-बारी से सुना। आवेदन विशेष कर जमीन विवाद, जाति प्रमाण पत्र, अबुआ आवास, राशनकार्ड से संबंधित थी। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को शिकायतों के निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहां की जिला प्रशासन जनता दरबार के माध्यम से दूरदराज के इलाकों से आए हुए ऐसे लोग जिन्हें सरकारी योजना से संबंधित किसी प्रकार की समस्या आ रही है, या वह किसी सरकारी लाभ से वंचित रहे हैं उनके समस्याओं के निष्पादन के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर है। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया।

### साहिबगंज सदर अस्पताल में होगी दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन

**साहिबगंज/राजमहल (एप्र)।** साहिबगंज जिला स्थित सदर अस्पताल साहिबगंज में दिव्यांग बच्चों की हीत में आगामी 17 अक्टूबर 2024 दिन बृहस्पतिवार को दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस जांच शिविर को सफल बनाने के लिए दिव्यांग बोर्ड का गठन भी किया गया है। इसके तहत प्रतिनियुक्ति चिकित्सकों के द्वारा शिविर के माध्यम से दिव्यांग जनों की जांच की जाएगी। वहीं वो सभी दिव्यांग बच्चों जिनका अभी तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना है, जांचोपरांत उनका प्रमाण पत्र शिविर में बनाया जाएगा। उसको लेकर बच्चों को उक्त तिथि में शिविर में पहुंचने का आग्रह किया है।

### छठ पूजा की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**बरहरवा (एप्र)।** बेतिया पोखर छठ पूजा सेवा समिति 2024 को लेकर मंगलवार की संध्या 5 बजे से एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक में सूर्य उपासना का महापर्व छठ की तैयारी को लेकर कमिटी के लोगो को जिम्मेदारी सौंपी गई। बेतिया पोखर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष हीरेण ठाकुर ने बताया कि बैठक में सभी पदाधिकारी को उनके कार्यों से अवगत कराया गया। पूजा को भव्य रूप देने पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा 2024 छठ की शुरूआत 5 नवंबर को होगी। समिति के महासचिव आनंद भगत ने बताया कि पहले अर्घ्य के दिन बिहार के लोक गायक द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर विचार विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा जो भी छठ व्रत धारी छठ महापर्व करना चाहते हैं वो कमिटी के लोगो से संपर्क कर जानकारी देंगे। मौके पर कमिटी के महासचिव आनंद भगत, उपाध्यक्ष राजेश तुरी, अनिल महतो, अमित भगत, कोषाध्यक्ष सुदामा महतो, सह कोषाध्यक्ष शेखर सुमन, आशिष, पूजा प्रभारी अमित भगत उर्फ साजन, संरक्षक दिपक देशमुख, दिपनारायण कुशवाहा उर्फ दीपू, अमित महतो, राजेश भगत सहित अन्य मौजूद थें।


# विस चुनाव को लेकर उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



**साहिबगंज (एप्र)।** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आदर्श आचार संहिता को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 के निमित्त शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से चुनाव संपन्न कराने को लेकर आदर्श आचार संहिता की घोषणा हो चुकी है। उन्होंने आदर्श आचार संहिता की जानकारी देने के साथ कहा कि किसी भी प्रकार से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न किया जाए। इसके निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित हो। उपायुक्त ने कहा कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अपने समर्थकों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने आदि की अनुमति नहीं देगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पार्टी कार्यकताओं, समर्थकों के आवास और वाहनों पर झंडे लगाने समेत विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी साझा की तथा सभी सदस्यों को आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानको का पालन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में जिला प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की बात कही। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार सहित अन्य मौजूद थें।

## चुनाव को ले पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



**राजमहल/तीनपहाड़ (एप्र)।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की बिगुल बजते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखाई दे रही है। इसके तहत आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजमहल थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी गुलाम सरवर एवं तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी मोहम्मद शाहरुख के नेतृत्व में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहनों की तलाशी ली गई। वहीं जांच के क्रम में किसी भी थाना क्षेत्र से आपत्तिजनक सामान की बरामदगी नहीं हुई। लेकिन पुलिस ने वाहन चालकों से ड्राइवरी लाइसेंस, वाहन के कागजात ,पॉल्यूशन सर्टिफिकेट व अन्य दस्तावेज की जांच की। इस संबंध में थाना प्रभारियों ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव तक यह एंटी क्राइम चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगी।

# जिला कृषि पदाधिकारी की अध्यक्षता किसान दिवस आयोजित




**साहिबगंज (एप्र)।** जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा, साहेबगंज प्रमोद एक्का की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर महिला किसान दिवस का आयोजन आत्मा सभागार में किया गया कजिसमें मुख्य भूमिका में डा० माया कुमारी, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, साहेबगंज के द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर होने तथा वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरेति किया क जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला कृषि अभियंता, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ के द्वारा विभाग में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया कसाथ ही मीना जोसेफ किस्कू, प्रगतिशील मशरूम उत्पादक महिला किसान के द्वारा उपस्थित महिलाओं को मशरूम उत्पादन के बारे में जानकारी दी। सुश्री शिवांगी मिश्रा, बिरसा कृषक पाठशाला, राजमहल के द्वारा महिला किसानों को राजकुमारी देवी, मुजफ्फरपुर की महिला किसान जिसको ह्लचाची किसानह्व के नाम से बिहार में प्रचलित है उसकी कहानी महिलाओं के बीच साझा की, ताकि महिलाएं प्रेरित हो सके एवं खेती किसानी में आत्मनिर्भर बन सकें क महिला किसान दिवस के अवसर पर अन्य महिलाओं ने अपनी बातें साझा की कइस अवसर पर महिला कृषको के बीच नेपसेक स्प्रेयर (05), सरसों बीज (05 पैकेट) एवं मदीना आजीविका सखी मंडल, बोरियों को आत्मा योजना अंतर्गत सीड मनी के रूप में 10 हजार का चेक प्रदान किया गया। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोगता, जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश कुमार, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजित शर्मा, उप परियोजना निदेशक मन्टू कुमार, एवं सभी आत्मा कर्मी के साथ साथ सैकड़ों महिला कृषक उपस्थित थें।

## लोकहीत अधिकार पार्टी से नंदलाल होंगे प्रत्याशी

**राजमहल (एप्र)।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर जहां सर गर्मी तेज हो गई है, तो वहीं विभिन्न राजनीतिक पार्टी के द्वारा अपना प्रत्याशी घोषित की जा रही है। इसी के तहत राजमहल विधानसभा सीट से नंदलाल साह लोकहित अधिकार पार्टी से प्रत्याशी होंगे। यह निर्णय लोकगीत अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश कोर कमेटी की रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में सर्वसम्मति से हुई बैठक में लिया गया। वहीं जारी विज्ञप्ति के मुताबिक बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रधान महासचिव मोहम्मद अजहर आलम, प्रदेश महासचिव संजय स्नेही व प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस ने चोरी किए मोबाइल को बरामद कर मोबाइल धारक को सौपा



**राजमहल (एप्र)।** साहिबगंज जिला के राजमहल क्षेत्र से गुम या चोरी हुए मोबाइल को जब्त कर उनके असली मालिक को सौपा गया। इससे मोबाइल धारक के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। मोबाइल पाकर मोबाइल धारक ने पुलिस को धन्यवाद दिया। वही इस बारे में राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि अपराध की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है ,आए दिन मोबाइल फोन गुम होने, छीनतई व मोबाइल चोरी की घटनाएं सामने आती है। अपराधियों के द्वारा ऐसे मोबाइल का उपयोग भी अपराधी घटनाओं को अंजाम देने में किया जा रहा है इन बातों को संज्ञान में आते ही विशेष टीम का गठन कर खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाता है। तो वही विशेष टीम द्वारा तकनीकी मदद से मोबाइल फोन को बरामद कर असली मालिकों को सौंपा जा रहा है। मोबाइल चोरी को रोकने के लिए पुलिस का यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि रेल थाना बिहार में कांड संख्या 164/23 डीटी 15/ 9/ 2023 ४/२ 379 आईपीसी के तहत केस दर्ज की गई थी, जिसको लेकर मोबाइल फोन बरामद कर मोबाइल धारक को सौंप दिया गया है। इस कार्य से जिले की जनता का विश्वास पुलिस के प्रति बढ़ेगा।

## प्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षक कविंद्र मिश्रा को डीएसपी बरहरवा ने स्टार व टोपी पहनाकर किया सम्मानित




**साहेबगंज/बरहरवा (एप्र)।** बरहरवा थाना में पदस्थापित साहिबगंज जिला के एकमात्र सहायक अवर निरीक्षक कविंद्र मिश्रा को पुलिस मुख्यालय झारखंड रांची द्वारा पुलिस अवर निरीक्षक की कोटि में प्रोन्नति देते हुए पाकुड़ जिला में स्थानांतरण किया गया है। उक्त नव प्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षक को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरहरवा नितिन खंडेलवाल एवं पुलिस निरीक्षक बरहरवा सुधीर कुमार पोद्दार ने सोमवार को नव प्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षक कविंद्र मिश्रा को स्टार एवं टोपी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं थाना प्रभारी बरहरवा सुमित कुमार सिंह ने बरहरवा थाना में एएसआई के रुप में पदस्थापित कविंद्र मिश्रा के कार्यों की सराहना किया। उन्होंने कहा श्री मिश्रा जांबाज पुलिस पदाधिकारी में से एक थें। गौरतलब हो की नव प्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षक कविंद्र मिश्रा साहेबगंज जिला पुलिस मुख्यालय अंतर्गत राजमहल थाना एवं राधानगर थाना में भी एएसआई के रूप में पूर्व में अपनी सेवा दे चुके हैं। मौके पर पुअनि गुजराती अंसारी, एस आई सुदामा सिंह, सअनि रामप्रवेश दास, सिदाम रविदास, राजनाथ साह सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थें।

## विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक

**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बीडीओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा झारखंड में विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा कर दी गई है। आज से ही पूरे राज्य में आचार संहिता लागू हो गया है। इसका शत प्रतिशत अनुपालन हो हम सभी इस दिशा मे काम करना है। बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय और रेम्प की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। मंगलवार से अब कोई भी नहीं योजना शुरू नहीं होगी, पुरानी योजना चलेगी। बैठक में सभी जेई, विभिन्न पंचायत के रोजगार सेवक, पंचायत सचिव समेत अन्य मौजूद थे।

# एचआईवी एवं यौन संचारित रोग को लेकर सघन जागरूकता अभियान शुरू



**जामताड़ा (एप्र)।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से आईसीटीसी सेल अंतर्गत एचआईवी एवं यौन संचारित रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सघन जागरूकता अभियान एवं जांच अभियान की शुरूआत की गई है। 10 दिवसीय अभियान का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ आनंद मोहन सोरेन, एसीएमओ डॉ कालिदास मुर्मू, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ आलोक विश्वकर्मा, नोडल पदाधिकारी सह डीआरसीएचओ डॉ डीसी मुंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अभियान के तहत सदर अस्पताल परिसर में विशेष कैंप आयोजित की गई है। जहां लोगो को एचआईवी एवं यौन संचारित रोग के संदर्भ में जानकारी दी जा रही है। साथ ही लोगों का जांच भी किया जाएगा। जांच के संदर्भ में स्पष्ट किया गया है कि सैंपल देने वाले लोगों की रिपोर्ट गोपनीय रखी जाएगी। इसके अलावा इस शिविर में बीपी, शुगर, टीबी इत्यादि की भी जांच की जाएगी तथा एडोलिसेंस ग्रुप के लोगों को एचआईवी व यौन संचारित रोग एवं बचाव के संदर्भ में जानकारी दी जाएगी। साथ हीं शिविर के माध्यम से फैमिली प्लानिंग इत्यादि के संदर्भ में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ सोरेन ने कहा कि एचआईवी एक जानलेवा बीमारी है। लेकिन समय रहते इसका पता चल जाए तो नियमित इलाज एवं रहन-सहन के तौर तरीकों में बदलाव कर आदमी सामान्य जीवन जी सकता है। इसलिए लोगों को नियमित रूप से इसकी जांच करवाते रहना चाहिए। एचआईवी होने के कई कारण होते हैं। हमें एचआईवी को जड़ से मिटाना है, एचआईवी से पीड़ित मरीजों के साथ भेदभाव नहीं करना है। उन्हें भी समाज में जीने का पूरा अधिकार है। कार्यक्रम के संदर्भ में आईसीटीसी परामर्शी सुनील कुमार दुबे ने बताया कि इस अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज एवं कम्युनिटी स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। जिसके माध्यम से लोगों को एचआईवी एवं यौन संचारित रोग के संदर्भ में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 अक्टूबर को पुराना सदर अस्पताल परिसर से जागरूकता रैली निकाली जाएगी। 19 अक्टूबर को कल्याण गुरुकुल में जागरूकता शिविर आयोजित की जाएगी। वहीं 21 अक्टूबर को जामताड़ा कॉलेज में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 22 अक्टूबर को गर्ल्स हाई स्कूल में क्विज का आयोजन किया जाएगा। 23 अक्टूबर को महिला संध्या कॉलेज जामताड़ा में जागरूकता शिविर आयोजित की जाएगी। वहीं 24 अक्टूबर को जेजेएस कॉलेज मिहिजाम में कैंप लगेगा तथा 28 अक्टूबर को कौशल विकास केंद्र उदलबनी में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। मौके पर प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी सपन कुमार माजी, अर्श परामर्शी अनु, परिवार नियोजन परामर्शी ललिता मंडल, उषा कुमारी, अनिता हेंब्रम, नंदलाल सहित अन्य मौजूद थे।

# इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की झारखंड प्रदेश इकाई ने एसएसपी को किया सम्मानित



**रांची।** अखिल भारतीय संस्था इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन की झारखंड इकाई ने रांची के वरीय आरक्षी अधीक्षक चंदन सिन्हा को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया। संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवानंद सिन्हा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी का अभिनंदन किया। राजधानी की विधि-व्यवस्था बेहतर बनाए रखने, अपराध नियंत्रण व सामाजिक समरसता के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। श्री सिन्हा को संगठन की ओर से पुष्प गुच्छ, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवानंद सिन्हा ने कहा कि संगठन ने प्रत्तेक वर्ष झारखंड के अन्य जिलों के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया। इस मौके पर पत्रकार नवल किशोर सिंह, आइजेए की प्रदेश उपाध्यक्ष मधु सिन्हा, रफी समी, डॉ.पूजा सिन्हा, पीयूष कुमार, सौरभ राय, मुस्कान व विजय दत्त पिंटू मौजूद थे।

## इंडियन गठबंधन की सरकार ने फोड़ा दीपावली का बम

**रांची।** भाजपा के ताबड़तोड़ प्रहार और हताशा को नजरअंदाज करते हुए झारखंड की इंडिया गठबंधन की हेमंत सरकार ने दीपावली के पूर्व ही ऐसा बम छोड़ा है जिससे कि भाजपा की 2100 रुपया वाली गोगो दीदी योजना चारों खाने चित हो गई। गोगो दीदी योजना की जगह इंडिया गठबंधन की सरकार ने अब दिसंबर माह से मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 से बढ़ाकर ढाई हजार रुपए तक कर दी है, जो दिसंबर माह से मिलने भी लगेगी। उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के अध्यक्ष सतीश कुमार मुंजनी ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ऐन केन प्रकरेण झारखंड की सत्ता पर कब्जा करना चाहती है।

## बीडीओ एवं सीओ ने प्रखंड परिसर से हटवाया बैनर पोस्टर



**नारायणपुर (एप्र)।** विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा मंगलवार दोपहर बाद कर दी गई। इसके साथ ही राज्य भर में आचार संहिता लागू हो गया। वहीं मंगलवार के शाम को नारायणपुर बीडीओ मुरली यादव एव सीओ देवराज गुप्ता ने प्रखंड कार्यालय परिसर एवं उसके इर्द-गिर्द में विभिन्न राजनीतिक दलों के फोटो एवं नाम वाले पोस्टर-बैनर को हटवा दिए। विदित हो कि आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी राजनीतिक पार्टी के द्वारा सार्वजनिक व सरकारी स्थलों पर आचार संहिता के दौरान इस प्रकार का प्रचार प्रसार नहीं किया जा सकता है। इस बार निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के लिए दो चरण निर्धारित किए हैं। पहला चरण 13 नवंबर जबकि, दूसरा चरण 20 नवंबर को तय हुआ है, जबकि 23 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोटो की गिनती होगी और नतीजे आएंगे।

## एक नजर

### रक्तदान कर युवक ने मनाया जन्मदिन



**खैरा/जमुई (निंस)।** बदलते दौर में आजकल के नौजवान जहां जन्मदिन मनाने में हजारों रुपया बेवजह खर्च कर देते हैं। वहीं खैरा प्रखंड के गोपालपुर गांव के 30 वर्षीय विकास कुमार दास ने अपने जन्मदिन पर विचारधारा से हटकर काम किया। उन्होंने अपने जन्मदिन पर रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। मंगलवार के दिन रक्त अधिकोष जमुई में अपने जन्मदिन के अवसर पर विकास ने रक्तदान किया। साथ ही उन्होंने लोगों को रक्तदान के प्रति सजग व जागरूक भी किया। रक्तदान कर उन्होंने बताया कि हमें कम से कम साल में अपने जन्मदिन के अवसर पर एक बार रक्तदान करना ही चाहिए। पता नहीं लोग रक्तदान को लेकर क्यों पीछे हट जाते हैं जबकि रक्तदान करने से शरीर और भी स्वस्थ और पहले की तुलना में तंदुरुस्त भी होता है। साथ ही साथ हमारे शरीर में 3 महीने के उपरांत रक्त की आपूर्ति भी हो जाती है और हमारा शरीर रक्तदान के लिए तैयार हो जाता हैं फिर भी न जाने लोग क्यों रक्तदान के लिए डरते हैं। विकास ने बताया कि यह रक्तदान उनका तीसरा रक्तदान है पूर्व में वे जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर उनकी सहायता की है।

### जंगली हाथियों ने पटना के गांव में मचाया आतंक

**पटना(एजेंसी)।** पश्चिम चम्पारण वाल्मिकि टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में जंगली हाथियों का खौफ छाया हुआ है। विगत दिवस देर रात करीब आधा दर्जन जंगली हाथियों का झुंड वीटीआर से सटे बिसहा गांव के नजर आया जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। नेपाल के चितवन से आए जंगली हाथियों ने खेतों में खड़ी धान और गन्ने की फसल को बर्बाद कर दिया। अपनी फसल बर्बाद होते देखते ग्रामीणों ने मशाल जलाया और शोर मचाते हुए हाथियों को खदेड़ा। गनीमत रही कि कुछ देर की अफरा तफरी के बाद जंगली हाथियों से गांव को बड़े नुकसान से बचा लिया। ग्रामीणों का कहना है हाथी पहले खेतों में घुसकर करीब दस एकड़ में फैली फसलों को रौंद दिया। उनकी गन्ने और धान की खड़ी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई। ऐसे में उनमें आक्रोश पैदा हो हो गया। देखते ही देखते हाथियों का झुंड गांव की बस्ती की ओर बढ़ने लगा। ग्रामीणों ने तुरंत एकजुट होकर मशालें जलाईं और शोर मचाते हुए हाथियों को खदेड़ने लगे। लोगों और मशालों को देखकर हाथी जंगल लौट गए। ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ी घटना टल गई।

वाल्मीकि नगर रेंजर ने बताया कि प्रभावित फसलों का सर्वे कराया जा रहा है, जिसके बाद किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से सटे कुछ खास क्षेत्रों में नेपाल के चितवन से आए हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जाता है। इसको देखते हुए उक्त क्षेत्रों में गजमित्रों की टीम तैनात की है। जहां तक बात वर्तमान में प्रभावित क्षेत्र बिसहा की है, तो इस क्षेत्र में इसके पहले कभी भी जंगली हाथियों का मूवमेंट नहीं था। इसकी वजह से यहां गजमित्रों की मौजूदगी नहीं है। हालांकि वर्तमान स्थिति को देखते हुए अब इस क्षेत्र में भी गजमित्रों की टीम तैनात की जाएगी।

### पटना के कई इलाकों में फैल गया है लंगड़ा बुखार

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजधानी पटना में एक अजीब बुखार ने दस्तक दी है जिसको लेकर डॉक्टरों भी हैरान हैं। इस बुखार में मरीजों के पैरों में इतना दर्द होता है कि उन्हें चलने में भी दिक्कत का सामना करना होता है। इसीलिए लोग इसे लंगड़ा बुखार कह रहे हैं। यह बुखार पटना के कई इलाकों में फैल गया है, खासकर उन इलाकों में जहां पहले डेंगू के मरीज मिले थे। जानकारी के अनुसार लोहानीपुर, कदमकुआं, भूतनाथ रोड, चित्रगुप्तनगर, कांटी फैट्री रोड, अशोकनगर, न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी, दीघा, सिपारा, जयप्रकाशनगर और पीसी कॉलोनी जैसे इलाके इससे प्रभावित हैं। अस्पतालों में आने वाले 20 से 25 प्रतिशत बुखार के मरीजों में इस नए बुखार के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। इस बुखार में तेज बुखार के साथ पैरों में तेज दर्द होता है। एड़ियों और घुटनों में सूजन भी हो जाती है। मरीज को चलने में बहुत तकलीफ होती है। हैरानी की बात यह है कि जांच करने पर न तो डेंगू निकल रहा है और न ही चिकनगुनिया। डॉक्टरों की माने तो इस बार बुखार के मरीजों में अलग तरह के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जांच में ना तो डेंगू, ना चिकनगुनिया और ना ही टायफाइड निकल रहा है। लेकिन बहुत तेज बुखार के साथ पीड़ितों के पैरों में तेज दर्द, एड़ियों और घुटनों के आसपास सूजन के लक्षण मिल रहे हैं। पटना के कई मोहल्ले से ऐसे दर्जनों मामले आ रहे हैं। लोगों को चलने में भी परेशानी हो रही है। डॉक्टर इसे लंगड़ा बुखार इसलिए कह रहे हैं क्योंकि इसमें मरीज को चलने में बहुत परेशानी होती है, जैसे कि वह लंगड़ा गया हो। यह बुखार चिकनगुनिया की तरह लंबे समय तक परेशान करता है। मरीज ठीक होने के बाद भी 10 से 15 दिन तक ठीक से चल नहीं पाते हैं।

### ट्यूशन पढ़कर घर जा रहे छात्र के साथ तीन युवको ने की मारपीट

**झाझा/जमुई (निंस)।** झाझा बस स्टैंड स्थित एक कोचिंग संस्थान से ट्यूशन पढ़कर अपने घर जा रहे 12वीं के छात्र के साथ तीन युवकों ने मारपीट किया। इस घटना में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र की पहचान बोसबगान गांव के रहने वाले सुरेश कुमार वर्मा के पुत्र अनुप आनंद के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना मिलने पर छात्र के मां- पिता उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने घायल छात्र का इलाज किया। घायल छात्र ने बताया कि सुबह करीबन दस बजे ट्यूशन पढ़कर अपने घर जा रहा था कि तभी तीन युवक बिना किसी बात के मेरा रास्ता रोक दिया जिससे रास्ता रोकने का कारण पूछा तो वे तीनों युवक मारपीट करने लगा और बांस की फटटी से मारते हुए मुझे घायल कर दिया।

### जमीन विवाद में महिला को मारपीट कर किया घायल

**झाझा/जमुई (निंस)।** सिमुलतला थाना क्षेत्र अंतगर्त बूढ़ीबाड़ गांव में मंगलवार को एक महिला के साथ जमीन विवाद को लेकर उसके रिश्तेदारों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला की पहचान पार्वती देवी के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए उसके परिजनों ने रेफरल अस्पताल झाझा लाया, जहां चिकित्सक ने घायल महिला का इलाज किया। घायल महिला ने बताया कि भैसुर के बेटे अरूण देव राय के साथ अन्य चार लोगों ने जमीन की विवाद में लोहे के रड से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल महिला ने बताया कि मारपीट की सूचना पुलिस को दे दी गई है, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## मुख्य सचिव ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, कहा...

# विभागीय समन्वय बनाकर कार्य करें पदाधिकारी

**जमुई(निंस)।** बिहार में विकासात्मक कार्यों में तीव्रता लाने के लिए मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। मुख्य सचिव ने भवन निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, ऊर्जा विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण



विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन विभाग तथा योजना एवं विकास विभाग के प्रगति प्रतिवेदन को देखा और कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने मौजूद विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर देय दायित्वों का निर्वाहन किए जाने को कहा। साथ ही सभी विभागीय पदाधिकारियों को विभागीय समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मौके पर सरकार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर गति दिए जाने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को देते हुए कहा कि किसी भी सूरत मे अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर समहर्ता, उप विकास आयुक्त , जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी सहित सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड में 2 नहीं 11 सीटों पर लड़ेगी जेडीयू...खीरू महतो के बयान से खलबली

**पटना (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा से पहले झारखंड जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का बड़ा बयान सामने आया है। महतो के बयान से एनडीए के अंदर जेडीयू-बीजेपी के संबंधों में खटास आ सकती है। दरअसल महतो ने कहा है कि जदयू ने झारखंड में 11 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की है। अभी सीट को लेकर बातचीत जारी है। दरअसल झारखंड चुनाव प्रभारी और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा झारखंड में जदयू को दो सीट देने की बात कर रहे है। सरमा के बयान के बाद महतो ने यह बड़ा बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने 11 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कह दी है। महतो ने कहा कि कौन क्या बोलता है इससे फर्क नहीं पड़ता है। हालांकि झारखंड जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष महतो ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर



अंतिम फैसला जदयू के आलाकमान को करना है। बता दें, इसके पहले एनडीए के अंदर जेडीयू को 2 सीट देने की चर्चा थी। इसके लिए 2 उम्मीदवार राजा पीटर और सरयू राय के नाम की भी चर्चा होने लगी थी। लेकिन, महतो के बयान झारखंड में एनडीए के अंदर जेडीयू और बीजेपी के रिश्तों में खटास की बात भी सामने आने लगी है। बता दें, झारखंड में जीतन राम मांझी और चिराग पासवान ने पहले ही अपनी दावेदारी पेश कर दी है। वहीं मामले पर जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी का भी बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अभी बातचीत अभी फाइनल नहीं हुई है। बता दें, झारखंड चुनाव की घोषणा से पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की झारखंड जेडीयू के चुनाव प्रभारी चौधरी की बैठक खत्म हो गई है।

## मेडिकल कल्याण कार्यक्रम का आयोजन



**खैरा/जमुई(निंस)।** सशस्त्र सीमा बल 16 वीं वाहिनी जन्म स्थान के द्वारा मंगलवार को कारीटांड एबं चननवर में मेडिकल कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैंकड़ों लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता देकर दवा का वितरण किया गया। जानकारी हो कि कमांडेंट मनीष कुमार के निर्देश पर सहायक कमांडेंट मेडिकल डॉक्टर मनीष कुमार खंडेलवाल की उपस्थिति में मेडिकल कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सशस्त्र सीमा बल द्वारा इस तरह के नागरिक कल्याण कार्यक्रम निरंतरण आयोजित किए जाते हैं। जिससे यहां के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके तथा उनके जीवन शैली भी बेहतर हो सके। सशस्त्र सीमा बल द्वारा आम जनता के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के मन में सशस्त्र सीमा बल के प्रति सुरक्षा की भावना पैदा करना है। सशक्त सीमा बल का उद्देश्य भी है कि कार्यक्रम में सशक्त सीमा बल के कई जवान सुरक्षा दृष्टि से उपस्थित थे एवं कई लोग उपस्थित थे।

# नम आंखों से दी गई माता को विदाई

**गिद्धौर/जमुई(निंस)।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर गिद्धौर के ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विदाई के दौरान गिद्धौर का माहौल उल्लासपूर्ण बना रहा, जहां भक्तों ने मां के जयकारे लगाए। महिलाओं ने खोईचा भरा और जगतजननी को अगले नवरात्र फिर आने का न्योता दिया। नागी नकटी और उलाई नदी के संगम तट पर स्थित दुर्गा मंदिर में शताब्दियों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती रही है। पूर्व में यह गिद्धौर राज रियासत द्वारा किया जाता था,जिसे वर्ष 1996 में जनश्रित घोषित कर दिया गया और तब से अनवरत शारदीय दुर्गा पूजा सह लक्ष्मी पूजा समिति द्वारा मेला और पूजा का आयोजन किया जा रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धालुओं द्वारा गाजे बाजे के साथ गिद्धौर के



लाल कोठी स्थित त्रिपुर सुंदरी तालाब में संध्या आरती अर्पित कर की गई। गिद्धौर के इस ऐतिहासिक मेले में जमुई सहित अन्य जिलों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन कर अपने परिजनों के मंगलमय जीवन की कामना की। इसके पूर्व देवघर से आए पंडा महेश्वर जी महाराज ने तांत्रिक विधानों से पूजन कार्य निष्पादित करवाया। जिसमें अश्विनी सिंह, उत्तम कुमार झा उर्फ राजा,मुकेश कुमार, सुरेश ठाकुर सहित अन्य ने योगदान दिया। मेले से लेकर प्रतिमा विसर्जन तक में शांति व्यवस्था को कायम रखने में अंचलाधिकारी आरती भूषण, पीओ विपिन कुमार, बीडीओ सुनील कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार, एसआई अनुज कुमार, राजेश्वर साह, रंजीत कुमार, आयुषी कुमारी के अलावे शारदीय दुर्गा पूजा सह लक्ष्मी पूजा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव कुमार साव उर्फ पिंकू, सचिव शंभू कुमार केशरी, कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार केशरी, रंजीत रावत, राजीव वर्णवाल उर्फ शंभू, राजीव सिंह, चंदन कुमार चिक्कू, प्रभाकर कुमार उर्फ चिंटू, अजीत रावत उर्फ कारू, कुणाल कुमार, पुरुषोत्तम द्विवेदी, सहित बड़ी संख्या में गिद्धौर पुलिस के जवान एवं समिति के कार्यकारिणी सदस्य समर्पित भाव से सक्रिय नजर आए।

## पूर्व मंत्री अर्जुन मंडल की मनाई गई पुण्यतिथि

**खैरा/जमुई(निंस)।** खैरा प्रखंड के प्रधानचक गांव में बनायी गयी दिवंगत पूर्व मंत्री अर्जुन मंडल की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर बिहार सरकार के दो पूर्व मंत्री दामोदर रावत जनता दलयू विजय प्रकाश (राजद), कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान दोनों पूर्व मंत्रियों ने उनके गांव प्रधान चक में आदम कद



प्रतिमा का अनावरण भी किया। राजद के पूर्व मंत्री विजय प्रकाश ने कहा कि स्वर्गीय अर्जुन मंडल कांग्रेस पार्टी में आजीवन रहे, लेकिन पार्टी द्वारा इन्हें सम्मान और पहचान नहीं दिया गया।1995 में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और जयप्रकाश नारायण यादव ने इनकी पहचान को परखा और राजद के टिकट पर अर्जुन मंडल को विधायक बनाने का काम किया और मंत्री भी बनाया। अर्जुन मंडल लालू प्रसाद यादव के बहुत ही करीबी थे। अर्जुन मंडल इतने सीधे-साधे इंसान थे कि इनसे आम लोग आसानी से मिल लेते थे। अर्जुन मंडल हमेशा गरीबों और शोषित वर्ग के लोगों की आवाज बुलंद करने वाले नेता थे। वहीं पूर्व मंत्री दामोदर रावत विधायक सह झाझा जेडीयू विधायक ने कहा कि अर्जुन मंडल व्यक्तित्व के धनी थे। आज उनकी पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने का मौका मिला। उनके अच्छे विचारों और उनके गुणों को हमेशा याद किया जाएगा। बता दे कि स्व.अर्जुन मंडल 1995 से 2000 तक जमुई के विधायक रहे। राजद के सरकार में उन्हें वन एवं पर्यावरण मंत्री बनाया गया था। पूर्व मंत्री के पहली पुण्यतिथि के मौके पर प्रधान चक गांव में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें अर्जुन मंडल के परिवार के लोग सहित बड़ी संख्या में लोगों के भाग ने भाग लिया। मौके पर जेपी सेनानी राजेश सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, गोपाल गुप्ता, मनोहर गुप्ता, श्यामसुंदर शर्मा, अरुण कुमार चौहान, महेश सिंह, अनिल रविदास सहित कई लोग शामिल थे।

# आरटीपीएस काउंटर पर नहीं हो रहा कामकाज, लटका रहता ताला

**जमुई (निंस)।** जिले के खैरा प्रखंड अंतर्गत अमारी पंचायत में खोला गया आरटीपीएस काउंटर महज नाम का रह गया है। जाति,आवास,आय,आदि प्रमाण पत्र को बनवाने के लिए अमारी पंचायत वासियों को प्रखंड कार्यालय का दौरा करना पड़ता है। पंचायत भवनों पर सप्ताह में दो या तीन दिनों के लिए भी कर्मियों का दर्शन होना दुर्लभ सा बना हुआ है। वहीं पंचायत के लोगों ने बताया कि सभी पंचायत में पंचायत भवनों या फिर पंचायत सरकार भवन पर ही आरपीएस के तहत जाती आवास आए आदि प्रमाण पत्र के अलावा जमीन के दाखिल खारिज तथा अन्य कार्यों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था सिर्फ कागजों तक ही सिमटी है। इस पंचायत भवन पर आरपीएस के काम के लिए कंप्यूटर व अन्य चीजों पर लाखों खर्च किए गए हैं। वहीं बता दे




की पंचायत भवनों पर आरपीएस के तहत पंचायत वासियों को कोई भी सेवाएं उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। वहीं अमारी पंचायत के लोगों ने बताया कि आरटीपीएस काउंटर जब से खुला है तब से एक दिन भी वहां पर कोई कर्मी नहीं मौजूद होते हैं। वहां बस नाम का कार्यालय खोला गया है। रिपोर्टर द्वारा पूछा गया तो इस बात की जानकारी पंचायत के मुखिया व पदाधिकारी को दिए हैं तो उनके द्वारा बताया गया कि मुखिया तो किसी का फोन ही नहीं उठाते हैं। वहीं खैरा प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात करने पर कहा कि इसकी जानकारी मिली है जांच की जायेगी।

# युवक की जमकर पिटाई, मामला दर्ज

**गिद्धौर/जमुई (निंस)।** गिद्धौर मेला में स्थानीय युवक के साथ निकट गांव के कुछ मनबढ़ू किस्म के युवकों ने जमकर लात घूंसे से पिटाई कर दी और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में युवक रहम की भीख मांगता नजर आ रहा है, लेकिन मारपीट करने वाले युवकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है और वे भद्दी गालियां देते हुए लात घूंसे से पिटाई कर रहे हैं और थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। घटना को लेकर पीड़ित गिद्धौर निवासी मोहित केसरी गिद्धौर थानाध्यक्ष को आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने बताया कि सोमवार को गिद्धौर मेला में अपने परिजनों के साथ घूम रहे थे। इसी दौरान तारामाची के समीप गिद्धौर निवासी तारो यादव के पुत्र सनी कुमार यादव एवं कुड़ीला गांव निवासी चौकीदार अरविंद पासवान के पुत्र धर्मपाल पासवान सहित उनके साथ के तीन-चार अन्य अज्ञात लोगों ने उसे बुलाया और भद्दी



गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और उसका मोबाइल, गले का चेन और चार हजार रुपया नगद छीन लिया। अगली सुबह उसे कुड़ीला बुलाकर धर्मपाल पासवान ने उसका मोबाइल उसे दे दिया, लेकिन गले का चेन और पैसा नहीं दिया। उन युवकों ने उसके साथ किये मारपीट का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में गिद्धौर के मेले में स्पष्ट दिखाइ दे रहा है कि मोहित कुमार केशरी को पीटा जा रहा था और वह बार-बार बोल रहा था तुम लोग क्यों मार रहे हो, लेकिन चौकीदार अरविंद पासवान का पुत्र धर्मपाल पासवान और उसके साथ के अन्य लड़के बिना कानून के भय के कहर बरपा रहे थे। मेला परिसर में होने के बाद भी स्थानीय प्रशासन को इसकी भनक भी नहीं लगी। गिद्धौर मेला परिसर में इस तरह की घटना प्रशासन की बड़ी लापरवाही का नतीजा है। घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। जिसके बाद मामला दर्ज किया गया है। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मूर्ति विसर्जन जुलूस में लगाए आपत्तिजनक नारे

**पटना(एजेंसी)।** बिहार के कैमूर जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के जुलूस में आपत्तिजनक नारे लगाए गए। इस संबंध में कैमूर जिला अधिकारी और कैमूर एसपी के निर्देश पर थाने में 24 नामजद और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही जुलूस में इस्तेमाल किए जा रहे डीजे को भी जब्त कर लिया है। कुदरा पुलिस ने थाना परिसर में पहले ही शांति समिति की बैठक की थी। बैठक में डीजे पर रोक लगा दी थी। किसी भी तरह के आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद कुछ लोगों ने ऐसी हरकत की।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन०आर०ई०पी०,गोड्डा

शुद्धि पत्र

PR NO. 337036 NREP(24-25)_D के द्वारा प्रकाशित – सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या N.R.E.P./ GODDA/ 02/2024–25 के सभी ग्रुपों को अपरिहार्य कारणवश रद्ध किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
रा०ग्रा०नि०कार्य०,गोड्डा

PR 338993 NREP(24-25).D

## एक नजर

### रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई(एजेंसी)।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 84.04 रुपये पर बंद हुआ । इससे पहले सुबह रुपया दो पैसे गिरकर 84.07 रुपये डॉलर पर खुला। देशी पूंजी निकासी, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के बीच रुपया शुरूआती कारोबार में दो पैसे की गिरावट के साथ 84.07 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था क्योंकि सकारात्मक घरेलू बाजारों से मिलने वाला समर्थन विदेशी पूंजी की निकासी से खत्म हो रहा था। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भी रुपये पर दबाव आया ।इससे भारत का पहले से ही चिंताजनक व्यापार घाटा और बढ़ गया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरूआती कारोबार में 84.06 प्रति डॉलर पर खुला और फिर शुरूआती सौदों के बाद 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.05 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखापने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ 103.25 पर रहा।

### रिलायंस को दूसरी तिमाही में 19,323 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में जोरदार प्रदर्शन किया है। कंपनी की ओर से जारी किए गए तिमाही नतीजों में बताया गया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 19,323 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का पिछली तिमाही यानी अप्रैल-जून में मुनाफा 17,448 करोड़ रुपये रहा था। इस लिहाज से देखा जाए तो तिमाही आधार पर आरआईएल का मुनाफा बढ़ा है, लेकिन सालाना आधार पर इसमें 2.8 फीसदी की गिरावट दिखी है। इससे पहले एक सर्वे में 7 ब्रोकरेज ने मुनाफे में गिरावट की बात कही थी लेकिन कंपनी ने सभी कयासों को दूर करते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया है। रिलायंस ने वित्तवर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में कुल 2,58,027 करोड़ का राजस्व कमाया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.8 फीसदी अधिक है। इस दौरान कंपनी का कंसोलिडेटिड एबिटिडा साल-दर-साल 2.0 फीसदी घटकर 43,934 करोड़ रुपए रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2024-25 की 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही तक अपने कर्ज में करीब 800 करोड़ रुपये की कमी दर्ज की है। बीती तिमाही तक आरआईएल का कंसोलिडेटिड शुद्ध ऋण 116,438 करोड़ रुपए रह गया है, जो 30 सितंबर 2023 तक 117,727 करोड़ था।

### स्पाइसजेट ने एयरकैसल, विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ विवाद सुलझाया

**मुंबई (एजेंसी)।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने कहा है कि उसने दो विमान पट्टादाताओं एयरकैसल और विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ 2.339 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विवाद को सुलझा लिया है। इससे कुछ दिन पहले उसने अमेरिका स्थित विमान पट्टा देने वाली कंपनी बीबीएएम के साथ भी इसी तरह का विवाद सुलझाया था। विमानन कंपनी ने कहा कि समझौते के तहत दोनों पक्ष संबंधित सभी मुकदमे और विवाद उचित मंचों पर वापस लेंगे। बयान में कहा गया है कि स्पाइसजेट ने एयरकैसल (आयरलैंड) डेजिग्नेटेड एक्टिविटी कंपनी और विलमिंगटन ट्रस्ट एसपी सर्विसेज (डबलिन) लिमिटेड के साथ 2.339 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विवाद को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। इसके तहत कुल 50 लाख डॉलर का भुगतान किया गया। साथ ही कुछ विमान इंजनों से संबंधित समझौता भी किया गया है। इसमें कहा गया दोनों पक्ष सौहार्दपूर्ण बातचीत के जरिये इस समझौते पर पहुंचे हैं तथा मामले को अदालत के बाहर सुलझाने का विकल्प चुना है। स्पाइसजेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने एयरकैसल और विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ लंबे समय से जारी विवाद को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। इस और अन्य महत्वपूर्ण समझौतों के साथ स्पाइसजेट अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और अधिक मजबूत भविष्य के लिए आधार तैयार करने में लगी है। स्पाइसजेट ने विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी बैबकॉक एंड ब्राउन एयरक्राफ्ट मैनेजमेंट (बीबीएएम) के साथ 13.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर का विवाद सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने की पिछले बुधवार को घोषणा की। विमानन कंपनी ने कहा था, होराइजन एविएशन 1 लिमिटेड, होराइजन 2 एविएशन 3 लिमिटेड और होराइजन 3 एविएशन 2 लिमिटेड के साथ 13.18 करोड़ डॉलर (1,107 करोड़ रुपये) का विवाद 2.25 करोड़ डॉलर में सुलझा लिया गया है। ये सभी पट्टेदार बीबीएएम के प्रबंधन के अधीन हैं।

### गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग का शेयर 10 फीसदी तेजी के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 95 रुपये से 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 8.63 प्रतिशत उछाल के साथ 103.20 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 15.55 प्रतिशत बढ़कर 109.78 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 10.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105 रुपये पर खुला। गरुड़ कंस्ट्रक्शन के 264 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले गुरुवार को 7.55 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए 92-95 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। कंपनी इस नए निर्गम से हासिल 100 करोड़ रुपये तक की राशि का इस्तेमाल कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए करेगी। शेष राशि का इस्तेताल विलय व अधिग्रहण सहित सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। मुंबई स्थित गरुड़ कंस्ट्रक्शन वर्तमान में छह आवासीय परियोजनाओं, दो वाणिज्यिक परियोजनाओं, एक औद्योगिक परियोजना और एक बुनियादी ढांचे के निर्माण में लगी हुई है। उसकी ऑर्डर बुक 1,408.27 करोड़ रुपये की है।

### टाटा समूह अगले पांच साल में विनिर्माण क्षेत्र में देगा 5 लाख रोजगार के अवसर

**मुंबई(एजेंसी)।** टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह अगले पांच वर्षों में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों से जुड़े विनिर्माण क्षेत्र में पांच लाख रोजगार के अवसर रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगा। इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट की एक संगोष्ठी में बोलते हुए टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि यदि भारत विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियों के अवसर नहीं दे सकता तो वह विकसित राष्ट्र होने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में टाटा समूह के निवेश, प्रीसीजन मैन्यूफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में हमारे निवेश के बीच, मुझे लगता है कि हम अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियां पैदा करेंगे। असम में टाटा समूह के आगामी सेमीकंडक्टर संयंत्र और इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी के लिए अन्य नई विनिर्माण इकाइयों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हम कई संयंत्र स्थापित कर रहे हैं।

# आरबीआई ने 4 बैंकों और एक फिनसर्व कंपनी पर लगाया जुर्माना




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एसजी फिनसर्व लिमिटेड पर रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट से संबंधित कुछ खास शर्तों का पालन नहीं करने पर 28.30 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। एसजी फिनसर्व को पहले मूंगिपा सिक्योरिटीज के नाम से जाना जाता था। आरबीआई समय-समय पर वित्तीय संस्थाओं के नॉन-कंप्लाइंस के मुद्दों पर नजर रखता है और पेनल्टी जैसे एक्शन भी लेता रहता है जिससे कंपनियों और बैंकों के ऊपर नजर बनी रहे। आरबीआई ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2022-23 के कंपनी की फाइनेंशियल डिटेल्स में अन्य बातों के साथ-साथ सर्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन (सीओआर) से जुड़ी खास शर्तों का पालन न करने का खुलासा हुआ। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने जारी किए गए सीओआर में खास शर्तों का पालन नहीं करने के बाद भी लोगों से पैसे डिपॉजिट के तौर पर लिए और लोन दिए हैं। रिजर्व बैंक ने अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक पर भी 14 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। बैंक के ऊपर फाइनेंशियल क्राइटेरिया को मजबूत करने और अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) पर कुछ निदेर्शों का पालन नहीं करने के लिए यह जुमार्ना लगाया गया है। छोटे या ग्रामीण इलाकों के बैंक में इस तरह की गलती हो जाती है लेकिन आरबीआई बैंकों का रेगुलेटर है और वो समय-समय पर एक्शन लेता रहता है। इसके अलावा कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए तीन अन्य सहकारी बैंकों पर जुमार्ना लगाया गया है। ये बैंक हैं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक लिमिटेड-भिंड, मध्य प्रदेश, द अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड धरनगांव, महाराष्ट्र और श्री कालाहस्ती को-ऑपरेटिव टाउन बैंक लिमिटेड-आंध्र प्रदेश।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




**मुम्बई (एजेंसी)।** घरलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबार दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 152.93 अंक टूटकर 81,820.12 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 70.60 अंक की गिरावट के साथ ही 25,057.35 अंक पर बंद हुआ। गत दिवस बाजार तेजी से बंद हुआ था ।

आज बीएसई सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से 21 के शेयर गिरे। सबसे अधिक गिरावट बजाज फाइनेंस के शेयरों में रही। इसका शेयर 2.73 फीसदी नीचे आकर 7013.10 रुपये पर बंद हुआ । इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, सनफार्मा, टीसीएस, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नीचे आये। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अदाणी पोर्ट्स, नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन, आईटीसी और टाइटन के शेयर ऊपर आये हैं। आज सुबह एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हुआ ।जापान का निक्केई225 और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, हांगकांग के हैंगसेंग और चीन के शंघाई कंपोजिट में गिरावट रही। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार भी नीचे आये जबकि अमेरिकी बाजारों में बढ़त रही है।

वहीं इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को उच्च स्तर पर खुले। शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 294 अंक बढ़कर 82,267 पर खुला, जबकि निफ्टी-50 ने 75 अंक ऊपर 25,203 पर कारोबार शुरू किया।

# विदेश यात्रा आसान बनाने सरकार ने लांच किया ई-माइग्रेट पोर्टल एवं मोबाइल ऐप

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश के लोगों के लिए विदेश यात्रा सुरक्षित और आसान हो सके इसके लिए भारत सरकार ने संशोधित ई-माइग्रेट पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जीवन को आसान बनाने और लोगों पर केंद्रित शासन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले साल, सुरक्षित और कानूनी आवागमन चैनलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विदेश मंत्रालय ने अभियान जारी किया था। इस अभियान के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षित जाएं, प्रशिक्षित जाएं के आदर्श वाक्य पर आधारित डाक टिकट जारी किया था। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की उसी भावना को दशार्ता है। उन्होंने नए ई-माइग्रेट पोर्टल वी2.0 को विदेशों में भारतीय कामगारों के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और समावेशी आवागमन बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। यह पोर्टल देश के सतत विकास के लिए बनाए गए एजेंडा 2030 के लक्ष्य 10 के अनुरूप है। इसके माध्यम से व्यवस्थित, सुरक्षित और नियमित प्रवास को बढ़ावा देने का काम किया गया है।

## सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी

### सोना हल्की गिरावट के साथ 75,917 रुपए, चांदी 90,569 रुपए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** त्योहारी मौसम चल रहा है और धनतेरस, दिवाली जैसे बड़े त्योहार भी आने वाले हैं। इस बीच सोने-चांदी की कीमतों में भी उतार-चढ़ाव जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.17 फीसदी गिरकर 75,917 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 0.18 फीसदी गिरावट के साथ 90,569 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। स्टॉकिस्टों और व्यापारियों की सतत लिवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपए बढ़कर 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने में गिरावट आई। अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को सोना 78,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी 500 रुपए बढ़कर 93,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले बंद भाव में यह 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपए बढ़कर 78,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे पहले यह 78,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इससे पहले सात अक्टूबर को सोने की कीमत रिकॉर्ड 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई थी।

# जियो ने 5जी सर्विस में चीन को भी पीछे छोड़ा


**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मोबाइल नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर और ब्रॉड बैंड फील्ड में जोरदार प्रदर्शन करते हुए जियो प्लेटफॉर्म ने चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में रिकॉर्ड मुनाफा कमाया है। कंपनी की ओर से जारी तिमाही रिजल्ट में बताया गया कि रिलायंस जियो का लाभ सालाना आधार पर 23.4 फीसदी बढ़कर 6,539 करोड़ रुपये हो गया है। जियो प्लेटफॉर्म्स की ओर से जारी सूचना के अनुसार 2024-25 की सितंबर तिमाही में जियो प्लेटफॉर्म्स का एबिटिडा साल-दर-साल 17.8 फीसदी बढ़कर 15,931 करोड़ पहुंच गया है। इस दौरान तिमाही के लिए जियो का मुनाफा 23.4 फीसदी साल-दर-साल बढ़कर 6,539 करोड़ हो गया जो एक नया रिकॉर्ड है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही में जियो का ग्राहक आधार की संख्या बढ़कर 47 करोड़ 88 लाख पहुंच गई। यह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 4.2 फीसदी अधिक रही है। हालांकि, टैरिफ में करीब 25 फीसदी की वृद्धि के बाद दूसरी तिमाही में सीमित मात्रा में सिम-कंसोलिडेशन देख गया। टैरिफ बढ़ोतरी और बेहतर सब्सक्राइबर मिक्स की वजह से जियो का एआरपीयू बढ़कर प्रति ग्राहक 195.1 रुपए हो गया। टैरिफ बढ़ोतरी का पूरा असर अगली 2-3 तिमाहियों में दिखने को मिलेगा। जियो का कुल डेटा और वॉइस ट्रैफि क साल दर साल 24 फीसदी बढ़कर 45 अरब जीबी और 6.4 फीसदी बढ़कर 1.42 ट्रिलियन मिनिट हो गया है। जियो ट्रू 5जी को लॉन्च हुए दो साल भी पूरे नहीं हुए हैं लेकिन ये चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा 5जी ऑपरेटर बन गया है। जियो ट्रू 5ॠ के ग्राहक बढ़कर 14 करोड़ 70 लाख हो गए हैं। जियो एयर फाइबर के ग्राहक भी तेजी से बढ़ रहे हैं। सितंबर 2024 तक जियो एयर फाइबर 28 लाख घरों तक पहुंच चुका है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम अंबानी ने कहा कि ह्यजियो ने शुरूआत से ही अपने ग्राहकों और शेयरधारकों के लाभ के लिए डीप-टेक इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित किया है। भारत के डिजिटल परिदृश्य में जियो ट्रू5जी और जियो एयरफाइबर द्वारा किए जा रहे व्यापक परिवर्तन इसी दृष्टिकोण का प्रमाण हैं। एआई इस परिवर्तन का अगला वाहक बन रहा है और जियो सभी भारतीयों के लिए देश में दुनिया का सबसे अच्छा एआई इकोसिस्टम विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही जियो शेयरधारक को मजबूत रिटर्न देने के लिए प्रतिबद्ध है और चालू तिमाही में इसने शानदार वित्तीय प्रदर्शन किया है।




**पेरिस में 2024 मोटर शो में चीनी कार कंपनी के पेवेलियन में कार पेश करती हुई मॉडल्स।**

# आरबीआई गवर्नर दास ने एआई के बढ़ते उपयोग से पैदा होने वाली चुनौतियों से आगाह किया

### बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों को जोखिम कम करने के लिए पर्याप्त उपाय करने चाहिए




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के बढ़ते उपयोग के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रौद्योगिकी ने भले ही वित्तीय संस्थानों के लिए कारोबार को बढ़ाने और बेहतर मुनाफे के लिए अवसर तो दिए हैं, मगर इन पर अत्यधिक निर्भरता वित्तीय स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे में बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों को जोखिम कम करने के लिए पर्याप्त उपाय करने चाहिए। आरबीआई द्वारा दिल्ली में हाल ही में आयोजित एक उच्चस्तरीय सम्मेलन में दास ने कहा कि एआई पर अत्यधिक निर्भरता से एक ही चीज पर केंद्रित होने का खतरा पैदा हो सकता है, खास तौर पर ऐसे समय में जब बाजार पर कुछ ही तकनीकी प्रदाताओं का दबदबा है। इससे प्रणालीगत जोखिम बढ़ सकता है, क्योंकि किसी भी विफलता अथवा व्यवधान का असर पूरे वित्तीय क्षेत्र में फैल सकता है। दास ने कहा कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इस प्रकार के जोखिम से निपटने के लिए पर्याप्त उपाय करने चाहिए। एआई के बढ़ते उपयोग से साइबर हमले और डेटा चोरी की आशंका जैसी नई चिंताएं पैदा हुई हैं। साथ ही एआई की अपारदर्शिता के कारण निर्णय लेने वाले एल्गोरिदम का ऑडिट या व्याख्या करना मुश्किल हो जाता है। इससे बाजार में अप्रत्याशित परिणाम दिख सकते हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों को एआई एवं उभरती प्रौद्योगिकी का फायदा अवश्य उठाना चाहिए, लेकिन प्रौद्योगिकी को अपने ऊपर हावी कतई नहीं होने देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत उन चुनिंदा अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है जहां चौबीसों घंटे काम करने वाली तत्काल सकल निपटान प्रणाली (आरटीजीएस) मौजूद है। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय समझौतों के जरिये डॉलर, यूरो, पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन के निपटान के लिए आरटीजीएस में विस्तार की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। आरटीजीएस आरबीआई द्वारा विकसित एक एकीकृत भुगतान एवं निरंतर (रियल टाइम) निपटान प्रणाली है। दास ने कहा कि भारत एवं कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय तरीकों से सीमा पार त्वरित भुगतान प्रणालियों के विस्तार के लिए प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि इस तरीके से धन प्रेषण की लागत और समय में काफी कमी की जा सकती है। दास ने यह भी कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक अन्य ऐसा क्षेत्र है जहां सीमा पार भुगतान में कुशलता प्रदान करने की क्षमता है। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जहां थोक एवं खुदरा दोनों तरह की सीबीडीसी जारी की गई हैं।

## हुंडई आईपीओ में बड़ी गिरावट केवल 8 फीसदी हुआ सब्सक्राइब

**मुंबई (एजेंसी)।** देश का सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर्स इंडिया लिमिटेड (एचएमआई) मंगलवार से सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। इस आईपीओ के लेकर निवेशकों में काफी उत्साह देखा गया था। करीब 2 सप्ताह पहले जब अनलिस्टेड मार्केट में इस शेयर की ट्रेडिंग शुरू हुई थी, तब ये 570 रुपए के जीएमपी पर था यानी वहां से इसमें काफी बड़ी गिरावट आ चुकी है। बीएसई आंकड़ों के अनुसार हुंडई का आईपीओ पहले ही दिन मंगलवार को 11:09 बजे तक 8 फीसदी सब्सक्राइब किया गया। निवेशक इस इश्यू में 17 अक्टूबर तक पैसे लगा सकते हैं। इसके लिए प्राइस बैंड 1,865 से 1,960 रुपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बता दें कि साउथ कोरियाई वाहन मैन्युफैक्चरिंग हुंडई की भारतीय यूनिट हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अपने आईपीओ से एक दिन पहले सोमवार को एंकर निवेशकों से 8,315 करोड़ रुपए जुटा लिए थे। यह आईपीओ 27,870 करोड़ रुपए (लगभग 3.3 अरब डॉलर) का है। इससे पहले एलआईसी आईपीओ का साइज 21,000 करोड़ रुपए का था। इनके अलावा, भारत में पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस नवंबर, 2021 में 18,300 करोड़ रुपए का आईपीओ लेकर आई थी। इसके अलावा कोल इंडिया लिमिटेड ने अक्टूबर, 2010 में 15,199 करोड़ रुपए का आईपीओ पेश किया था। रिलायंस पावर ने जनवरी, 2008 में 11,563 करोड़ रुपए का आईपीओ पेश किया और जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया अक्टूबर, 2017 में 11,176 करोड़ रुपए का आईपीओ लेकर आई थी। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में 40 रुपए प्रीमियम के साथ उपलब्ध हैं। इसका मतलब है कि हुंडई मोटर के शेयर 2 फीसदी प्रीमियम के साथ 2000 रुपए पर लिस्ट हो सकते हैं। बता दें कि ग्रे मार्केट में अब तक यह शेयर 92 फीसदी लुढ़क चुका है।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, बुधवार, 16 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात में शुद्धिकरण, दिल्ली में सप्लाई; अंकलेश्वर से बरामद हुई 5000 करोड़ की ड्रग्स



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल के दिनों में दिल्ली और गुजरात से बड़ी मात्रा में ड्रग्स बरामद की गई है। पुलिस ने सोमवार को कहा कि राजधानी में 1,300 किलो ड्रग्स की आपूर्ति किए जाने से पहले इसका गुजरात के अंकलेश्वर में शुद्धिकरण किया गया था। यह काम एक दवा कंपनी ने किया था। वहीं ड्रग्स दक्षिण अमेरिका के देशों से होते हुए भारत पहुंची। अधिकारियों के अनुसार, पिछले हफ्तों में दिल्ली और गुजरात से 13,000 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद हुआ है।

रविवार को दिल्ली और गुजरात पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में गुजरात के अंकलेश्वर से करीब 5000 करोड़ रुपये मूल्य का कम से कम 518 किलोग्राम कोकीन जब्त किया गया। ड्रग्स जब्ती के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नई जब्ती का लिंक दिल्ली में 700 किलोग्राम कोकीन की बरामदगी से जुड़ा है। गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी से कोकीन की खेप मिलने के एक दिन बाद, पुलिस ने सोमवार को कहा कि दिल्ली भेजे जाने से पहले खेप को वहां केमिकल मिलाकर रिफाइन गया था।

गुजरात से गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में से तीन आरोपी - विजय भेसनिया, अश्विनी रमानी और बृजेश कोठिया, अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी के सह-मालिक हैं। अधिकारियों ने बताया कि दो अन्य लोगों में से मयूर देसाले कंपनी में प्रोडक्शन का काम देख रहा था, जबकि अमित ने मुख्य सप्लायर और दवा कंपनी के मालिकों के बीच मध्यस्थता में अहम भूमिका निभाई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पांचों आरोपियों को सोमवार को अंकलेश्वर की एक अदालत में पेश किया गया।

### फायदे की स्कीम लाई दिल्ली सरकार; नए पर मिलेगी छूट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दीपावली पर नए वाहन खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली सरकार के पुराने वाहनों को स्क्रैप कराने पर नया खरीदने पर मोटर वाहन टैक्स में 20 फीसदी छूट के प्रस्ताव को उपराज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। मंगलवार को इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी जाएगी। सरकार के मुताबिक, अधिसूचना जारी होने के बाद तत्काल प्रभाव से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। योजना के तहत नॉन-कमर्शियल सीएनजी और पेट्रोल वाहनों (निजी) की खरीद पर मोटर वाहन कर में छूट मिलेगी। निजी डीजल वाहनों की खरीद पर टैक्स में 15 फीसदी की छूट दी जाएगी। व्यवसायिक प्रयोग के लिए सीएनजी और पेट्रोल वाहनों की खरीद पर टैक्स में 15 फीसदी और डीजल वाहनों की खरीद पर टैक्स में 10 फीसदी की छूट दी जाएगी। सरकार ने कहा कि पुराने वाहन को स्क्रैप कराने के बाद तुरंत नया वाहन खरीदने की पाबंदी नहीं होगी। अगर कोई एक साल या दो साल बाद भी वाहन खरीदेगा तो स्क्रैप करवाए वाहन का सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट दिखाने पर टैक्स में छूट मिलेगी। यह सीओडी तीन साल तक के लिए मान्य होगा। योजना के अधिसूचित होने से पहले वाहन को स्क्रैप कराया है तो वह भी एक साल के लिए मान्य होता है। मसलन बीते एक साल में जिसने भी वाहन स्क्रैप कराया है, वह भी इसका लाभ ले सकेगा। दिल्ली में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन चलाने पर पाबंदी है। इस श्रेणी के करीब 55 लाख वाहनों का पंजीकरण रद्द किया जा चुका है। आंकड़ों की मानें तो उम्र पूरी कर चुके वाहनों में से आठ लाख वाहन दिल्ली परिवहन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर अब तक शहर बाहर पंजीकृत हो चुके हैं।

# दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइट्स पर बढ़ी सख्ती

## प्रदूषण के कौन से उल्लंघन पर कितना लगेगा जुर्माना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने धूल रोधी अभियान के तहत सोमवार को पीतमपुरा में खेल परिसर के निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। गोपाल राय के इस निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर धूल नियंत्रण से संबंधित अनियमितताएं पाई गईं। उन्होंने डीपीसीसी को निर्माण कार्य करने वाली एक निजी कंपनी पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही डीपीसीसी की ओर से जारी नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं देने पर प्रतिदिन के हिसाब से आर्थिक जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के 14 नियमों को लागू करना जरूरी है। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार की ओर से उठाए गए कड़े कदमों की वजह से दिल्ली में वायु प्रदूषण में लगातार सुधार हो रहा है। पिछले नौ सालों में वायु प्रदूषण में 34.6 फीसदी की कमी देखी गई है। सर्दी के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 25 सितंबर को 21 फोकस पॉइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत सरकार ने 7 अक्टूबर से अगले एक महीने तक धूल रोधी अभियान शुरू की है। खुद पंजीकरण कराना अनिवार्य गोपाल राय ने कहा कि इस अभियान की निगरानी के लिए 13 विभागों की 523 टीमें तैनात की गई हैं। सीएंडडी पोर्टल पर 500 वर्ग मीटर से अधिक वाले सभी निर्माण स्थलों को खुद पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया गया है। धूल प्रदूषण रोकने के लिए 85 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) मशीनों और 500 वॉटर स्प्रिंकलर तैनात की गई है।

### किस नियम को तोड़ने पर कितना जुर्माना

सीएंडडी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं करने पर 20,000 वर्ग मीटर से कम क्षेत्र वाले निर्माण प्रोजेक्ट पर एक लाख और 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र वाले निर्माण प्रोजेक्ट पर दो लाख रुपये जुर्माना लगाया जाएगा एंटी स्मॉग गन नहीं लगाने पर 7,500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा निर्माण साइट्स पर धूल रोधी उपाय नहीं करने पर 500 वर्ग मीटर से कम क्षेत्र वाले निर्माण प्रोजेक्ट पर 7,500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से और उससे अधिक क्षेत्र वाले निर्माण स्थलों पर 15000 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा

निर्माण सामग्री ले जा रहे वाहनों को ढंकना जरूरी है। उल्लंघन होने पर 7,500 का जुर्माना लगेगा।

### छठ पूजा के लिए दिल्ली में क्या तैयारी, कितने घाट और क्या व्यवस्था, सीएम आतिशी ने बताया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने छठ पूजा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि त्योहार बिना किसी असुविधा के मनाया जाए। मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार शहर भर में छठ पूजा के लिए 1000 मॉडल घाट स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लाखों श्रद्धालुओं द्वारा की जाने वाली छठ पूजा की सुविधा के लिए 70 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक में घाटों का निर्माण किया जाएगा। दिल्ली सरकार के एक बयान में कहा गया है कि एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को छठ पूजा समितियों के साथ समन्वय करने और प्रकाश व्यवस्था, साफ पानी, शौचालय, तंबू, घाटों पर सुरक्षा सहित त्योहार की तैयारी करते समय उनके सुझावों को शामिल करने का निर्देश दिया।

## हम आपको चेतावनी देते हैं...विकिपीडिया से क्यों नाराज हुआ हाईकोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को विकिपीडिया को फटकार लगाई है। कोर्ट ने यूजर की जानकारी खुलासा करने को लेकर लताड़ लगाई और एग्रीगेटर के खिलाफ मानहानि की याचिका पर सुनवाई कर रहे जज पर दबाव बनाने की उसकी कोशिशों की भी निंदा की। चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने विकिपीडिया के




वकील से कहा, हम आपको चेतावनी दे रहे हैं। आप दुनिया की सबसे पावरफुल इकाई हो सकते हैं, लेकिन हम एक ऐसे देश में रहते हैं जो कानून के शासन से चलाया जाता है। विकिपीडिया पर एक समाचार एजेंसी द्वारा दायर मानहानि के मामले में यूजर की जानकारी का खुलासा करने के सिंगल जज की पीठ के आदेश के खिलाफ याचिका को चुनौती पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह टिप्पणी की। कोर्ट ने उन यूजर्स की पहचान मांगी थी जिन्होंने कथित तौर पर समाचार एजेंसी के विकिपीडिया पेज पर अपमानजनक एडिट किया था। बेंच यह जानकर हैरान रह गई कि मामला विचाराधीन होने के बावजूद विकिपीडिया के एक पेज पर मामले को लेकर टिप्पणी की गई थी।

नाराज बेंच ने विकिपीडिया के वरिष्ठ वकील अखिल सिब्बल से कहा, इस पेज को किसने बनायाआप अपने मुवक्किल को गरिमा और शिष्टाचार बनाए रखने के लिए नियंत्रित नहीं कर पाए। आप किसी जज को इस तरह से धमका नहीं सकते या दबाव नहीं बना सकते। इस पेज को हटाना होगा, अन्यथा हम आपकी बात नहीं सुनेंगे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की उस दलील को खारिज कर दिया जिसमें कथित रूप से अपमानजनक एडिट करने वाले यूजर्स की पहचान उजागर करने का विरोध किया गया था। टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, जब वकील ने यूजर्स की पहचान गुप्त रखने की मांग की और इस पहलू पर सुनवाई का अनुरोध किया, तो अदालत ने सिब्बल से कहा, आपका सिस्टम किसी को बदनाम करने का मुखौटा नहीं हो सकता।

## गर्मी में 70 प्रतिशत दिल्ली वालों के लिए मुफ्त नहीं थी बिजली ! कई का बिल 2000 से ज्यादा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवालों पर गर्मी भारी गुजरी है। ना सिर्फ उन्हें मौसम की तपिश झेलनी पड़ी, बल्कि बिजली का बिल भी चुकाना पड़ा। मई से जुलाई के बीच दिल्ली में महज 30 पर्सेंट लोगों को मुफ्त बिजली स्कीम का फायदा मिला है। इस स्कीम के तहत आम आदमी पार्टी सरकार हर महीने 200 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। लेकिन खपत इससे अधिक होने पर बिल चुकाना होता है। तीन महीनों की अवधि में 70 पर्सेंट लोगों को खपत के मुताबिक बिल देना पड़ा।

दिल्ली सरकार के बिजली विभाग की ओर से वित्त विभाग सौंपे गए डेटा के आधार पर एक रिपोर्ट में बताया है कि 35 से 40 फीसदी उपभोक्ताओं को 2000 रुपए से अधिक बिल चुकाना पड़ा है। मई महीने में 13,44,287 उपभोक्ताओं का बिल 2000 रुपए से अधिक था। दिल्ली में कुल 59 लाख बिजली कनेक्शन हैं। अप्रैल महीने में 36 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को शून्य बिजली बिल मिला, जब उनकी खपत 200 यूनिट के दायरे में थी। गर्मी बढ़ने के साथ लाभार्थियों की संख्या में तेजी से गिरावट आई। मई में जहां 25.3 लाख लोगों को बिजली मुफ्त मिली तो जून में यह संख्या घटकर 17 लाख और जुलाई में 16.7 लाख तक आ गई। सितंबर में एक बार फिर यह आंकड़ा बढ़कर 21 लाख तक पहुंच गया।

सूत्रों के मुताबिक बताया गया है कि गर्मी के पीक सीजन में शून्य बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं की संख्या 16-19 लाख के बीच रही। साल के अन्य समय में यह संख्या 33 से 35 लाख के बीच रहती है। अच्छे मौसम की वजह से कई बार 40 लाख कनेक्शन पर बिल शून्य होता है। दिल्ली सरकार 201 से 400 यूनिट तक 50 फीसदी की सब्सिडी देती है। गर्मियों में 17-20 लाख कनेक्शन पर यह लाभ मिला। राजधानी में इस साल 19 जुलाई को बिजली की डिमांड रिकॉर्ड 8656 मेगावॉट तक पहुंच गई।

आम आदमी पार्टी ने एक बयान में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अधिकारियों पर दबाव बनाकर दिल्ली सरकार की मुफ्त बिजली योजना को रोकना चाहती है। वहीं, भाजपा की दिल्ली इकाई के एक प्रवक्ता ने आप पर बिजली सब्सिडी योजना और बढ़ते बिजली बिलों के मुद्दे पर दिल्लीवासियों को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## हम लड़ना नहीं चाहते, लेकिन भारत ने गलती कर दी, निज्जर हत्याकांड पर फिर जहर उगल रहे ट्रूडो



**ओटावा , एजेंसी।** कनाडा और भारत के रिश्तों में एक बार फिर खटास आ चुका है। कनाडा सरकार ने खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के उच्चायुक्त के शामिल होने का आरोप लगाया है। भारत सरकार ने इन आरोपों को बेबुनियाद करार दिया है। वहीं, भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और अन्य राजनयिकों को वापस देश बुला लिया है।

प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा ने पिछले साल एक कनाडाई नागरिक की हत्या में भारतीय अधिकारियों की संलिप्तता के आरोपों से संबंधित सभी जानकारी अपने फाइव आईज भागीदारों, विशेष रूप से अमेरिका के साथ साझा की है।

ट्रूडो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा,भारत ने सोमवार को छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया और हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से जुड़े आरोपों खारिज कर दिया है। इसके बाद कनाडा ने अपने उच्चायुक्त और अन्य अधिकारियों को वापस देश बुला लिया है। जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि मैंने पीएम मोदी से बात की और कहा था कि भारत इस मामले को गंभीरता से ले।

**हम निज्जर की हत्या को नजरअंदाज नहीं कर सकते: ट्रूडो:** ट्रूडो ने कहा है कि हमने जानबूझकर कनाडा-भारत संबंधों में तनाव पैदा करने के लिए नहीं चुना है। भारत एक महत्वपूर्ण लोकतंत्र है, एक ऐसा देश है जिसके साथ हमारे लोगों के बीच गहरे ऐतिहासिक व्यापारिक संबंध हैं। हम यह लड़ाई नहीं चाहते हैं, लेकिन जाहिर तौर पर कनाडा की धरती पर एक कनाडाई की हत्या कुछ ऐसी बात नहीं है एक देश के रूप में हम इसे नजरअंदाज कर सकते हैं, इसलिए हमने हर कदम पर भारत को जो कुछ भी पता है उससे अवगत कराया है। मैंने सीधे प्रधानमंत्री मोदी से बात की है। कनाडा के पीएम ने आगे कहा, भारत सरकार ने यह सोचकर बुनियादी गलती की कि वे कनाडा की धरती पर कनाडाई लोगों के खिलाफ आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, चाहे वह हत्या हो या जबरन वसूली है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। कनाडा भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को पूरी तरह से स्वीकार करता है और उसका सम्मान करता है। हमें उम्मीद थी कि इस मामले पर भारत कोई कदम उठाएगा मगर ऐसा नहीं हुआ।

**कनाडा के छह राजनयिकों के भारत छोड़ने का आदेश** : भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों स्टीवर्ट रॉस व्हीलर (कार्यकारी उच्चायुक्त), पैट्रिक हेबर्ट, मैरी कैथरीन जॉली (फर्स्ट सेक्रेटरी), इयान रॉस डेविड (फर्स्ट सेक्रेटरी), एडम जेम्स चुइपका (फर्स्ट सेक्रेटरी) और पाउला ओर्जुएला (फर्स्ट सेक्रेटरी) को निष्कासित करने का फैसला लिया है. इन्हें 19 अक्टूबर को रात 12 बजे तक भारत छोड़ देने को कहा गया है।

## अब कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने बताई नई कहानी, यूके के प्रधानमंत्री से की बात

**ओटावा , एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की वजह से भारत और कनाडा के रिश्ते बेहद खराब दौर में पहुंच चुके हैं। भारत ने कनाडा के छह राजनियकों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। वहीं कनाडा में मौजूद अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया है। इस बीच सोमवार को जस्टिन ट्रूडो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत पर बिना सबूत मनगढ़ंत आरोप लगाना जारी रखा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को भारत सरकार के एजेंटों पर गुप्त रूप से सूचना एकत्र करने, कनाडाई लोगों को निशाना बनाकर बलपूर्वक व्यवहार करने, धमकी देने और हिंसक कृत्यों में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के साक्ष्य का हवाला दिया। मगर साक्ष्यों को सार्वजनिक नहीं किया। ट्रूडो ने आरोप लगाया कि भारत सरकार के अधिकारी ऐसी गतिविधियों में शामिल थे जो सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं।

**ट्रूडो बोले- पुख्ता सबूत हैं:** ट्रूडो ने कहा, आरसीएमपी कमिश्नर के पास स्पष्ट और पुख्ता सबूत हैं। भारत सरकार के एजेंट ऐसी गतिविधियों में शामिल रहे हैं और अब भी शामिल हैं, जो सार्वजनिक सुरक्षा को बड़ा खतरा पैदा करती हैं। इसमें गुप्त सूचना जुटाने की तकनीक, दक्षिण एशियाई कनाडाई लोगों को निशाना बनाना, हत्या समेत कई उल्लंघनकारी कृत्य शामिल हैं। यह अस्वीकार्य है।

**मिलकर काम करने की कोशिश की:** ट्रूडो का दावा है, कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने इन मामलों पर भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर काम करने की कई बार कोशिश की। मगर उन्हें बार-बार मना कर दिया गया। इसी वजह से अब कनाडाई अधिकारियों ने एक असाधारण कदम उठाया है।

### छात्रों को लेकर जा रही बस हुई बड़े हादसे का शिकार, 12 विद्यार्थियों की मौत, 33 घायल

**काहिरा, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी मिस्र में एक राजमार्ग पर एक विश्वविद्यालय के छात्रों को ले जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई, जिससे 12 विद्यार्थियों की मौत हो गई और 33 अन्य विद्यार्थी घायल हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार रात यह जानकारी दी। बस में स्वेज में स्थित 'गलाला विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सवार थे। यह दुर्घटना 'ऐन सोखना राजमार्ग पर उस समय हुई जब बस विद्यार्थियों को उन्हें घर छोड़ने के लिए निकली थी। मंत्रालय ने दुर्घटना के कारणों का खुलासा नहीं किया। एक बयान के मुताबिक, 28 एम्बुलेंस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचीं और घायलों को स्वेज मेडिकल कॉम्प्लेक्स पहुंचाया। हालांकि उनकी स्थिति के बारे में जानकारी नहीं दी गई।



## ईरान का इजराइल पर हमला करना पड़ा भारी, ब्रिटेन ने लगाया कड़ा प्रतिबंध



**लंदन, एजेंसी।** ईरान का इजराइल के खिलाफ हमला करना भारी पड़ा. ब्रिटेन ने इरान पर कई सख्त प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है. इसके तहत ब्रिटेन ने ईरान के सैन्य अफसरों और स्पेस एजेंसी पर बैन लगाया है. विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा कि बार-बार चेतावनी के बावजूद ईरान और उसके सहयोगियों की खतरनाक कृत्यों से मिडल ईस्ट में तनाव और बढ़े हैं. ब्रिटेन के विदेश कार्यालय ने सोमवार को कहा कि एक अक्टूबर को इजराइल पर ईरान के हमले के बाद उसके सैनिकों, रक्षा संगठनों और अंतरिक्ष अभियानों से जुड़े संगठनों पर बैन लगाए गए हैं. नये प्रतिबंधों का लक्ष्य ईरान की सेना, वायु सेना तथा बैलिस्टिक एवं क्रूज मिसाइल विकास से जुड़े संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी हैं.

### मिसाइल बनाने से जुड़े संगठन पर बैन

ब्रिटेन ने क्रूज मिसाइल में इस्तेमाल किए जाने वाले हिस्सों और डिजाइन बनाने का काम करने वाले संगठन फरजानेगन प्रोपल्शन सिस्टम डिजाइन ब्यूरो पर भी प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है. इसके अलावा ईरानी अंतरिक्ष एजेंसी पर भी प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है. ये बैलेस्टिक मिसाइल तैयार करने में तकनीकी सहायता करती है.

विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा कि ईरान और उसके समर्थक मिडल ईस्ट में तनाव को बढ़ावा रहे हैं. उन्होंने बयान में कहा कि इजराइल पर उसके बैलिस्टिक मिसाइलों के हमले के बाद हम ईरान को जवाबदेह ठहरा रहे हैं. इन कृत्यों में मदद करने वालों को बेनकाब कर रहे हैं. ईरान अपने सहयोगियों और भागीदारों के साथ अस्वीकार्य धमकियां दे रहा है. इसके खिलाफ पूरे क्षेत्र में तनाव कम करने के लिए दबाव बनाने के लिए आवश्यक उपाय करना जारी रखेंगे.

### प्रतिबंधों में ये भी शामिल हैं

विदेश मंत्री के अनुसार ईरानी सेना के कमांडर-इन-चीफ और सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सदस्य अब्दोलरहीम मौसवी, सेना के डिप्टी कमांडर-इन-चीफ मोहम्मद-होसैन दादरास, वायु सेना के कमांडर हामिद वाहेदी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के खुफिया प्रमुख मोहम्मद काजेमी प्रतिबंधित व्यक्तियों में शामिल हैं. ब्रिटेन ने पहले ही ईरान पर 400 से अधिक प्रतिबंध लगा रखे हैं. इनमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के खिलाफ संपूर्ण प्रतिबंध शामिल हैं.

### इजराइल का हमला जारी है

बता दें कि इजराइल लेबनान में हवाई और जमीनी हमले जारी रखे हुए है. साथ ही गाजा में भी हमले कर रहा है. इस महीने की शुरुआत में ईरान ने हमास प्रमुख इस्माइल हनीयाह और हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की हत्या के प्रतिशोध में इजराइल में मिसाइलें दागी थीं. इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कसम खाई है कि ईरान इन हमलों की कीमत चुकाएगा।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

# मेरा ऋषभ पंत से कोई कंपीटिशन नहीं है: संजू



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पास सभी प्रारूपों में विकेटकीपिंग के कई विकल्प मौजूद हैं। विकेटकीपिंग विभाग में ऋषभ पंत नंबर एक पसंद हैं, उनके बाद टेस्ट क्रिकेट में ध्रुव जुरेल हैं। वनडे में केएल राहुल और संजू सैमसन का मुकाबला पंत से है। जितेश शर्मा टी20ई में ऋषभ और सैमसन को टक्कर देते नजर आते हैं। इन स्थानों के लिए क्रिकेटरों में जंग जारी है। इसी बीच संजू सैमसन को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20ई श्रृंखला के लिए प्राथमिकता दी गई। उन्होंने इस मौके को लंबे समय बाद भुनाया और हैदराबाद के मैदान पर खेले गए तीसरे और आखिरी मैच में न सिर्फ शतक लगाया बल्कि टीम में अपनी जगह भी पक्की कर ली। उन्होंने स्वीकार किया कि वह दबाव में थे, क्योंकि टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए कई अन्य विकल्प थे।

### हमारा काम अपना सर्वश्रेष्ठ देना

संजू सैमसन ने कहा कि हमारा काम मौके का इंतजार करना और प्लेइंग इलेवन में चुने जाने पर अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। दबाव हमेशा रहता है, लेकिन जब विकेटकीपिंग स्लॉट की बात आती है तो हम उस तरह से नहीं देखते हैं। ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल और जितेश शर्मा मुझे लंबे समय से जानते हैं और मैंने उनके साथ काफी क्रिकेट खेला है। हम खुद को प्रतिस्पर्धी के रूप में नहीं देखते हैं और हम हमेशा एक-दूसरे की सफलता का आनंद लेते हैं। आखिरकार, हम अपने देश के लिए खेल रहे हैं, और जब भी हममें से किसी को टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले तो हमें जीत में योगदान देना चाहिए।

### नई गेंद के गेंदबाजों के खिलाफ जमकर अभ्यास किया

सैमसन ने बीते दिनों हैदराबाद टी20 में 40 गेंदों पर शतक लगाया था। वह ऐसे करने वाली दूसरे सबसे तेज भारतीय बन गए हैं। मैच के बाद सैमसन ने अपनी रणनीति पर बात करते हुए कहा था कि लय पाने के लिए वह राजस्थान रॉयल्स अकादमी गए थे। वहां नई गेंद के गेंदबाजों के खिलाफ जमकर अभ्यास किया। इससे उन्हें मदद मिली। सैमसन ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इस श्रृंखला में किसी भी अन्य श्रृंखला की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक तैयार होकर आया था। सैमसन ने कहा कि अपनी भूमिका को लेकर स्पष्टता से उन्हें अपने खेल को लेकर अधिक जागरूकता हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं अपने खेल को अच्छी तरह से समझता हूं कि मैं एक से लेकर छह नंबर तक किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकता हूं। मेरे पास बड़े शॉट लगाने के लिए जरूरी ताकत है और मेरी टाइमिंग भी अच्छी है। इसलिए यह सब मेरी भूमिका के अनुसार तैयारी करने से जुड़ा हुआ है।



लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2024

# रैना की टीम को 1 रन से हरा पठान ब्रिगेड फाइनल में, आखिरी ओवर में इरफान ने डिफेंड किए 12 रन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2024 के क्वालिफायर-2 में इरफान पठान की अगुआई वाली कोर्णाक सूर्य ओडिशा ने सुरेश रैना की अगुआई वाली टोयम हैदराबाद को 1 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में 16 अक्टूबर को कोर्णाक सूर्य ओडिशा का दिनेश कार्तिक की अगुआई वाली सदर्न सुपर स्टार्स से मुकाबला होगा। क्वालिफायर -2 की बात करें तो टोयम हैदराबाद के कप्तान सुरेश रैना यह मैच नहीं खेले। गुरकीरत सिंह मान ने टीम की कमान संभाली।

कोर्णाक सूर्य ओडिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में टोयम हैदराबाद की टीम 6 विकेट पर 155 रन ही बना पाई। आखिरी ओवर में हैदराबाद को 12 रन चाहिए थे। गुरकीरत सिंह मान और समीउल्लाह शिनवारी क्रीज पर थे। इरफान पठान गेंदबाजी करने आए। पहली 3 गेंदों पर 9 रन बने। चौथी गेंद पर शिनवारी आउट हो गए। इसके बाद स्टुअर्ट बिन्नी क्रीज पर आए। 2 गेंद पर 3 रन चाहिए। बिन्नी ने अगली गेंद पर सिंगल लिया। गुरकीरत आखिरी गेंद पर कोई रन नहीं बना पाए।

**कोर्णाक सूर्य ओडिशा की बल्लेबाजी**

कोर्णाक सूर्य ओडिशा के लिए आयरलैंड के केविन ओ ब्रायन ने अर्धशतक जड़ा। कप्तान इरफान पठान ने नाबाद 49 रन बनाए। इसके अलावा श्रीलंका के दिलशान मुनवीरा ने 18 रन बनाए। यूसुफ पठान ने केवल 4 गेंद पर 12 रन बनाए। विनय कुमार 3 गेंद पर 7 रन बनाकर नाबाद रहे। टोयम हैदराबाद के लिए स्टुअर्ट बिन्नी ने 2, श्रीलंका के नुवान प्रदीप, इसरु उडाना और मोंटी पनेसर ने 1-1 विकेट लिए।


टोयम हैदराबाद की ओर से रिक्की क्लार्क ने 44 गेंद पर 67 रन बनाए। इसके अलावा गुरकीरत मान ने नाबाद 27 रन बनाए। पीटर ट्रिगो ने 15 और समीउल्लाह शिनवारी ने 11 रन बनाए। कोर्णाक सूर्य ओडिशा के लिए दिवेश पठानिया, विनय कुमार, ऑस्ट्रेलिया के बेन लाफलिन, शाहबाज नदीम, केपी अपन्ना और इरफान पठान ने 1-1 विकेट लिए।

# पाकिस्तान टीम से दामाद के बाहर होने पर काफी खुश हैं शाहिद अफरीदी



## सिलेक्टर्स की जमकर की तारीफ

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है. टीम के लगातार खराब प्रदर्शन को देखते हुए सेलेक्टर्स ने सीनियर खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया है. जिसमें पाकिस्तानी टीम के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम के अलावा तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी शामिल हैं. हालांकि, टीम के असिस्टेंट कोच अजहर महमूद का कहना है कि इस खिलाड़ियों को आराम दिया गया है. इस मुद्दे पर पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर्स ने अपनी राय रखी है और बोर्ड और सिलेक्टर्स के इस फैसले की आलोचना की है. लेकिन पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने इस फैसला का समर्थन किया है. शाहिद अफरीदी का मानना है कि सेलेक्टर्स का ये फैसला इन खिलाड़ियों के करियर के लिए काफी सही है. इसके अलावा उनका मानना है कि इस खिलाड़ियों को आराम देने से बेंच स्ट्रेंथ को मजबूत बनाने का मौका मिलेगा. शाहिद अफरीदी ने एक्स पर लिखा, 'बाबर, शाहीन और नसीम को इंटरनेशनल क्रिकेट से छुट्टी देने के सिलेक्टर्स के फैसले को मैं समर्थन करता हूं. यह कदम न केवल इन चैंपियन खिलाड़ियों के करियर की रक्षा और विस्तार करने में मदद करेगा, बल्कि उभरती प्रतिभाओं को परखने और तैयार करने का भी मौका देगा. इससे भविष्य के लिए मजबूत बेंच स्ट्रेंथ बनाने का एक बड़ा अवसर भी होगा.




### मुल्तान टेस्ट में पूरी तरह फ्लॉप रहे शाहीन अफरीदी

शाहीन अफरीदी का हालिया प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है. वह बड़े टूर्नामेंट्स के साथ-साथ घरेलू सीरीज में भी टीम के लिए मैच विनर साबित नहीं हो रहे हैं. इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भी वह कुछ खास नहीं कर सके थे. उन्होंने 26 ओवर में 120 रन देकर सिर्फ 1 विकेट हासिल किया था. इसके अलावा पिछले एक साल में 11 टेस्ट पारियों में वो सिर्फ 17 विकेट ही ले सके हैं.

### दूसरे टेस्ट के लिए इन खिलाड़ियों को मिला मौका

दूसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवन का ऐलान हो गया है. इस मैच में बाबर की जगह कामरान गुलाम को प्लेइंग 11 में शामिल किया गया है. वहीं, गेंदबाजी में शाहीन शाह अफरीदी की जगह नोमान अली को मौका मिला है. इसके अलावा साजिद खान और जाहिद मेहमूद भी इस मैच में खेलते हुए नजर आएंगे.

# रियल मैड्रिड के दिग्गज खिलाड़ी पर रेप का आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल फैंस को उस वक्त तगड़ा झटका लगा जब युवा स्टार स्ट्राइकर कीलियन एम्बाप्पे को लेकर एक अखबार ने बड़ा खुलासा किया। उसने रियल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी पर संगीन आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट छापी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि फ्रांसीसी फुटबॉलर ने एक महिला का रेप किया। यह पूरा मामला उस वक्त का बताया जा रहा है जब एम्बाप्पे ब्रेक पर थे। दूसरी ओर, फुटबॉलर ने पूरी रिपोर्ट को फेक बताते हुए अखबार के खिलाफ एक्शन की तैयारी कर ली है।

दरअसल, स्वीडन के डेली अखबार की रिपोर्ट की मानें तो कीलियन एम्बाप्पे नेशन कप टूर्नामेंट में अपनी टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे थे। उन्होंने ब्रेक लेने का फैसला किया था। इस दौरान वह अपने कुछ दोस्तों के साथ स्वीडन गए। यहां स्टॉकहोम के सिटी सेंटर में उन्होंने रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद एक महिला का रेप किया। इस महिला ने स्टॉकहोम पुलिस के पास फुटबॉलर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। 8 कैच छोड़े, 9 बल्लेबाज अंडर-10 आउट, क्या पाकिस्तान ने भारत को महिला टी20 विश्व कप से बाहर करने के लिए रची साजिश?

### रियल मैड्रिड के फैंस आ गए हैं सकते में

स्वीडन के अफ्टोंब्लाडेट की रिपोर्ट पब्लिक में आते ही सोशल मीडिया पर कोहराम मच गया। कीलियन एम्बाप्पे पर रेप का आरोप लगने से रियल मैड्रिड के फैंस सकते में आ गए। हर कोई इस पर सवाल उठा रहा था कि एम्बाप्पे को सोशल मीडिया पर रिएक्शन देने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने इस संगीन आरोप का सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि यह खबर पूरी तरह से फेक है।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी से इम्पैक्ट प्लेयर नियम हटाया: 2 बाउंसर रूल को बरकरार रखा



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई) ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 से इम्पैक्ट प्लेयर नियम हटा दिया है। इतना ही नहीं, एक ओवर में 2 बाउंसर के नियम को जारी रखा है। बीसीसीआई ने सोमवार को स्टेट यूनिट्स को इसकी जानकारी दी है। ये दोनों नियम आईपीएल और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में लागू थे। 2 बाउंसर का नियम पिछले साल लाया गया था, जबकि इम्पैक्ट प्लेयर नियम की शुरुआत 2023 से हुई थी। हालांकि, इंटरनेशनल क्रिकेट में दोनों ही नियमों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। मुश्ताक अली ट्रॉफी का आगामी सीजन 23 नवंबर से शुरू हो रहा है, जो 15 दिसंबर तक चलेगा।




# भारत विमेंस टी-20 वर्ल्डकप से बाहर, पाकिस्तान हारा

## न्यूज़ीलैंड ने पाक को 56 रन पर ऑलआउट किया, 12वें ओवर में 3 विकेट गिरे

**दुबई, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 54 रन के बड़े अंतर से हराया और ग्रुप ए के पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर रहते हुए टॉप-4 में जगह बनाई। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 54 रन से हराकर विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। टूर्नामेंट के ग्रुप ए के आखिरी लीग मुकाबले पाकिस्तान को मिली इस हार के साथ भारतीय महिला टीम का सफर भी समाप्त हो गया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 110 रन बनाए और पाकिस्तान को जीत के लिए 111 रन का टारगेट दिया। जवाब में पाकिस्तानी टीम 11.4 ओवर में 56 रन पर ऑलआउट हो गई। ईडन कार्सन प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। उन्होंने 3 ओवर में 7 रन देकर 2 विकेट झटके। ओपनर सूजी बेट्स ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए, जबकि ब्रुक हॉलिडे ने 22 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की नसरा संधू ने 3 विकेट झटके।

# भारत का ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर 2034 तक 60 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर का वर्तमान मूल्य 3.1 बिलियन डॉलर है। रेगुलेशन और टैक्सेशन से जुड़ी चुनौतियों के बीच 2034 तक ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर 60 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की क्षमता रखता है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारत के गेमिंग सेक्टर में अमेरिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 2.5 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में से 1.7 बिलियन डॉलर अकेले अमेरिका से आया है। यूनाइटेड स्टेट्स इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष और सीईओ डॉ. मुकेश अघी के अनुसार, यह भारत के तेजी से बढ़ते गेमिंग बाजार में वैश्विक निवेशकों के विश्वास को दिखाता है, जिसके 2034 तक 60 बिलियन डॉलर



तक पहुंचने का अनुमान है। इस एफडीआई का 90 प्रतिशत हिस्सा पे-टू-प्ले सेगमेंट में है, जो कि इस सेक्टर के समग्र मूल्यांकन का 85 प्रतिशत है। हालांकि, रेगुलेशन और टैक्सेशन से जुड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। यूएसआईएसपीएफ और टीएमटी लॉ प्रैक्टिस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपने हाई टैक्स रेट के लिए जाना जाता है। ऑनलाइन गेमिंग के लिए प्लेयर्स को अपनी कुल जमा पर सभी फॉर्मेट के लिए 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी चुकाना होता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि संयुक्त राष्ट्र केंद्रीय उत्पाद वर्गीकरण (यूएन सीपीसी) गेमिंग को ऑनलाइन जुए से अलग परिभाषित करता है। अघी ने कहा, 600 मिलियन से ज्यादा गेमर्स के साथ इस सेक्टर का तेजी से मुद्रीकरण किया जा रहा है। यह निर्यात के लिए अवसर पेश करता है।

हालांकि, भारतीय कंपनियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए, हमें प्रगतिशील टैक्स और रेगुलेटरी नीतियों के साथ समान अवसर की आवश्यकता है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। रिपोर्ट में 12 प्रमुख गेमिंग बाजारों में रेगुलेटरी फ्रेमवर्क और टैक्सेशन पॉलिसी पर नजर डाली गई। इसमें पता चला कि सभी 12 देशों में गेम्स ऑफ चांस को लेकर अलग कानूनी परिभाषा है। इस परिभाषा के साथ स्किल गेमिंग फॉर्मेट को लेकर अंतर स्पष्ट होता है। टीएमटी लॉ प्रैक्टिस के पार्टनर अभिषेक मल्होत्रा ने कहा, वैश्विक बाजारों में अपनाई गई व्यवस्थाओं के समान अधिक सूक्ष्म रेगुलेशन और टैक्सेशन व्यवस्था न केवल स्पष्टता प्रदान करेगी, बल्कि ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में विकास को भी बढ़ावा देगी।